www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, रविवार, 14 जून 2026 कृष्ण पक्ष-चतुर्थदशी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 125 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

स्कूलों में अब गूंजेंगे राष्ट्रगान, राज्यगीत, सरस्वती वंदना और भोजन मंत्र, प्रार्थना से लेकर छुट्टी तक शेड्यूल तय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी स्कूलों में दिन में 3 बार प्रार्थना और मंत्र-पाठ अनिवार्य किए जाने का आदेश जारी किया है। सुबह स्कूल लगने पर सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र समेत 6 प्रार्थनाएं होंगी। दोपहर खाने के समय भोजन मंत्र और स्कूल की छुट्टी के समय गायत्री मंत्र होगा।

प्रदेश के सरकारी और निजी स्कूलों में अब बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

तीन सत्रों में बंटा शेड्यूल

जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, स्कूलों में अब प्रतिदिन तीन अलग-अलग समय पर निर्धारित क्रम में गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रात:कालीन सत्र स्कूल प्रारंभ होने पर सुबह की प्रार्थना सभा में एक तय क्रम के अनुसार ये प्रस्तुतियां अनिवार्य होंगी। विद्यालय प्रारंभ होने पर प्रात:कालीन प्रार्थना सभा में क्रमश: राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, दीपमंत्र, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र तथा महापुरुषों की जीवनी का वाचन कराया जाएगा।

■ सरकारी स्कूलों में 3 बार प्रार्थना और मंत्र-पाठ अनिवार्य

■ पढ़ाई के साथ नैतिक मूल्यों, राष्ट्रीय चेतना से जोड़ा जाएगा

जानें क्या है उद्देश्य?

स्कूल शिक्षा विभाग का मानना है कि इन गतिविधियों के नियमित और प्रभावी संचालन से छात्रों में न केवल राष्ट्रप्रेम और अनुशासन की भावना मजबूत होगी, बल्कि उनके भीतर नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना का भी सही विकास होगा। यह पहल विद्यार्थियों को भारतीय परंपराओं और राष्ट्रीय मूल्यों से परिचित कराने में मील का पत्थर साबित होगी।

16 जून से खुलेंगे स्कूल, एडमिशन फेस्ट की तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल 16 जून से ही खुलेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। सभी सरकारी और निजी स्कूलों में 16 जून 2026 से पढ़ाई शुरू होगी। आदेश के मुताबिक, प्रदेश में 20 अप्रैल से 15 जून 2026 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया था। छुट्टियां खत्म होने के बाद नया शैक्षणिक सत्र 2026-27 का नियमित संचालन 16 जून से शुरू किया जाएगा। इससे पहले गर्मी के कारण स्कूल खुलने में देरी की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन मौसम में बदलाव और बारिश होने से तापमान में गिरावट आई है। स्कूल खुलने के साथ ही एडमिशन फेस्ट होगा। तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया जाएगा। नए बच्चों के एडमिशन के लिए गांवों-शहरों में मुनादी की जाएगी। पात्र विद्यार्थियों को फ्री किताबें, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

स्कूलों में साफ-सफाई का काम शुरू

निर्देशों के अनुसार, स्कूल खुलने से पहले परिसर, कक्षाओं और भवनों की साफ-सफाई और आवश्यक मरम्मत का काम पूरा किया जाएगा। शाला प्रवेश उत्सव के प्रचार-प्रसार के लिए बैनर, पोस्टर, रैली और मुनादी का उपयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्कूल प्रबंधन समितियों और अभिभावकों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

आज बेबाक

जब से टीएमसी का तीन तेरह नौ अठारह हुआ है अन्य परिवारवादी पार्टियों में वन टू का फोर करने वाले नेताओं की टेंशन बढ़ गई है। उन्हें यह डर सता रहा है कि उनके विधायक और सांसद भी कहीं नौ दो ग्यारह न हो जाएं। यही वजह है कि वे अपनी पार्टी के नेताओं से ज्यादा तीन पांच नहीं कर रहे हैं। अखिलेश, तेजस्वी, उद्धव और शरद पवार जैसे नेता एक से भले दो की नीति पर चलने की सोच रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि ये फ्यूज बल्ब एक और एक ग्यारह होते हैं या शून्य बटे सन्नाटा।

बदमाशों ने एएसआई के बेटे को बोलेरो से कुचला, मौत

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा में रास्ता देने को लेकर हुए झगड़े के बाद बोलेरो सवार लड़कों ने एएसआई के बेटे को कुचल दिया। घटना के 6 दिन बाद रायपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के दौरान चंद्रमणि रात्रे की मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। मामला बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र का है। रामनारायण रात्रे यातायात पुलिस में एएसआई है। चंद्रमणि उनका का बेटा था। साथियों ने बताया कि चंद्रमणि को कुचलने के बाद बोलेरो सवार लड़कों ने उनके साथ भी मारपीट और लूट की थी। पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक नाबालिग शामिल है।

नायब तहसीलदार पर रेप केस दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस ने नायब तहसीलदार के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया है। अधिकारी पर शादी का झांसा देकर होटल में शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। अफसर और युवती की पहचान सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। बातचीत के बाद अधिकारी ने शादी का भरोसा देकर संबंध बनाया। आरोपी है कि युवती जब भी शादी बात करती अधिकारी टालमटोल करता है। फिलहाल पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी अफसर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जांच में सामने आया कि नायब तहसीलदार दिवाकर भास्कर वर्तमान में सूरजपुर में पदस्थ है। केस दर्ज होने के बाद आरोपी फरार चल रहा है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई। यह मामला गंज थाना क्षेत्र का है।

गरमा-गरम

प्रेस कांफ्रेंस: पीएम मोदी के नेतृत्व में सशक्त और विकसित भारत की ओर बढ़ रहा देश: विष्णुदेव साय

समृद्ध, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का सपना हो रहा साकार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 साल पूरे होने पर प्रदेश की तीन करोड़ की जनता की ओर से आभार जताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के ध्येय वाक्य के साथ उनके नेतृत्व में समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है। एक ऐसा नया भारत, जो किसी को छेड़ता नहीं है, लेकिन छेड़ने वालों को छोड़ता भी नहीं हैं।

मुख्यमंत्री साय ने रायपुर में मीडिया से चर्चा में कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में काम करने का अवसर मिला। 2014 में देश के केवल 7 राज्यों में बीजेपी, एनडीए थी। अब देश के 22 राज्यों में बीजेपी और एनडीए की सरकार है, जो जनता के विश्वास का परिणाम है। पहले लोगों के पास बैंक के खाते नहीं थे। आज 58 करोड़ से ज्यादा खाते हैं। 32 करोड़ से ज्यादा महिलाओं के नाम पर बैंक खाता है। कोरोना के समय से भारत सरकार मुफ्त में अनाज देने का काम कर रही है। 81 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। उन्होंने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

12 सालों में जनजातीय लोगों का सम्मान हुआ

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त 2014 से पीएम ने जब घोषणा की तो विरोधी लोग उपहास उड़ा रहे थे कि क्या पीएम जैसे लोग शौचालय बनवाते हैं। आज उनके मुंह बंद हो गए। 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय का निर्माण हुआ। पीएम स्वनिधि योजना के जरिए लोगों को लोन मिला है। 12 सालों में जनजातीय लोगों का सम्मान हुआ है। राष्ट्रपति के पद पर जनजातीय समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू विराजमान हैं।

3 करोड़ से ज्यादा माता-बहनें लखपति बनीं

सीएम साय ने कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों को फायदा मिल रहा। उनके राशन कार्ड बन रहे, पीएम आवास योजना का लाभ उन्हें मिलता है। जनजातीय समाज के विकास के लिए धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना का लाभ मिल रहा है। जनजातीय लोगों के विकास के लिए आदिम जाति कल्याण का अलग से विभाग है। पहले खेती करने के लिए पूंजी की व्यवस्था नहीं थी। आज किसान क्रेडिट कार्ड की व्यवस्था है।

पीएम मोदी ने दुनिया में भारत के झंडे को किया ऊंचा: गिरिराज सिंह

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि पीएम मोदी ने विरासत के साथ विकास या विकास के साथ विरासत, दोनों को ही लेने का काम किया 32 देशों ने अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से पीएम मोदी को सम्मानित किया। भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया। वन नेशन, वन टैक्स के जरिए देश के लोगों को लाभ मिला। 16 लाख करोड़ से 53 लाख करोड़ तक बजट लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि मोदी ने दुनिया के सामने भारत की इकॉनोमी को चौथे नंबर पर लाने का काम किया। विदेशी मुद्रा कोष 724 बिलियन तक गए. एफडीआई 304 बिलियन डॉलर से 863 बिलियन डॉलर पर लाने का काम किया। एक्सपोर्ट आज 82 लाख करोड़ का है, लेकिन कुछ लोगों को दिखाई नहीं देता या तो चश्मा बदल लें। ये एक ऐसे पक्षी है, जिसको दिन में दिखाई ही नहीं देता, उसके लिए मैं दोषी नहीं। देश के लोग पीएम मोदी को प्यार करते हैं। कांग्रेस के लोग 'इंदिरा जी को लाएंगे, गरीबी मिटाएंगे कहते थे' गरीबी नहीं मिटी, गरीब जरूर मिट गए। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि युवराज कलावती के घर में गरीबी सीखने गए थे। मीडिया को भी लेकर गए थे। वे भी रातभर जागे। पीएम मोदी गरीब के घर में ही पैदा हुए, जो लोग गाली दे रहे हैं, वे हार का शतक मनाएं। कसाई के श्राप से गाय नहीं मरती। पीएम मोदी ने दुनिया में भारत के झंडे को ऊंचा किया है। पूरे दुनिया में भारत की ताकत बढ़ी है।

पीएम सिंचाई योजना से किसानों को लाभ मिला

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री सोलर ऊर्जा को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लोगों को फायदा मिल रहा है। लोगों के घरों में सोलर लगाया जा रहा है। 12 वर्षों में गरीबों के कल्याण के काम हुए हैं। देश के विकास के लिए वे 24 में से 18 घंटे काम करते हैं। पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत विकास के काम हो रहा है। 12 वर्षों में 4 लाख किलोमीटर सड़कें बनी है। किसानों के विकास के लिए भी सरकार संकल्पबद्ध है। पीएम सिंचाई योजना के तहत किसानों को लाभ मिल रहा है।

हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई सफर करें

सीएम साय ने कहा कि सिंचाई का रकबा बढ़ा है। 1.46 लाख किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग में बढ़ोतरी हुई। दुर्गम क्षेत्रों में भी विकास पहुंचा है। विश्व के सबसे ऊंचा ब्रिज अटल टनल पवन ब्रिज बनाने का काम हुआ। रेलवे स्टेशन के विकास के काम हो रहे हैं। रेलवे का बजट पीएम के नेतृत्व में 21 गुना बढ़ा है। 1 हजार 95 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क बढ़ा है। 12 साल में 90 हवाई अड्डे बने अब 164 हवाई अड्डे है। पीएम चाहते हैं कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई सफर करें जिसके तहत लोगों को भी लाभ मिला है। जगदलपुर अंबिकापुर में भी हवाई यात्रा शुरू हुई है।

24 घंटे में अमेरिका-ईरान समझौता मुमकिन : पाक

■ ईरानी चीफ जस्टिस बोले- हमें अमेरिकियों पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं

तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने दावा किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच अगले 24 घंटे में शांति समझौता हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसके बाद दोनों देश इस समझौते पर ऑनलाइन हस्ताक्षर करेंगे और अगले हफ्ते तकनीकी स्तर की बातचीत होगी। वहीं, ईरान के मुख्य न्यायाधीश गुलाम-हुसैन मोहसनी-एजेई ने कहा है कि ईरान को अमेरिका पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले अनुभवों की वजह से यह भरोसा खत्म हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा संघर्ष में ईरान ने अपने दुश्मनों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है और हमलावरों की ताकत को कमजोर करने में सफलता हासिल की है। 28 फरवरी को तत्कालीन ईरानी सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत के बाद एक अंतरिम नेतृत्व परिषद बनाई गई थी, गुलाम-हुसैन मोहसनी-एजेई इस परिषद में शामिल हैं।

ममता के भतीजे अभिषेक के घर रात 3 बजे पुलिस की रेड

■ चार घंटे तक तलाशी, बाहर सेंट्रल फोर्स के जवान खड़े रहे

कोलकाता/ए.। ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित घर पर कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार देर रात 3 बजे छापा मारा। पुलिस टीम सेंट्रल फोर्स के जवानों के साथ पहुंची।

पुलिस अधिकारी अंदर गए, जवान गेट के बाहर पहरा देते रहे। तलाशी अभियान करीब 4 घंटे तक चला। छापे की सूचना मिलते ही ममता बनर्जी तुरंत अभिषेक के घर आईं, थोड़ी देर रुकीं फिर वापस चली गईं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह छापेमारी अभिषेक के पीए सुमित रॉय का पता लगाने के लिए की गई थी। सुमित के खिलाफ सालबोनी पुलिस स्टेशन में 'वित्तीय धोखाधड़ी' को लेकर केस दर्ज है। तब से पुलिस सुमित की तलाश में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

एयरफोर्स का ट्रांसपोर्ट विमान क्रैश, पायलट समेत 5 की मौत

■ लैंडिंग के दौरान आग लगी, दो हिस्सों में टूटा, असम के जोरहाट एयरबेस पर हादसा

जोरहाट/ए.। असम में जोरहाट के रैरिया इंडियन एयरबेस पर शनिवार सुबह 10 बजे लैंडिंग के दौरान वायुसेना का विमान क्रैश हो गया। इस हादसे में पायलट समेत 5 जवानों की मौत हो गई।

इनमें स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम शामिल हैं। एक को-पायलट घायल हो गया है। हादसा उस समय हुआ, जब विमान एयरबेस पर उतरने की कोशिश कर रहा था। हादसे के बाद उसमें आग लग गई और दो हिस्से में टूट गया। यह एएन-32 मालवाहक विमान था, जिसका इस्तेमाल सैनिकों और सामान की ढुलाई के लिए किया जाता है। हादसे की वजह सामने नहीं आई है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राहुल राजस्थान से करेंगे पेपरलीक के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत

■ 17 जून को कोटा में स्टूडेंट सम्मेलन, इसके बाद देश में दूसरी जगह होंगे

जयपुर/ए.। नीट पेपरलीक मामले के बाद अब कांग्रेस ने इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। इसकी शुरुआत 17 जून से कोटा से की जाएगी। राहुल गांधी 17 जून को कोटा में स्टूडेंट सम्मेलन करेंगे।

इस सम्मेलन में पेपरलीक और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर राहुल गांधी स्टूडेंट्स से बात करेंगे। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। वेणुगोपाल ने कहा- राहुल गांधी देश के छात्रों और युवाओं के लिए लगातार आवाज उठाने में एक विश्वसनीय आवाज बनकर उभरे हैं। कोटा के बाद 10 जुलाई को प्रयागराज, 11 जुलाई को पटना और 14 जुलाई को दिल्ली में स्टूडेंट सम्मेलन होंगे।

कन्या विवाह योजना में दुल्हनों को मिला नकली मंगलसूत्र, जांच में निकला गिलट

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर/नवप्रदेश। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत दुल्हनों को दिए गए मंगलसूत्रों को लेकर विवाद शुरू हो गया है। नवविवाहिताओं और उनके घरवालों ने आरोप लगाया है कि सामूहिक विवाह समारोह में दिए गए मंगलसूत्र कुछ ही दिनों में काले पड़ गए और जांच में यह नकली पाए गए। अब इस मामले में नवविवाहिताओं ने इसके बदले राशि की मांग की है, जिससे वो नया मंगलसूत्र ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ नवविवाहिताओं ने नया खरीदने पैसे मांगे, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश, सियासत भी शुरू

उच्च स्तरीय जांच की जाए, दोषियों पर कार्रवाई हो

महिला एवं बाल विकास विभाग में लगातार भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं। पिछले साल भी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में गड़बड़ी और घोटाले के आरोप लगे थे, जिसकी जांच अभी तक चल रही है। अब एक बार फिर मंगलसूत्र को लेकर विवाद सामने आया है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए।

– **गुलाब कमरो**, पूर्व विधायक, कांग्रेस

रक्षा शक्ति : भारत ने 2 दिन में किए 3 मिसाइल टेस्ट, देश की सुरक्षा प्रणाली को किया मजबूत

देश के दुश्मन का अब हर 'वार' होगा बेअसर

नई दिल्ली/ए.। भारत ने अपनी रक्षा शक्ति में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ लिया है। रक्षा मंत्रालय की जानकारी के अनुसार, भारत ने लगातार तीन सफल फ्लाइट-टेस्ट पूरे किए हैं। यह परीक्षण लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों और मध्यम दूरी की एंटी-शिप मिसाइलों के खिलाफ भारत के बहुस्तरीय रक्षा कवच को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

बीएमडी शील्ड' एक ऐसी सुरक्षा प्रणाली है जो किसी भी देश पर दागी गई दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइल को हवा में ही ट्रैक कर उसे नष्ट कर देती है। भारत की बीएमडी प्रणाली दो परतों में काम करती है- एक वायुमंडल के अंदर और दूसरी वायुमंडल के बाहर ...। इसका अर्थ यह है कि अगर दुश्मन मिसाइल छोड़ता है, तो भारत के इंटरसेप्टर उसे अंतरिक्ष में या फिर हवा में ही ■ शेष पृष्ठ 8 पर

10 और 11 जून को हुई सफल टेस्टिंग

ये महत्वपूर्ण परीक्षण 10 और 11 जून को किए गए। डीआरडीओ के वरिष्ठ अधिकारियों और रक्षा मंत्रालय के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में संपन्न हुए ये टेस्ट पूरी तरह सफल रहे। इस सफलता के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों के विशिष्ट समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास आईसीबीएम (इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल) तक को रोकने की क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस प्रणाली मौजूद है।

भविष्य के खतरों से निपटने में मिलेगी मदद

रक्षा जानकारों का मानना है कि ये स्वदेशी तकनीक से विकसित सिस्टम भविष्य के खतरों, जैसे हाइपरसोनिक हथियारों और एमआईआरवी (मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल) से लैस मिसाइलों को रोकने में भारत की मदद करेंगे। पड़ोसी देशों की बढ़ती मिसाइल गतिविधियों के बीच भारत की यह तैयारी बेहद अहम मानी जा रही है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी बधाई

इस बड़ी उपलब्धि पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'इन परीक्षणों ने भारत को उन देशों के विशिष्ट समूह में खड़ा कर दिया है, जिनके पास आईसीबीएम तक को रोकने की बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस क्षमता है। इस महत्वपूर्ण तकनीक का सफल प्रदर्शन करने पर डीआरडीओ को बहुत-बहुत बधाई।

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ होंगे हिन्दुस्तान के अगले आर्मी चीफ

■ जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह लेंगे, सेठ दो महीने पहले उप सेना प्रमुख बने थे

नई दिल्ली/ए.। लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ देश के अगले आर्मी चीफ (चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) होंगे। केंद्र सरकार ने शनिवार को उनकी नियुक्ति के लिए मंजूरी दी है। सेठ मौजूदा आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह लेंगे।

जनरल द्विवेदी का कार्यकाल 30 जून को खत्म होगा। उसी दिन सेठ भारत के 31वें आर्मी चीफ का पद संभालेंगे। सेठ अभी उप सेना प्रमुख (वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) के पद पर हैं। उन्होंने दो महीने पहले, अप्रैल में यह पद संभाला था। उप सेना प्रमुख भारतीय सेना के दूसरे सबसे बड़े अधिकारी होते हैं। बतौर उप सेना प्रमुख धीरज सेठ आर्मी चीफ के साथ मिलकर सेना के कामकाज, सैन्य तैयारियों और नई तकनीक को शामिल करने जैसे अहम काम देखते हैं। सेना के संचालन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हरदी और कोरकापारा के किसानों ने ग्रीष्मकालीन उड़द उत्पादन में रचा नया कीर्तिमान

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की मिशन फॉर आत्मनिर्भरता इन पल्सेस योजना बेमेतरा जिले में किसानों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल रही है। कृषि विभाग के मार्गदर्शन, उन्नत बीजों की उपलब्धता तथा वैज्ञानिक खेती तकनीकों के कारण जिले में ग्रीष्मकालीन उड़द एवं मूंग की खेती का रकबा लगातार बढ़ रहा है। इसका सकारात्मक परिणाम किसानों की आय, उत्पादन क्षमता तथा मृदा स्वास्थ्य में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। पिछले वर्ष जहां जिले में केवल 285 हेक्टेयर क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन उड़द-मूंग की खेती की गई थी, वहीं वर्ष 2026 में यह क्षेत्र बढ़कर 1191 हेक्टेयर तक पहुंच गया है। इसके अंतर्गत लगभग 1000 हेक्टेयर क्षेत्र में 1280 किसानों द्वारा उड़द फसल के प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं। इन प्रदर्शनों के माध्यम से किसानों ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर बेहतर उत्पादन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं।

हरदी के किसान इंद्रकुमार बने अन्य किसानों के लिए प्रेरणा

विकासखंड नवागढ़ के ग्राम हरदी निवासी कृषक इंद्रकुमार ने मिशन फॉर आत्मनिर्भरता इन पल्सेस के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन उड़द का प्रदर्शन लगाया।

उन्होंने 25 अप्रैल 2026 को छिड़कवा पद्धति से उड़द की बुवाई की। वर्तमान में उनकी फसल उत्कृष्ट स्थिति में है तथा कृषि विभाग द्वारा किए गए आकलन के अनुसार उन्हें 7 से 8 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन प्राप्त होने की संभावना है। इंद्रकुमार बताते हैं कि कृषि विभाग से प्राप्त तकनीकी मार्गदर्शन और उन्नत बीजों के उपयोग से फसल की बढ़वार अत्यंत अच्छी रही। ग्रीष्मकालीन मौसम में भी उड़द की सफल खेती संभव है, यह उन्होंने अपने खेत में साबित कर दिखाया है। उनके खेत का प्रदर्शन आसपास के किसानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन गया है।

आय वृद्धि के साथ मृदा स्वास्थ्य को भी लाभ

ग्रीष्मकालीन उड़द एवं मूंग जैसी दलहन फसलें केवल किसानों की आय बढ़ाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भूमि की उर्वरता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। दलहन फसलें वातावरणीय नाइट्रोजन को स्थिर कर मिट्टी में उपलब्ध कराती हैं, जिससे आगामी फसलों को पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर इन फसलों का उपयोग हरी खाद के रूप में भी किया जा सकता है, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता और बेहतर होती है।

कोरकापारा के शिवशंकर वर्मा ने अपनाई उन्नत खेती तकनीक

इसी प्रकार विकासखंड नवागढ़ के ग्राम कोरकापारा निवासी कृषक शिवशंकर वर्मा ने भी योजना के अंतर्गत उड़द फसल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 09 अप्रैल 2026 को छिड़कवा पद्धति से बुवाई की। वर्तमान में उनकी फसल अच्छी अवस्था में है तथा 5 से 6 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन मिलने की संभावना है। वर्मा का कहना है कि पहले वे ग्रीष्मकालीन दलहन फसलों के प्रति आश्वस्त नहीं थे, लेकिन कृषि विभाग के निरंतर मार्गदर्शन और प्रदर्शन कार्यक्रम से प्रेरित होकर उन्होंने उड़द की खेती शुरू की।

18 जून को बेमेतरा में विशाल रोजगार मेले का आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 18 जून 2026, गुरुवार को शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, बेमेतरा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी संस्थानों द्वारा 1600 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।जिला रोजगार कार्यालय द्वारा आयोजित इस रोजगार मेले का उद्देश्य नियोजकों (निजी संस्थानों) एवं रोजगार की तलाश कर रहे अभ्यर्थियों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है। मेले में चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति निजी क्षेत्र की संस्थाओं में की जाएगी। पदों, कार्यों, वेतनमान तथा अन्य सेवा शर्तों संबंधी विस्तृत जानकारी अभ्यर्थी मेले में उपस्थित संबंधित नियोजक अथवा उनके प्रतिनिधियों से प्राप्त कर सकेंगे।रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अपने साथ रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छत्तीसगढ़ निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा समस्त शैक्षणिक योग्यताओं के मूल प्रमाण पत्र लेकर निर्धारित तिथि को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजन स्थल पर उपस्थित हों।

बेमेतरा में अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन राशि प्रकरण की जांच शुरू

बेमेतरा/नवप्रदेश। अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन राशि दिलाने के नाम पर कथित रूप से रिश्वत मांगने के मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। शिकायत प्राप्त होने के बाद कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आवेदक विनय बंजारे, निवासी ग्राम सिंघनपुरी, जिला बेमेतरा द्वारा 11 जून 2026 को लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी बाबू के विरुद्ध । शिकायत के आधार पर कलेक्टर कार्यालय द्वारा 12 जून 2026 को जांच समिति गठित करने का आदेश जारी किया गया।जांच समिति में वित्त शाखा की प्रभारी अधिकारी दिव्या पोटाई, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अभिषेक जायसवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग चंद्रेश सिसोदिया तथा लीड बैंक अधिकारी सुशील सिंह को शामिल किया गया है।जारी आदेश के अनुसार समिति शिकायत की जांच के साथ-साथ मार्च 2026 से वर्तमान तक जारी संबंधित प्रकरणों एवं पात्रता संबंधी दस्तावेजों की भी जांच करेगी। समिति को एक सप्ताह के भीतर अपना स्पष्ट अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन राशि से जुड़े एक प्रकरण में न्यायालय परिसर में पदस्थ एक कर्मचारी पर राशि स्वीकृत कराने के नाम पर धनराशि मांगने के आरोप लगाए गए हैं। मामले का वीडियो एवं अन्य तथ्य सामने आने के बाद प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश जारी किए हैं। अब सभी की नजरें जांच समिति की रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिसके आधार पर आगे की प्रशासनिक कार्रवाई तय की जाएगी

18 से 20 जून तक जिले में आयोजित होंगे पंजीकरण शिविर

खैरागढ़/नवप्रदेश। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान अंतर्गत जिले में 18 से 20 जून तक तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने शिविरों के सफल संचालन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। खैरागढ शहर स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित शिविर में जनपद पंचायत खैरागढ़ की समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगर पालिका परिषद खैरागढ़ के सभी वार्डों के नागरिकों को लाभ मिलेगा। इस शिविर के लिए एसडीएम टंकेश्वर साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु गुप्ता एवं नगर पालिका सीएमओ पुनीत वर्मा को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। छुईखदान के सामुदायिक भवन में आयोजित शिविर में जनपद पंचायत छुईखदान की समस्त ग्राम पंचायतों, नगर पंचायत छुईखदान एवं नगर पंचायत गण्डई के सभी वार्डों के नागरिकों के लिए पंजीकरण एवं समस्या निराकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर के लिए) गण्डई-छुईखदान एसडीएम अविनाश ठाकुर को नोडल अधिकारी जनपद सीईओ केश्वरी देवांगन, नगर पंचायत सीएमओ कुलदीप झा एवं अविनाश देवांगन को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविरों में केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों का पंजीकरण, आवेदन संबंधी त्रुटियों का सुधार तथा विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा।

कोहकाझोरी बैगा बसाहद में पानी की समस्या से मिली राहत

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के ग्राम गर्रा स्थित बैगा बसाहट कोहकाझोरी में पेयजल समस्या का समाधान होने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से पेयजल की समस्या का सामना कर रहे बसाहट के ग्रामीणों ने पंचगणों के साथ जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को अपनी समस्या से अवगत कराया था। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निर्देश के बाद विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को देखते पेयजल समस्या के निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कोहकाझोरी बैगा बसाहट में नवीन नलकूप का खनन कर हैंडपंप स्थापित किया गया। हैंडपंप स्थापना के बाद क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई है। जिससे ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हो सका है। नए हैंडपंप के शुरू होने से अब ग्रामीणों को पानी के लिए दूरस्थ स्त्रोतों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को राहत मिली है, जिन्हें पहले पेयजल की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त समय और श्रम लगाना पड़ता था। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्थापित हैंडपंप से वर्तमान में कोहकाझोरी बैगा बसाहट के सभी परिवारों को नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

अपराध: 14 लाख का माल जब्त, ओडिशा से महाराष्ट्र कर रहे थे तस्करी

कार में गांजे की तस्करी, पुलिस ने महिला समेत तीन को दबोचा

धमतरी/नवप्रदेश। जिला पुलिस कप्तान सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिहावा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने सांकरा फॉरेस्ट नाका के पास घेराबंदी कर उड़ीसा से महाराष्ट्र गांजा ले जा रही एक अमेज कार को पकड़ा है। शातिर तस्करों ने पुलिस से बचने के लिए कार में महिला और बच्चों को बैठा रखा था ताकि किसी को शक न हो और वे एक आम परिवार की तरह दिखें। तलाशी के दौरान कार की डिक्की से 18.6 किलो गांजा बरामद किया गया है। जब्त गांजे, कार और मोबाइल की कुल कीमत 14 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस को सटीक मुखबिर से सूचना मिली थी कि उड़ीसा के बोलनगिर, भवानीपटना से एक सफेद रंग की अमेज कार (MH-27-DT-0319) में गांजा भरकर महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है। थाना सिहावा पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में ग्राम सांकरा फॉरेस्ट नाका पर मुस्तैदी बढ़ाई। कुछ देर बाद संदिग्ध कार को रोककर जब जांच की गई, तो उसमें 2 पुरुष, 1 महिला और 2 बच्चे सवार थे। तलाशी लेने पर डिक्की में भूरे रंग के सेलो टेप से पैक 18 पैकेट मिले, जिनमें कुल 18 किलो 626 ग्राम गांजा भरा हुआ था। वैध दस्तावेज न होने पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

अस्पताल से हथकड़ी ढीली कर भागा आरोपी, दोबारा गिरफ्तार: कार्रवाई के बाद जब पुलिस आरोपियों को मेडिकल टेस्ट के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी लेकर गई, तो वहां एक आरोपी पलाश गजभिए चकमा देकर फरार हो गया। उसने चालाकी से अपनी हथकड़ी ढीली कर ली और अस्पताल परिसर से दौड़ लगा दी। आरोपी के भागते ही धमतरी पुलिस ने पूरे जिले में हाई अलर्ट जारी कर दिया। दिनभर चली सघन नाकेबंदी और पुलिस टीमों की कड़ी मशक्कत के बाद कल शाम आरोपी को दोबारा दबोच लिया गया।

पकड़े गए आरोपी नागपुर, महाराष्ट्र के निवासी

प्रवीण रविन्द्र दुबे (34 वर्ष), निवासी- मानकापुर, नागपुर, सोनू प्रवीण खैरकार (29 वर्ष), निवासी- कलमेश्वर, नागपुर, पलाश गजभिए (32 वर्ष), निवासी- रामटेक, हाल मुकाम कोराडी, नागपुर।

तस्करों का गढ़ ढहाने में जुटी धमतरी पुलिस

- धमतरी पुलिस ने पिछले 6 हफ्तों में अंतर्राज्यीय तस्करों की कमर तोड़ दी है। सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार चेकिंग के कारण पिछले कुछ दिनों में कई बड़ी गिरफ्तारियां हुई हैं।
- 7 जून 2026: थाना अर्जुनी पुलिस ने पिछले 4 साल की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 2.60 करोड़ रुपये मूल्य का 490 किलो गांजा, स्विफ्ट कार और पिकअप वाहन जब्त किया था।
- 7 जून 2026: थाना मेचका पुलिस ने उड़ीसा से गुजरात जा रहे तस्करों से 44.48 किलो गांजा जब्त किया।
- सांकरा चेक पोस्ट और अन्य इलाकों से अलग-अलग कार्रवाइयों में क्रमशः 127 किलो, 54.9 किलो, 37.8 किलो और कपड़े बेचने की आड़ में ले जाया जा रहा 131 किलो गांजा भी जब्त किया जा चुका है।

> अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क के अंतिम छोर तक पहुंचने के लिए जांच जारी है और यह अभियान आगे भी सख्ती से चलेगा।
>
> – **सूरज सिंह परिहार**, एसपी, धमतरी

धमतरी में जागरुकता रैली से दिया सेहत व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

धमतरी/नवप्रदेश। विश्व साइकिल दिवस के मौके पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला मुख्यालय में एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। 'फिट इंडिया' अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस रैली का शुभारंभ रुद्री से हुआ। लक्ष्मी निवास मार्ग से होते हुए यह रैली इंडोर स्टेडियम आमा तालाब) पहुंचकर संपन्न हुई।

रैली को जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता यादव, रुद्री सरपंच श्री लक्ष्मी भैया और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री पीयूष तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि साइकिल सिर्फपरिवहन का साधन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली, ऊर्जा संरक्षण और प्रदूषण मुक्त पर्यावरण का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने आम नागरिकों से दैनिक जीवन में साइकिल का उपयोग बढ़ाने की अपील की।

200 से अधिक प्रतिभागियों ने पैडल मारकर दिया फिटनेस का संदेश–रैली में स्थानीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं, विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों, शासकीय कर्मचारियों और आम नागरिकों सहित लगभग 200 प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। पूरे मार्ग में अनुशासन के साथ साइकिल चलाते हुए प्रतिभागियों ने लोगों को फिटनेस, पर्यावरण बचाने और कार्बन उत्सर्जन कम करने के प्रति जागरूक किया।

शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है साइकिलिंग– खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नियमित साइकिल चलाने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है।

इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति–इस आयोजन को सफल बनाने में व्यायाम शिक्षक श्री खिलेंद्र कुमार साहू, श्री ओंकार पटेल, श्री अनिरुद्ध निर्मलकर, श्री विकास सिंह ठाकुर, श्री भूपेंद्र मानिकपुरी, श्री घनश्याम ध्रुव, श्री गुलशन साहू, श्री गिरीश गजपाल, श्री संदीप सिन्हा आदि।

पीएम स्वनिधि योजना से स्ट्रीट वेंडर्स के जीवन स्तर में आ रहा सुधार

पंडरिया/ नवप्रदेश। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लोक कल्याण मेला अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद पंडरिया में 10 जून 2026 को पीएम स्वनिधि योजना लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। यह अभियान 1 जून से 30 जून 2026 तक संचालित किया जा रहा है।आयोजित मेले में नगर के कुल 22 पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) ने भाग लिया। इस दौरान प्रथम ऋण 15000 / के लिए 9 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुआ, जबकि दो हितग्राहियों को ऋण वितरण किया गया।

साथ ही बैंक प्रतिनिधियों द्वारा हितग्राहियों को डिजिटल लेन-देन की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए उन्हें ऑनलाइन भुगतान और डिजिटल बैंकिंग के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका परिषद पंडरिया के अधिकारियों ने पथ विक्रेताओं का मार्गदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह योजना छोटे व्यापारियों और रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

योजना के माध्यम से आसान ऋण सुविधा मिलने से स्ट्रीट वेंडर्स के व्यवसाय को बढ़ावा मिल रहा है तथा उनके जीवन स्तर में लगातार सुधार हो रहा है।नगर पालिका प्रशासन ने अधिक से अधिक पात्र पथ विक्रेताओं से योजना का लाभ लेने की अपील की है।

फर्जी शिकायत पर झोपड़ीनुमा मकान तोड़े जाने का आरोप, कार्रवाई की मांग

- **वनमंडलाधिकारी से कार्रवाई की मांग**

कवर्धा / नवप्रदेश। ग्राम खारा विकासखंड बोडला निवासी सुन्दरलाल झारिया ने वनमंडलाधिकारी कवर्धा को आवेदन सौंपकर फर्जी शिकायत के आधार पर उनके झोपड़ीनुमा मकान को तोड़े जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा निवास भूमि का पट्टा प्रदान करने की मांग की है।

आवेदन में सुन्दरलाल झारिया ने बताया कि वह पिछले लगभग 35 वर्षों से ग्राम खारा में अपने परिवार सहित निवास कर रहे हैं। उनका आरोप है कि शासकीय वनभूमि पर बने उनके झोपड़ीनुमा मकान को वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा एक कथित शिकायत के आधार पर तोड़ दिया गया। शिकायत में पंचों के नाम दर्ज किए गए हैं, लेकिन पंचनामा में एक ही व्यक्ति के हस्ताक्षर होने का दावा करते हुए उन्होंने पूरे प्रकरण को फर्जी बताया है।

उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर उनका मकान था, वहां अन्य निर्माण भी मौजूद हैं, लेकिन केवल उनके मकान को ही क्षतिग्रस्त किया गया। इससे उनके साथ व्यक्तिगत रंजिश के चलते कार्रवाई किए जाने की आशंका व्यक्त की गई है।

सुन्दरलाल झारिया के अनुसार मकान टूटने के बाद उनका परिवार भीषण गर्मी में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया है। उन्होंने बताया कि मकान के पीछे फेसिंग तार लगाकर घेरा बना दिया गया है, जबकि वे अभी भी शेष बचे स्थान पर निवास कर रहे हैं।

आवेदक ने यह भी उल्लेख किया है कि उन्होंने जन चौपाल सहित विभिन्न माध्यमों से अपने निवास स्थल के पट्टे के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसकी जांच के बाद पट्टा दिया जाना था, लेकिन अब तक उन्हें इसका लाभ नहीं मिल सका है।

उन्होंने वनमंडलाधिकारी से पूरे मामले की जांच कर फर्जी शिकायत करने वालों एवं मकान तोड़ने के लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा उनके निवास स्थल का पट्टा प्रदान करने की मांग की है।

समीक्षा बैठक: सीएमएचओ ने बीएमओ, बीपीएम व सेक्टर मेडिकल अधिकारियों दिए निर्देश

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी पर विशेष जोर

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर की अध्यक्षता में सीएमएचओ कार्यालय सभाकक्ष में जिले के समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों , ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजरों एवं सेक्टर मेडिकल ऑफिसर्स की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, वित्तीय प्रबंधन तथा ऑनलाइन मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में सीएमएचओ डॉ. रोहलेडर ने सभी अधिकारियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की गाइडलाइन के अनुरूप वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी व्ययों की बुकिंग नियमानुसार की जाए तथा लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र (ष्ट) एवं व्यय प्रमाण पत्र (ष्ट) समय पर प्रस्तुत किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

ऑनलाइन मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली को अद्यतन रखने पर जोर देते हुए उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का डाटा SPARROW पोर्टल पर शत-प्रतिशत अपडेट करने तथा HRP Management में रिक्त पदों, पदस्थापना, स्थानांतरण एवं ज्वाइनिंग संबंधी जानकारी तीन दिवस के भीतर दर्ज करने के निर्देश दिए। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान डॉ. रोहलेडर ने गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान एवं नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि जननी पोर्टल पर प्रत्येक गर्भवती महिला का पंजीयन, चार अनिवार्य एएनसी जांच तथा प्रसव संबंधी जानकारी रियल टाइम में दर्ज की जाए। साथ ही संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और शून्य होम डिलीवरी के लक्ष्य की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी बच्चों का -ङ्खद्बह पोर्टल पर पंजीयन कर टीकाकरण की जानकारी उसी दिन दर्ज की जाए। शून्य डोज एवं ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर विशेष सत्र आयोजित करते हुए उन्हें टीकाकरण से आच्छादित करने के निर्देश दिए गए।

मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए प्रत्येक मृत्यु प्रकरण की समयबद्ध समीक्षा, कारणों का विश्लेषण तथा गैप एनालिसिस रिपोर्ट तैयार करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही SNCU, NBSU एवं HD इकाइयों की प्रभावी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

बेमेतरा/नवप्रदेश। वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बंद ऋतु के दौरान मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लागू किया गया है। जारी निर्देशानुसार जिले में 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।मत्स्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह प्रतिबंध मछलियों की वंश वृद्धि एवं प्राकृतिक संरक्षण के उद्देश्य से लगाया गया है। प्रतिबंध अवधि के दौरान उन सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में मत्स्याखेट नहीं किया जा सकेगा, जिनका संबंध नदी-नालों से नहीं है। साथ ही जलाशयों में संचालित केज कल्चर को इस प्रतिबंध से छूट प्रदान की गई है।

ढाई वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं के व्यापक विस्तार से व्यवस्था हुई सुदृढ़ : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

एनएचएम कर्मियों को मुख्यमंत्री की बड़ी सौगात, हड़ताल अवधि का मिलेगा वेतन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को राजधानी रायपुर स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी संघ के प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन में शामिल होकर एनएचएम कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने एनएचएम कर्मियों की 33 दिनों की हड़ताल अवधि का वेतन देने की घोषणा की, जिसका कर्मचारियों ने जोरदार स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने एनएचएम कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाओं की ÷रीढ़ की हड्डी÷ बताते हुए कहा कि प्रदेश के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ छत्तीसगढ़ के निर्माण में एनएचएम कर्मियों का योगदान अतुलनीय है और राज्य सरकार उनके समर्पण तथा सेवाभाव का सम्मान करती है।

मुख्यमंत्री ने कोरोना महामारी के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका को याद करते हुए कहा कि जब पूरी दुनिया संकट से जूझ रही थी, तब एनएचएम के अधिकारी और कर्मचारी अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा में जुटे रहे। उन्होंने कहा कि आज भी प्रदेश के अनेक दुर्गम इलाकों में स्वास्थ्य कर्मी पैदल चलकर और नदी-नाले पार कर ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने बस्तर क्षेत्र में संचालित ÷मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान÷ का उल्लेख करते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव-गांव पहुंचकर लोगों की स्वास्थ्य जांच कर रही है तथा अब तक लगभग 90 प्रतिशत आबादी की स्क्रीनिंग पूरी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन तथा सुरक्षा बलों के प्रयासों से बस्तर में विकास की नई संभावनाएं खुली हैं, जिनमें स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार प्रमुख है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती तथा स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार से स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ हुई हैं। उन्होंने कर्मचारियों से सेवा और समर्पण की भावना के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि जशपुर से लेकर सुकमा तक प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने में एनएचएम कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि एनएचएम कर्मियों की कई मांगें पूरी की जा चुकी हैं तथा स्थानांतरण नीति भी जारी कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने घोषणा की कि अब एनएचएम कर्मचारी भी कैशलेस उपचार योजना के दायरे में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के लिए जीवन बीमा सुविधा लागू की गई है, जिसके तहत सामान्य मृत्यु पर 6 लाख रुपये, दुर्घटना में मृत्यु होने पर 1 करोड़ 40 लाख रुपये तथा स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में 1 करोड़ 40 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में लगातार कमी दर्ज की गई है तथा नर्सों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए 116 नए विशेषीकृत स्वास्थ्य केंद्रों हेतु स्थानों का चयन किया जा चुका है। मुख्यमंत्री द्वारा हड़ताल अवधि का वेतन देने की घोषणा के बाद एनएचएम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने गजमाला पहनाकर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा, मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. धीरेंद्र तिवारी तथा एनएचएम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इतिहास में पहली बार रेल मानचित्र पर उभरेगा सीएम का गृह क्षेत्र जशपुर

■ धरमजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा नई रेल लाइन परियोजना को केंद्र सरकार की अधिसूचना, विकास के नए युग में प्रवेश करेगा क्षेत्र

रायपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले के विकास इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई है। भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा धरमजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा नई रेल लाइन परियोजना को विशेष रेल परियोजना के रूप में अधिसूचित किए जाने के साथ ही जशपुर को पहली बार रेल नेटवर्क से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह केवल एक रेल परियोजना नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास की नई आधारशिला है।

लगभग 291.881 किलोमीटर लंबी यह महत्वाकांक्षी रेल लाइन रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ से प्रारंभ होकर जशपुर जिले के पत्थलगांव होते हुए झारखंड के लोहरदगा तक पहुंचेगी। परियोजना के क्रियान्वयन से जशपुर जिला सीधे राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ जाएगा और क्षेत्र के विकास को अभूतपूर्व गति मिलेगी।

विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा वनांचल क्षेत्र

प्राकृतिक संसाधनों और संभावनाओं से समृद्ध जशपुर जिला अब तक रेल संपर्क से वंचित था। परिवहन के लिए मुख्यतः सड़क मार्ग पर निर्भरता के कारण आम नागरिकों, विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों और रोजगार की तलाश में बाहर जाने वाले युवाओं को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नई रेल लाइन के निर्माण से जिले की कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक बदलाव आएगा और लोगों को सुरक्षित, सुलभ तथा किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

किसानों और उद्यमियों के लिए खुलेगी नई संभावनाएं

रेल संपर्क स्थापित होने से जशपुर के कृषि एवं उद्यानिकी उत्पादों को देश के बड़े बाजारों तक पहुंचाना आसान होगा। जैविक खेती, सुगंधित धान, मक्का, दलहन, सब्जियां और बागवानी उत्पादों के लिए पहचान रखने वाले इस क्षेत्र के किसानों को बेहतर बाजार और बेहतर मूल्य मिलने की संभावना बढ़ेगी। परिवहन लागत कम होने से स्थानीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी बढ़ेगी।

क्षेत्रवासियों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि

परियोजना की अधिसूचना जारी होने के बाद जशपुर सहित पूरे क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल है। लोगों का मानना है कि यह रेल लाइन केवल यातायात सुविधा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए विकास, समृद्धि और नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगी। दशकों की प्रतीक्षा के बाद जशपुर का रेल मानचित्र पर स्थान सुनिश्चित होना जिले के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक माना जा रहा है।

शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक बढ़ेगी पहुंच

नई रेल लाइन विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों तक पहुंच को सुगम बनाएगी। वहीं गंभीर मरीजों को बड़े शहरों के अस्पतालों तक शीघ्र पहुंचाने में भी सहायता मिलेगी। इससे शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के साथ उनकी उपलब्धता और पहुंच में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा।

रोजगार और निवेश का नया केंद्र बनेगा क्षेत्र

रेल परियोजना के निर्माण और संचालन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हजारों रोजगार अवसर सृजित होंगे। बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होने से क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। औद्योगिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

गंदगी फैलाने वालों पर निगम की कार्रवाई, 10 दुकानदारों पर जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम के जोन-5 स्वास्थ्य विभाग ने गंदगी फैलाने की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न दुकानों एवं ठेला संचालकों पर कुल 8,800 रुपये का ई-जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही एवं जोन-5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गदर्शन में की गई।

जोन-5 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जी.ई. रोड स्थित स्वामी विवेकानंद आश्रम चौक के समीप मुख्य बाजार क्षेत्र में दुकानों की स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनशिकायत सही पाए जाने पर इंडियन बिरयानी और फ़िरोज बिरयानी के संचालकों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए 500-500 रुपये का ई-जुर्माना लगाया गया।

इसी प्रकार लाखेनगर चौक के पास स्थित चिराग प्लास्टिक दुकान में गंदगी पाए जाने पर संचालक पर 5,000 रुपये का ई-जुर्माना लगाया गया। वहीं क्षेत्र में गंदगी फैलाने वाले सात ठेला संचालकों से कुल 2,800 रुपये का ई-जुर्माना वसूला गया तथा उन्हें स्वच्छता बनाए रखने की सख्त हिदायत दी गई।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार जनशिकायतों की जांच के दौरान गंदगी फैलाने के आरोप सही पाए गए, जिसके बाद संबंधित संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 10 दुकानदारों एवं ठेला संचालकों पर 8,800 रुपये का ई-जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के समय जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू, प्रेम मानिकपुरी एवं दिलीप भारती सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो से नकदी और सामान चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना टिकरापारा क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क किनारे खड़ी स्कॉर्पियो वाहन से नगदी एवं अन्य सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी और विधि के साथ संघर्षरत एक बालक को गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 514/26 के तहत धारा 305 एवं 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी मोहित पुसाम (24 वर्ष), पिता अरविंद पुसाम, निवासी परसवाड़ा, जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश) और विधि के साथ संघर्षरत एक बालक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी प्रखर त्रिवेदी निवासी लोटस टॉवर, भाठागांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 7-8 जून 2026 की दरम्यानी रात वह अपनी बहन और साथियों के साथ शादी की खरीदारी कर स्कॉर्पियो वाहन से घर लौट रहा था। इसी दौरान जलगृह मार्ग स्थित दुर्गा चौक, मठपारा के पास उसकी स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकरा गई,

जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और उसकी बहन घायल हो गई। घायल बहन को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान प्रार्थी ने वाहन को सड़क किनारे लॉक कर खड़ा कर दिया था।

बाद में अस्पताल से लौटने पर वाहन का लॉक टूटा मिला और उसमें रखे शादी की खरीदारी के सामान, एक सोने की चेन, 19 जोड़ी नए कपड़े, दो जोड़ी जूते, वाहन का साउंड सिस्टम, पर्स में रखे 40 हजार रुपये नकद तथा आरसी कार्ड चोरी मिले। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला तथा पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) संदीप पटेल के निर्देशन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की।

विकास: विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे ने किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

रायपुर पश्चिम में विकास कार्यों की सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक राजेश मूणत और रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम जोन-7 अंतर्गत स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक-38 में लगभग 42 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। साथ ही समता कॉलोनी स्थित मीरा दातार के सामने 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित आदर्श आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सौगात दी।

कार्यक्रम में नगर निगम लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन-7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, पार्षद आनंद अग्रवाल, पार्षद मीना ठाकुर, गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी एवं रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्याम बैस सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, महिलाएं एवं नागरिक उपस्थित रहे।

भूमिपूजन किए गए कार्यों में अग्रसेन चौक से अंडरब्रिज तक 18.04 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण, अर्जुन नगर एवं समता कॉलोनी के आंतरिक मार्गों में 13.62 लाख रुपये की लागत से आरसीसी नाली एवं पुलिया निर्माण तथा समता कॉलोनी स्थित गायत्री मंदिर के समीप सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शामिल हैं।

इस अवसर पर गायत्री परिवार की ओर से विधायक राजेश मूणत एवं महापौर मीनल चौबे का पुष्पगुच्छ, श्रीफल एवं गमछा भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अंगदान करने वाले एक परिवार को भी सम्मानित किया गया तथा पवित्र गायत्री महामंत्र का सामूहिक पाठ किया गया। विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि गायत्री मंदिर आने पर मन को शांति का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार द्वारा समाज कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य पूरे विश्व में वंदनीय हैं। समाज कल्याण से ही शहर, प्रदेश और देश के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। दोनों जनप्रतिनिधियों ने वेदमाता गायत्री के दर्शन कर रायपुर शहर की समृद्धि, खुशहाली और सर्वांगीण विकास की कामना की।

3 साल बाद बना खास संयोग, अधिक मास सोमवती अमावस्या का महत्व

पंडित संदीप ज्योतिषी

हिंदू पंचांग में अमावस्या तिथि का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है जब अमावस्या सोमवार के दिन पड़ती है तो उसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है जिसे बेहद शुभ और पुण्य माना जाता है 15 जून 2026 में पढ़ने वाली यह सोमवती अमावस्या अधिवास के दौरान आ रही है जिससे इसका महत्व है कई गुना बढ़ जाता है मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विधि विधान से पूजा करने पर वैवाहिक सुख सौभाग्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है अधिक मास में आने वाली इस अमावस्या पर पवित्र नदियों में स्नान जब तक और धार्मिक कार्य करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है तथा जीवन में सुख शांति और सकारात्मक वातावरण का संचार होता है धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पंडित संदीप ज्योतिषी ने बताया कि सोमवती अमावस्या पर पीपल वृक्ष की पूजा करना और की परिक्रमा करना भी बेहद फलदाई माना जाता है कहा जाता है कि इससे जीवन में वैवाहिक जीवन में खुशहाली बनी रहती है और व्यक्ति के संचित पापों का छह होता है और उसे शुभ फलों की प्राप्ति होती है इस दिन विशेष रूप से विवाहित महिलाएं अपने पति के सुख स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना से व्रत रखती हैं और भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत्त पूजा अर्चना करती है जिससे परिवार में सुख शांति और उन्नति का मार्ग प्रशसत होता है

सोमवती अमावस्या के दिन क्या करें

ब्रह्म मुहूर्त में सुबह उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें भगवान शिव और माता पार्वती की विधि विधान से पूजा करें तथा शिवलिंग पर जल दूध बेलपत्र दूर्वा फल फूल निवेद अर्पित करें पितरों की शांति के लिए तर्पण श्रद्ध पिंडदान करें अपनी समर्थ के अनुसार गरीबों और जरूरतमंदों को अन्य वस्त्र या धन का दान करें पीपल के वृक्ष की पूजा कर उसकी परिक्रमा करें और सुख समृद्धि की कामना करें इस दिन लहसुन प्याज और तामसिक भोजन का सेवन करने से बच्चे किसी का अपमान ना करें ना ही कटु वचन बोले क्रोध विवाद और नकारात्मक व्यवहार से दूर रहे हैं दिन भर सकारात्मक विचार रखें और धार्मिक कार्यों में अपना समय व्यतीत करें।

ओम नमः शिवाय का जब करें इस दिन बाल धोने कटवाने और नाखून काटने से बचना चाहिए क्योंकि इससे नकारात्मक ऊर्जा का हमारे घर में प्रवेश होता है जो कि अच्छा नहीं है पीपल या तुलसी के पेड़ की पतो को भी इस दिन नहीं तोड़ना चाहिए घर में या बाहर इसी से बाद विवाद ना करें और बड़ों का अपमान ना करें। सोमवती अमावस्या पर दीपदान करना भी बहुत शुभ माना गया है मंदिर नदी के किनारे या पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जलाने से अंधकार को दूर कर जीवन में प्रकाश की ऊर्जा का संचार होता हैं और पितरों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का माध्यम माना जाता है।

सोमवती अमावस्या तिथि

अधिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 14 जून रोहिणी नक्षत्र रविवार दोपहर 1125 से प्रारंभ होकर 15 जून सोमवार प्रातः है 8 : 24 तक रहेगी ऐसे में उदया तिथि के आधार पर 15 जून 2026 को सोमवती अमावस्या का व्रत रखा जाएगा और स्नान दान किया जाएगा

आ रहा मौसम का महादानव अल-नीनो

ऑस्ट्रेलिया के ब्यूरो ऑफमीटियोरॉलॉजी की हालिया रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है. प्रशांत महासागर में समुद्री सतह का तापमान अल-नीनो की सीमा पार कर चुका है. नीनो 3.4 इंडेक्स जून 2026 की शुरुआत में +0.81एष्ट तक पहुंच गया है, जो अल-नीनो की आधिकारिक सीमा +0.80एष्ट से ज्यादा है. इस खबर से भारत के किसान, सरकार और आम लोग चिंतित हैं क्योंकि अल-नीनो अक्सर भारत में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून को कमजोर करता है।

अच्छी खबर यह है कि भारतीय महासागर में पॉजिटिव भारतीय महासागर द्विध्रुव विकसित होने की संभावना है, खासकर अगस्त-सितंबर में। यह अल-नीनो के निगेटिव असर को कुछ हद तक कम कर सकता है। भारत में अच्छी बारिश की संभावना बढ़ा सकता है।

अल-नीनो क्या है और यह भारत के मॉनसून को कैसे प्रभावित करता है?

अल-नीनो एक प्राकृतिक जलवायु घटना है जो प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी हिस्से में समुद्री सतह के तापमान के असामान्य रूप से बढ़ने से जुड़ी होती है. सामान्य रूप से, प्रशांत महासागर में पूर्वी हिस्से (दक्षिण अमेरिका के पास) ठंडा रहता है क्योंकि वहां ठंडे पानी का ऊपर आना होता है। लेकिन जब अल-नीनो आता है तो हवाओं में बदलाव से गर्म पानी पूर्व की ओर फैल जाता है. इससे पूरे क्षेत्र का तापमान बढ़ जाता है। भारत के लिए अल-नीनो का मतलब अक्सर कम बारिश होता है. कारण यह है कि अल-नीनो ऊपर की हवाओं को प्रभावित करता है. सामान्य मॉनसून में, गर्म और नम हवा भारत की ओर आती है. लेकिन अल-नीनो के दौरान इंडोनेशिया और भारत के ऊपर वायुमंडल में सब्सिडेंस बढ़ जाता है, जो बादलों के बनने और बारिश को रोकता है. नतीजा- सूखा, अनियमित बारिश, फसलें प्रभावित और पानी की कमी। रिपोर्ट के मुताबिक नीनो 3.4 इंडेक्स +0.81°C पहुंच चुका है. सभी मॉडल बताते हैं कि आने वाले महीनों में प्रशांत महासागर और गर्म होता रहेगा.

भारतीय महासागर द्विध्रुव क्या है?

भारतीय महासागर द्विध्रुव या IOD हिंद महासागर की एक महत्वपूर्ण जलवायु घटना है. इसे कभी-कभी 'भारतीय अल-नीनो' भी कहा जाता है। यह हिंद महासागर के पश्चिमी हिस्से यानी अफ्रीका के पास सोमालिया तट पर और पूर्वी हिस्से यानी इंडोनेशिया के पास समुद्री सतह के तापमान में अंतर पर आधारित है।

भारतीय मौसम विभाग ने भी 2026 के मॉनसून के लिए औसत से कम बारिश की भविष्यवाणी की है. लेकिन मौसम विज्ञान में एक घटना अकेली नहीं चलती. यहां पॉजिटिव IOD की उम्मीद भारत के लिए राहत की किरण बन सकती है। IOD की गणना IOD इंडेक्स से की जाती है, जो पश्चिमी-पूर्वी हिस्सों के तापमान के अंतर पर आधारित है। जून 2026 में इंडेक्स -0.34°C था, यानी न्यूट्रल की ओर. लेकिन रिपोर्ट और अन्य मॉडल अगस्त-सितंबर में पॉजिटिव IOD विकसित होने की संभावना जता रहे हैं।

पॉजिटिव IOD कैसे बनता है? सामान्य हवाएं पूर्व से पश्चिम की ओर चलती हैं. पॉजिटिव IOD में ये हवाएं कमजोर पड़ जाती हैं या दिशा बदल जाती है. इससे पश्चिमी हिस्से में गर्म पानी जमा हो जाता है।

व्यंग्य रचना : मिलावट का जहर, शरीर पर कहर

डॉ. किशोर अग्रवाल

गली से गुजरते हुए बनवारी ने रामजीलाल जी से कहा

"अरे तुमने सुना, चोखेलाल बावला हो गया है।"

"बावला तो होना ही था बेचारे का जवान लड़का जो मर गया।"

"हाँ पर इसके लिये कोई अपनी मास्टरी छोड़ कर यूँ गली गली पगलाता घूमता है क्या? मौत मिट्टी किसके यहाँ नहीं होती?"

"वह कहता है उसके लड़के को मिलावटी खाने ने मारा है।"

"अरे! यही सब तो हम भी खाते हैं, हम तो नहीं मर रहे।"

"चोखेलाल यही तो कहता है कि तुमको दिखता नहीं तुम तिल तिल मर रहे हो, रोज मर रहे हो।"

"अरे यार सरकार ने वस्तुओं की ISI मार्का की तरह खाने पीने की हर चीज पर तो स्नस्द्ध की भी मुहर लगवा रक्खी है उसकी सर्टीफाइड चीजें ही तो खाते पीते हैं।"

"पर मीठालाल जी एक बात तो है कि खाने पीने की चीजों में वो स्वाद तो अब नहीं रहा , न अनाज में ,न दालों में ,न तेल में, न घी में।"

"स्वाद कहाँ से आयेगा लाला , पकाने वाले कहाँ रहे वैसे, न वो खाने वाले रह गये। पीजा, बर्गर, मोमोज और अनाप-सनाप बासी- बुसी खाने वालों को असली स्वाद का क्या पता ? लड़के तो देशी घी की सुगंध तक तो बरदाश्त नहीं कर पा रहे असल खाने से तो उन्हें उल्टी ही जाती है।"

"एक तो जादुई तेल पाम तेल निकला है, डॉक्टर कहते हैं सभी बिमारियों की यह जड़ है।" "जड़ क्या यही पेड़ है पूरा का पूरा । क्या खाने का, क्या लगाने का, सारे तेलों में इसी की मिलावट है।" "अरे कुँजीलाल तुम कहो तो , उस दिन तुम्हारे यहाँ जो सारा घर बिमार पड़ा।" पाटे पर बैठे कुँजीलाल से रामजीलाल बोले। "अरे हां हुआ यह कि कच्ची धानी के तेल के विज्ञापन के लालच में घरवाली कहीं से बोतलों में फल्ली का तेल ले आई जो असल में पाम तेल की मिलावट किया पुराना रिफाइन्ड तेल ही था। उसमें बने पूजा के पूए- गुलगुले खाकर सारों का ही पेट बिगड़ गया। सब का ही बाजा बज गया।"

चोखेलाल कहता है ,मंदिरों के पीछे भागते हो, 'शरीर भी एक मंदिर है जिसमें परमात्मा रहते हैं । मंदिर न टूटे इसकी फिक्र करते हो। प्रसाद की शुद्धि की फिक्र करते हो अपने शरीर में डाल रहे खाने के लिए कौन सोचेगा? अगर फिक्र की होती तो लड़का न मरता। वह कहता है लाइसेंस लेकर कुछ भी बेंच रहे हैं । इस संस्था के लाइसेंस संगठन की जाँच होनी चाहिये। यह लाइसेंस कोई भी ले ले फिर धड़ल्ले से मिलावट करते रहते हैं।न जनता कुछ कह रही न नेता । मंहगाई मुद्दा है पर मिलावट कभी भी नही।

"लेब कहाँ है भैया? कहाँ जाँच कराने से पता चले। खाद्य का गुणवत्ता नियंत्रक फूड विभाग तो बस अपने धंधे की फिक्र करता है। अपने को तो यह भी पता नहीं कि खाने पीने के सामान की जाँच कब व कौन करता है? बनवारी बोले।

"तुम बच्चों को घर में डिलिवरी से आने वाले खाद्य पदार्थ या शॉपिंग माल में खाने को कभी रोकते हो क्या जो यहां विद्वता दिखा रहे हैं।" रामजीलाल कहने लगे। "तो क्या चाहते हो इसे लेकर आंदोलन करें या इसे मुद्दा बनाएं।"

"बनाना ही चाहिए, चाोखेलाल पागल नहीं है ,सही कह रहा है। हम जात के लिए, धर्म के लिये, पूजास्थलों के लिए, भीड़ खड़ी कर रख लेते हैं, पर यह जो अनमोल शरीर है इसे कचरा बनाने वालों को रोकते नहीं हैं न ही इसके खिलाफकोई आवाज ही उठाता है।क्योंकि इससे वोट नही मिलते वे मुफ्त के बड़े-भजिये खिलाने से मिलते हैं । पाम तेल मे बनी चिकन बिरयानी सुंतवाने से मिलते हैं । मिलावट का मुद्दा न धर्म को आकर्षित करता है न जात को। मिलावट का आरक्षण पर भी असर नही होता न यह कोई ऐसा आकर्षक मुद्दा है जिस पर कोई आंदोलन खड़ा किया जा सके या कैंडल मार्च निकाला जा सके।"

"अपने यहाँ हर चीज दूषित हो गयी है। मिलावट की हद है ,नकली पनीर, मावा तक तो समझ में आता था, नकली अंडे ,नकली मांस भी बना लिया है, मसालों में जहरीले जंगली बीज रंगकर और एसेंस डालकर मिलाते हैं और फिर स्टेण्डर्ड का लायसेंस नं0 डालकर धड़ल्ले से बेंचते हैं।"

"यह सब खाकर पेट में गड़गड़ाहट हो तो वह लायसेंस का कागज साफ पानी के साथ गुटक लेना चाहिए । उससे पेट को मानना पड़ेगा कि शुद्ध चीज खा रहे हैं , मिलावटी नहीं है।" कहकर बनवारी हँसने लगा।

"पेट्रोल डीजल की शुद्धता के तो पैमाने हैं, दवाओं के भी स्टेण्डर्ड हैं , पर अन्न और दिगर खाने की परवाह कोई क्यूँ नहीं करता , मुँह खोले और कोई भी कचरा पेट में।"

गंदगी उतनी प्राणलेवा नहीं जितनी कि मिलावट जानलेवा है। पिछले 5 साल में डायबिटिज और कैंसर के मामले देखो। पानी तक के स्टेण्डर्ड के पालन नहीं होते , सीधे ढक्कन पर सील लगाकर बंबे का पानी सोने के दाम बेचा जाता है। भारत को कोई नर्क कह दे तो बुरा लगता है। पर भारत की खाद्य सामग्री विदेशी लौटा देते हैं तब इज्जत नहीं जाती। लोगों को भविष्य से मरकर स्वर्ग में बसने की जल्दी है। हम मंदिर, मस्जिद , चर्च व गुरुद्वारों के लिये रोज लड़ रहे हैं पर हमें जीते जी जो यहाँ नर्क बना दिया गया है उनकी तरफध्यान देने की जरूरत ही नहीं पड़ रही कि क्योंकि हम कचरा खाने को अपना चुके हैं , उसके साथ सहज हो चुके हैं। धर्म के लिये पत्थर, गोले चला लोगे, तलवारें चला लोगे। चीन और जापान हमारे बेचे गये आम तक लौटा देते हैं। गली गली मंदिर मस्जिद मिलेंगे पर खाना जाँचने की लेब नही मिलेगी, गलत खाने से नपुंसकता तक आ रही है जबकि सही खाने से ही जीव के उत्पत्ति के जरूरी वीर्य और अंडाणु बनते हैं। आज IVF और सेरोगेसी के डॉक्टर पनप रहे हैं क्योंकि आप नया जीवन दे ही नहीं सकते। चोखेलाल पागल नहीं है, हम सभी को उतना ही पागल बनना पड़ेगा ।

निर्मलता

प्रिया देवांगन

पहले हमें लोग कितना मानते थे जीजी! घाट पर आकर प्रतिदिन दीप जलाते, स्नान कर के अपने शरीर को शुद्ध करते; साथ ही साथ किनारे बैठ कर ठंडी-ठंडी पुरवाई का आनंद भी लेते थे। कितने अच्छे दिन थे....पैरी की आँखें भर आईं। हाँ! पैरी बहन दुख-सुख बाँटते, अब न पेड़ों की छाया न कोई इंसान। कूड़ादान बना रखा है हमें।

आप कैसी हैं जीजी...दोनों बहनों ने बड़ी जीजी से पूछने की हिम्मत जुटाई।

हाँ बहनों! मेरा भी यही हाल है, अब मेरे जल में स्नान करने लोग कभी-कभी ही आते हैं और उसके बाद भी लोग अपने-अपने घरों में या पास लगे नलकूपों से स्वयं को पुनः पवित्र करते हैं । इंसानों की सुविधाएं हमें और भी पीछे छोड़ती नजर आ रही हैं। चारों तरफसूखा ही सूखा है। इतना कह कर? बड़ी जीजी का गला भर आया। ख़ैर छोड़ो.... लोग जैसे भी रहें लेकिन हमें अपनी अच्छाई नहीं छोड़नी चाहिए।

हमारा जल आज भी पवित्र है और कल भी रहेगा; उनके गंदगी फैलाने से हम गंदे नहीं हो जाएंगे, अभी भी लाखों जीव हमारे अंदर रह कर जीवन यापन कर रहे हैं, हमें उन पर भी ध्यान देना चाहिए न! क्या हुआ शहरों में गंदगी है तो...आगे जंगलझझरनों में तो हमारा जल पवित्र है ही। आज भी अमृत है। सदैव अच्छी सोच रखो बहनों। हाँ! जीजी लेकिन हमारी इतनी पतली धार में इन बेचारे नन्हे जीवों का जीवन खतरे में है इनका क्या करें? इतना बोलते ही जोरों की बारिश होने लगी। भगवान ने हमारी व्यथा सुन ली जीजी! फिर क्या.... महानदी, पैरी और सोंढूर तीनों बहनों की पतली धारा, मोटी धारा में बदल कर एक-दूसरे में समाहित होकर मुस्कुराते हुए मंजिल की तरफप्रवाहित होने लगीं।

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए आर्थिक मामलों में नई उम्मीदें लेकर आया है। निवेश और पैसों से जुड़े फैसलों में अगर धैर्य रखेंगे, तो अच्छे लाभ के संकेत मिल सकते हैं।

वृष : आज का दिन आपको सोच-समझकर कदम बढ़ाने का संकेत दे रहा है। जितनी समझदारी से काम करेंगे, उतनी ही सफलता आपके करीब आएगी। मान-सम्मान बढ़ने से आत्मविश्वास भी ऊंचा रहेगा।

मिथुनः आज आप अपने काम और लाइफस्टाइल दोनों में बदलाव लाने की कोशिश करेंगे और यही बदलाव आपको आगे बढ़ाएंगे। परिवार में किसी नए सदस्य के आने की खबर माहौल को खुशियों से भर सकती है।

कर्कः आज आपके जीवन में सुख-सुविधाओं का स्तर बढ़ता हुआ दिखाई देगा। नया वाहन या घर के लिए कोई जरूरी सामान खरीदने का विचार बन सकता है। जिसे समय रहते सुलझाना जरूरी होगा।

सिंह : आज का दिन आपके लिए लाभ और संतोष दोनों लेकर आएगा। बिजनेस में अच्छे परिणाम मिलने से मन खुश रहेगा और मेहनत का फल साफदिखाई देगा।

कन्याः आज का दिन मिला-जुला रहेगा, लेकिन आपकी मेहनत और ईमानदारी आपको आगे बढ़ाएगी। नौकरीपेशा लोगों की लगन देखकर अधिकारी खुश होंगे।

तुलाः आज आर्थिक मामलों में समझदारी से चलना आपके लिए बेहद जरूरी रहेगा। खर्च और आय के बीच संतुलन बनाकर चलेंगे तो भविष्य सुरक्षित रहेगा।

वृश्चिकः आज आपको आर्थिक मामलों में थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। सोच-समझकर खर्च करेंगे तो आने वाला समय ज्यादा सुरक्षित रहेगा। आसपास का कोई विवाद खत्म होने से मन को राहत मिलेगी।

धनुः आज का दिन सुख और समृद्धि लेकर आने वाला है। जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। सम्मान या पुरस्कार मिलने की संभावना भी बन रही है।

मकरः आज का दिन थोड़ा उलझनों से भरा रह सकता है, इसलिए हर फैसला सोच-समझकर लें। किसी काम को लेकर मन में संदेह है, तो फिलहाल उसे टालना ही बेहतर रहेगा।

कुंभः आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन कुछ छोटी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। ऑफिस में कोई सहयोगी आपके खिलाफमाहौल बनाने की कोशिश कर सकता है, इसलिए सतर्क रहें।

मीनः आज आप ऊर्जा और सकारात्मक सोच से भरपूर रहेंगे। अच्छे कामों में मन लगेगा और सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहेंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) जापान में दारूमा गुड़िया क्या मानी जाती है?

2) राजस्थान की नई रामसर साइट कौन सी है?

3) पाकिस्तान से भारत आने वाले व्यक्तियों की नागरिकता किस अनुच्छेद में है?

4) कुशावती को किस राज्य का तीसरा जिला घोषित किया गया?

5) एफआईडीई विश्व ब्लिट्ज शतरंज 2025 जीतने वाली बिबिसारा अस्सौबायेवा किस देश की हैं?

उत्तरमाला- (1) भाग्य (2) सिलीसेढ़ झील (3) अनुच्छेद 6 (4) गोवा (5) कजाकिस्तान

पहेली

शब्द सामर्थ्य -068

[illegible]



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 067 का हल

संक्षिप्त खबरें

डोंगरगांव में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना की बैठक संपन्न

डोंगरगांव/नवप्रदेश। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सुषमा सिंह के नेतृत्व में डोंगरगांव में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं व्याख्याता श्रीमती शीला सिंह गहरवार की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर क्षत्रिय समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की।बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के मूल उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना रहा। उपस्थित महिलाओं ने एकमत होकर समाज में शिक्षा के प्रसार, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा क्षत्रिय संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। साथ ही समाजहित में विभिन्न जनजागरूकता एवं संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक के दौरान अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना की डोंगरगांव इकाई का गठन भी किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई जिसमें अध्यक्ष - प्रिया सिंह गहरवार,, उपाध्यक्ष - आरती ठाकुर, सचिव - मिस विभा ठाकुर, सह-सचिव - रीना परिहार, कोषाध्यक्ष - संगीता ठाकुर, सह-कोषाध्यक्ष - अमृता ठाकुर, सांस्कृतिक अध्यक्ष - साक्षी ठाकुर, मीडिया प्रभारी - अंजू ठाकुर, सह-मीडिया प्रभारी - इंदिरा ठाकुर, संरक्षिका - उमा राजपूत, संरक्षिका - राधिका ठाकुर, संरक्षिका -तेज ठाकुर शामिल है। बैठक के अंत में समाज की एकजुटता, महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। उपस्थित सदस्यों ने समाजहित के कार्यों को निरंतर गति देने का विश्वास व्यक्त किया।

आज कलार समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलार (सिन्हा) समाज जिला राजनांदगांव द्वारा वर्ष 2025 एवं 2026 में दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 60त्न प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान समारोह एवं करियर गाइडेंस प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है यह कार्यक्रम 14 जून 2026 रविवार को डॉक्टर बलदेव प्रसाद मिश्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर चौक राजनांदगांव आयोजित होगा कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में राजनंदगांव एसपी सुश्री अंकित शर्मा एवं डिप्टी कलेक्टर श्री फगेश कुमार सिन्हा एवं समाज के पदाधिकारि उपस्थित रहेंगे जो विद्यार्थी को कैरियर मार्गदर्शन प्रतियोगी परीक्षाओं एवं भविष्य की संभावना को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेंगे आयोजन समिति द्वारा बताया गया है कि इसका कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उत्साहित करना तथा उच्च शिक्षा में से भविष्य के लिए प्रेरित करना यह कार्यक्रम माता बहादुर कलारीन जन कल्याण समिति राजनांदगांव द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा ने दी।

नक्सलियों का डंप फिस्फोटक बरामद बीडीएस की टीम ने किया नष्ट

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला गरियाबंद के थाना मैनपुर अंतर्गत कैंप कुल्हाडीघाट से 10 किमी. ग्राम दड़ईपानी जंगल क्षेत्र में एफ65 बटालियन सीआरपीएफ जिला पुलिस बल एवं बीडीएस टीम की संयुक्त पार्टी सर्च अभियान पर निकले थे कि अभियान के दौरान संदिग्ध डम्प का पता चला। जिसे दिनांक 12/06/2026 के 12:25 बजे को माओवादियों द्वारा डम्प कर रखे गये सामग्री कमर्शियल कॉर्डेक्स वायर 15 मीटर, गन पाउडर 1.5 किग्रा, जिलेटिन राड, कुकर आईईडी 01 नग (लगभग 4 किलो ग्राम), टिफिन आईईडी 01 (लगभग 5 किग्रा), बीजीएल राउण्ड 06 नग, एयर गन 01 नग, इंटरसेप्टर 01 नग, इंसास मैग्जीन 01 नग, दवाईयां एवं दैनिक उपयोगी सामग्री को बरामद करने मे सफलता प्राप्त की है। उक्त आईईडी बम को बीडीएस टीम द्वारा मौके पर ही विस्फोट कर नष्ट किया गया।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर रिजल्ट के लिए शुरू होगा मिशन उत्कर्ष

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी 16 जून से जिले के स्कूल खुलेंगे और सभी शैक्षणिक गतिविधियों शुरू होंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शनिवार को स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में स्कूल खुलने से पहले पेयजल, बिजली, शौचालय,साफसफाई जैसे बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा स्कूल का वातावरण बच्चों के लिये प्रतियोगी और सौहार्द्रपूर्ण बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने विगत वर्ष 10 एवं 12 वीं कक्षा के परिणाम की विस्तृत समीक्षा करते हुए कमजोर प्रदर्शन वाले विकासखंड पलारी,सिमगा एवं कसडोल के कई स्कूल के प्राचार्यों से कारण पूछा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कड़ी चेतवानी देते हुए कहा कि इस बार कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी। कई स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षकों के आपसी विवाद कि स्थिति को सुलझाने में नाकाम रहने के कारण बीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। शासन के निर्देशानुसार 16 जून से सभी स्कूलों में व्हीएसके एप्प के माध्यम से उपस्थिति दर्ज होगी। इसके साथ ही छुट्टी के लिये आवेदन भी ऑनलाइन देना होगा। ऑफ लाईन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि आधा घण्टा लेट स्कूल आने पर एक दिन का वेतन काटा जाएगा। उन्होंने प्रतिदिन स्कूलों के अटेंडेंन्स रिपोर्ट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर करने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये जिला प्रशासन द्वारा मिशन उत्कर्ष 2026-27 शुरू किया जाएगा। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि इसके तहत 10 वीं 12 के बच्चों का हर स्कूल में मासिक टेस्ट होगा। स्कूल एवं विद्यर्थीवार प्रगति रिपोर्ट बनेगी। स्कूल और बच्चों के प्रदर्शन के अनुसार कमजोर पक्षो के सुधार के लिये रिमेडियल क्लास कि व्यवस्था,ऑनलाइन क्लास कि व्यवस्था होगी। इसके साथ ही 13 विषय के लगभग 130 व्याख्याताओं की पीएलसी टीम गठित की गई है जो स्कूलों का मिनिटरिंग करेंगे। पहले 6 महीने के लिये टेस्ट पेपर की तैयारी की जाएगी। जिन स्कूलों में किसी विषय के शिक्षक नहीं हैं उन स्कूलों में जिला मुख्यालय से ऑनलाइन क्लास की सुविधा होंगी।

बेमेतरा जिले के ग्राम गाड़ाडीह में अवैध उर्वरक भंडारण पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

585 बोरी खाद जब्त, गोदाम सील, नमूने जांच को भेजे गए

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन मे जिले मे खरीफसीजन 2026 के दौरान किसानों को निर्धारित दर पर, समय पर तथा गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन लगातार सख्त निगरानी और कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को बेमेतरा जिले के ग्राम गाड़ाडीह (तहसील देवकर) में अवैध रूप से भंडारित उर्वरकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने 585 बोरी उर्वरक जब्त कर गोदाम को सील कर दिया।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देश तथा कृषि विभाग के उप संचालक मोरध्वज डडसेना के मार्गदर्शन में गठित जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा जिलेभर में उर्वरकों की उपलब्धता, गुणवत्ता और मूल्य नियंत्रण को लेकर नियमित औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी दौरान ग्राम गाड़ाडीह में अवैध खाद भंडारण की सूचना मिलने पर उड़नदस्ता दल ने मौके पर पहुंचकर जांच और छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के प्रावधानों के तहत लगभग 585 बोरी (29.25 मीट्रिक टन) बायो पोटाश एवं बायो ऑर्गेनिक फास्फेट का अवैध भंडारण पाया गया। अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए समस्त उर्वरक सामग्री को जब्त कर संबंधित गोदाम को सील कर दिया।

गुणवत्ता जांच के लिए भेजे जाएंगे नमूने

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि जब्त किए गए उर्वरकों के नमूने भी संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं, जहां उनकी गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूपता की जांच की जाएगी। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कालाबाजारी और जमाखोरी पर प्रशासन की कड़ी नजर

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खरीफसीजन के दौरान किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जिले में लगातार निगरानी अभियान जारी रहेगा। यदि कोई निजी कृषि केंद्र, उर्वरक विक्रेता अथवा सहकारी संस्था निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय करते, जमाखोरी करते या अमानक उर्वरकों का व्यापार करते हुए पाए जाते हैं, तो उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि गंभीर अनियमितता पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सीधे पुलिस में एफआईआर दर्ज कर न्यायालयीन कार्रवाई भी की जाएगी।

राजा खडगराज सिंह ने केशदा लौह अयस्क ब्लॉक की अनुशंसा वापस लेने कलेक्टर को लिखा पत्र

जलाशय, जंगल और जलस्त्रोतों पर संकट, जैव विविधता हो जाएगी नष्ट

- जगमड़वा जलाशय के जलग्रहण क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर जताई चिंता, वैज्ञानिक अध्ययन और जनसुनवाई की उठाई मांग

कवर्धा/नवप्रदेश। केशदा-इकनामा-चेलिकामा लौह अयस्क ब्लॉक को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच सहसपुर लोहारा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजा खड्गराज सिंह ने कलेक्टर को पत्र सौंपकर प्रस्तावित खनन क्षेत्र को एमएमडीआर अधिनियम की धारा 17(ए) के तहत आरक्षित किए जाने संबंधी अनुशंसा पर आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने जिला प्रशासन से उक्त अनुशंसा को तत्काल निरस्त करने की मांग करते हुए कहा है कि यह क्षेत्र केवल खनिज संपदा का भंडार नहीं, बल्कि जिले की महत्वपूर्ण प्राकृतिक और जल संसाधन संपदा का हिस्सा है।

कलेक्टर को दिए गए पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि प्रस्तावित क्षेत्र घने वनों, पहाड़ियों, प्राकृतिक जल स्त्रोतों और समृद्ध जैव विविधता से परिपूर्ण है। यहां अनेक वन्यजीव, पक्षी और अन्य जीव-जंतु प्राकृतिक रूप से निवास करते हैं। उनका कहना है कि यदि यहां खनन गतिविधियां शुरू होती हैं तो वृक्षों की कटाई, धूल और ध्वनि प्रदूषण के साथ-साथ भारी वाहनों की आवाजाही से पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो सकता है।

पत्र में विशेष रूप से जगमड़वा जलाशय का उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा है कि प्रस्तावित खनन क्षेत्र के नीचे जगमड़वा जलाशय का निर्माण किया जा रहा है, जिससे भविष्य में लोहारा नगर, बानो क्षेत्र और आसपास के अनेक गांवों को पेयजल एवं सिंचाई जल उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।

ऐसे में यदि जलग्रहण क्षेत्र में खनन गतिविधियां संचालित होती हैं तो वर्षा जल संचयन की प्राकृतिक प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है तथा जलाशय की भराव क्षमता पर भी असर पड़ सकता है।

जल सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

राजा खड्गराज सिंह ने पत्र में उल्लेख किया है कि लोहारा क्षेत्र पहले से ही गिरते भूजल स्तर और ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट की समस्या से जूझ रहा है। प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में कई गांवों और नगरीय क्षेत्रों में जल उपलब्धता प्रभावित होती है। ऐसे में जलग्रहण क्षेत्रों, पहाड़ियों और वनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आशंका जताई है कि खनन गतिविधियों के कारण भूजल पुनर्भरण की प्राकृतिक प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है, जिससे भविष्य में जल संकट और गंभीर हो सकता है।

ग्रामीण आजीविका और चरागाह भूमि का भी मुद्दा

पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि प्रस्तावित क्षेत्र में चरागाह, निस्तारी अथवा अन्य सामुदायिक उपयोग की भूमि शामिल है तो इसका प्रभाव ग्रामीणों और पशुपालकों की आजीविका पर पड़ सकता है। इसलिए किसी भी अंतिम निर्णय से पहले स्थानीय समुदायों की चिंताओं और जनभावनाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

वैज्ञानिक अध्ययन और जनसुनवाई की मांग

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रस्तावित खनन क्षेत्र और जगमड़वा जलाशय के जलग्रहण क्षेत्र पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों का स्वतंत्र वैज्ञानिक एवं पर्यावरणीय अध्ययन कराया जाए। साथ ही भूजल, पेयजल, वन्यजीव और जैव विविधता पर प्रभावों का विस्तृत मूल्यांकन भी कराया जाए। उन्होंने अंतिम निर्णय से पहले प्रभावित ग्राम पंचायतों, स्थानीय निकायों और नागरिकों से व्यापक परामर्श एवं जनसुनवाई आयोजित करने की मांग की है।

डिप्टी सीएम और जल संसाधन विभाग को भी भेजी प्रतिलिपि

राजा खड्गराज सिंह ने अपने पत्र की प्रतिलिपि उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा तथा जल संसाधन विभाग, कबीरधाम को भी प्रेषित की है। पत्र में पर्यावरण संरक्षण, जल सुरक्षा और स्थानीय जनहित से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक हस्तक्षेप और विचार-विमर्श का आग्रह किया गया है। अब इस मामले में जिला प्रशासन और संबंधित विभागों की आगामी कार्रवाई पर निगाहें टिकी हुई हैं।

आने वाली पीढ़ियों के भविष्य

केशदा-इकनामा-चेलिकामा क्षेत्र केवल खनिज संपदा का विषय नहीं है। यह क्षेत्र की जल सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा मुद्दा है। किसी भी निर्णय से पहले वैज्ञानिक अध्ययन, जनसुनवाई और स्थानीय लोगों की राय को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। दीर्घकालिक जनहित और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए।

राजा खड्गराज सिंह,
पूर्व अध्यक्ष, नगर पंचायत सहसपुर लोहारा

एक दिवसीय करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन के तत्वावधान में आज ऑक्शन हॉल में बेरोजगार युवा/युवतियों एवं स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय भव्य करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के कलेक्टर बी.एस. उईके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, वनमंडलाधिकारी श्री शशिगानंद, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन, अपर कलेक्टर त्रप्ता ठाकुर तथा डीएसपी गरिमा दादर और जिला वन अधिकारी (डीएफओ) ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत किए। अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। काफी संख्या में छात्र-छात्राएं अपने सुनहरे भविष्य की राह चुनने के लिए एकत्रित हुए।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शर्टकट नहीं होता। उन्होंने छात्रों को समय प्रबंधन (टाइम मैनेजमेंट) का महत्व समझाया। कलेक्टर ने कहा, अपनी रुचि के अनुसार करियर का चुनाव करें। एक बार लक्ष्य निर्धारित होने के बाद, सोशल मीडिया और अन्य भटकाव वाली चीजों से दूर रहकर पूरी एकाग्रता से पढ़ाई करें। पुलिस अधीक्षक ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए अनुशासन सबसे जरूरी है।

स्कूल की तैयारी शुरू: शिक्षा विभाग और छात्रावास व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा

- शाला प्रवेशोत्सव एवं छात्रावास व्यवस्थाओं पर दिया विशेष जोर

बागबाहरा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत बागबाहरा के सभाकक्ष में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा छात्रावास व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

तरुण व्यवहार ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए संवेदनशीलता एवं निष्ठा के साथ कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक विद्यार्थी तक शिक्षा एवं आवश्यक सुविधाओं का लाभ समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में आगामी शाला प्रवेशोत्सव की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का आत्मीय स्वागत किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे। साथ ही विद्यालय परिसरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं आवश्यक मरम्मत कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, गणवेश वितरण, सरस्वती सायकल वितरण, कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम, विद्यालयों में चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्य, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय एवं पीएमश्री विद्यालयों में संचालित गतिविधियों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी तीन घंटे में गिरफ्तार

- बसंतपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, अश्लील गाली-गलौज और छेड़छाड़ के मामले में आरोपी दबोचा गया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बसंतपुर थाना पुलिस ने छेड़छाड़, अश्लील गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना के महज तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना बसंतपुर क्षेत्र की एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पठानपारा वार्ड क्रमांक 39 निवासी 29 वर्षीय अशद कुरैशी लगातार फोन कर उससे बातचीत और मिलने का दबाव बना रहा था तथा बार-बार कॉल कर परेशान कर रहा था। 12 जून की शाम करीब पांच बजे आरोपी महिला के घर के सामने पहुंच गया और फोन पर बात नहीं करने तथा मिलने से इनकार करने पर अश्लील गाली-गलौज करने लगा। इस दौरान उसने महिला के भाइयों को जान से मारने की धमकी दी और बेइज्जती करने की नीयत से उसका हाथ और बांह पकड़कर छेड़छाड़ की।

महिला की शिकायत पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 283/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74, 296 और 351(2) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए।

कार्रवाई: हाईवा और चेन माउंटेन मशीन जब्त, अवैध कारोबारियों में खलबली

बालू बाजों की उड़ान थमी, रातभर चली खनिज विभाग की दबिश

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर बी.एस. उइके के निर्देश और मार्गदर्शन में खनिज विभाग की टीम लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में 11 जून की देर रात से शुरू हुई कार्रवाई 12 जून सुबह करीब 9:30 बजे तक जारी रही, जिसमें अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त वाहनों एवं मशीनों पर शिकंजा कसा गया।

खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम चौबेबांधा-सिंधोरी बॉर्डर पर दबिश देकर अवैध खनन में उपयोग की जा रही एक चेन माउंटेन मशीन को जब्त किया। वहीं कार्रवाई के दौरान एक हाइवा वाहन को भी पकड़ा गया, जिसे आगे की कार्रवाई के लिए पांडुका थाना में रखा गया है। इसके अलावा एक अन्य जब्त वाहन को राजिम थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। अवैध रेत और खनिज परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने देर रात संयुक्त अभियान चलाया, जिसके दौरान कई संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई और मौके पर कार्रवाई की गई।

खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन और खनिज परिवहन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने खनिज संपदा के अवैध दोहन में शामिल लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि कानून तोड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए राजिम पुलिस माइनिंग सहायक अधिकारी अर्चना ठाकुर एवं माइनिंग इंस्पेक्टर कोमल ध्रुव ने बताया कि जिले में अवैध खनन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है और भविष्य में भी संयुक्त जांच एवं कार्रवाई की जाएगी।

गाली-गलौज और मारपीट के मामले में सास-ससुर गिरफ्तार

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। प्रार्थी संदेशन चंदेल निवासी ग्राम गातापार ने थाना पलारी में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने ग्राम पंचायत गातापार से पनखत्ती तालाब को 3 लाख 73 हजार रू. में 05 वर्षों के लिए मछली पालन हेतु लीज पर लिया था। प्रार्थी ने तालाब में 3 लाख रू. का मछली का बच्चा डाला था। दिनांक 19 अप्रैल की रात्रि को आरोपियों द्वारा बिना किसी सूचना के उक्त तालाब के पार को फोड़ दिये जाने से प्रार्थी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। जब प्रार्थी 20 अप्रैल को अपनी पत्नी बबीता चंदेल और भाभी प्रभा चंदेल के साथ इस संबंध में बात करने आरोपियों के घर गए, तो वहां मौजूद आरोपी सास और ससुर ने प्रार्थी और उनके परिवार के साथ अत्यंत दुर्व्यवहार किया। आरोपियों ने अश्लील गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया और प्रार्थी की भाभी प्रभा चंदेल के साथ हाथ-मुक्के से मारपीट भी की। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा के निर्देशानुसार थाना पलारी अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की जांच, घटना स्थल के निरीक्षण और गवाहों के बयानों आदि के आधार पर मामले में बीएनएस की धाराओं के साथ एसटी/एससी एक्ट की धारा 3(1)(द), (ध), 3(2)(वीक) जोड़ी गई।

बेमेतरा में शासकीय अनुदान प्राप्त ई-रिक्शा चालकों की मनमानी, यात्रियों से वसूला जा रहा मनमाना किराया

■ बस स्टैण्ड से कलेक्टोरेट ऑफिस का किराया ले रहे 20 रुपए

बेमेतरा/नवप्रदेश। शहर में संचालित शासकीय अनुदान प्राप्त ई-रिक्शा यात्रियों की सुविधा और सस्ती परिवहन व्यवस्था के उद्देश्य से शुरू किए गए थे, लेकिन वर्तमान में कई ई-रिक्शा चालक मनमाने ढंग से किराया वसूलकर आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल रहे हैं। शहरवासियों का आरोप है कि निर्धारित किराया सूची का पालन नहीं किया जा रहा है और चालक अपनी मर्जी से यात्रियों से शुल्क वसूल रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, शहर के प्रमुख मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में ई-रिक्शा चालक दूरी के हिसाब से अलग-अलग किराया तय कर रहे हैं। कई बार यात्रियों से सामान्य दूरी के लिए भी अधिक राशि की मांग की जाती है। किराया को लेकर यात्रियों और चालकों के बीच विवाद की स्थिति भी बन रही है, लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस पहल दिखाई नहीं दे रही है।

शहरवासियों का कहना है कि शासन द्वारा अनुदान देकर ई-रिक्शा उपलब्ध कराने का उद्देश्य बेरोजगारों को रोजगार देना और नागरिकों को सस्ती परिवहन सुविधा प्रदान करना था, लेकिन कुछ चालक इस व्यवस्था का दुरुपयोग कर रहे हैं। कई ई-रिक्शाओं में किराया सूची भी प्रदर्शित नहीं की गई है, जिससे यात्रियों को निर्धारित शुल्क की जानकारी नहीं मिल पाती।नागरिकों ने आरोप लगाया है कि इस संबंध में कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। विभाग की निष्क्रियता के कारण चालकों के हौसले बुलंद हैं और मनमानी लगातार जारी है।

शहर के सामाजिक संगठनों एवं जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन और आरटीओ विभाग से मांग की है कि ई-रिक्शाओं का नियमित निरीक्षण कराया जाए, सभी वाहनों में किराया सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित कराई जाए।

सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में नगर पालिका के सफाई मित्रों एवं स्वच्छता दीदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) सौरभ शर्मा ने मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) वाहन का निरीक्षण कर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ श्री शर्मा ने एमएमयू वाहन में उपलब्ध चिकित्सकीय उपकरणों, दवाइयों एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों तथा सफाई मित्रों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट दूरस्थ क्षेत्रों एवं जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम है, जिससे लोगों को उनके निकट ही उपचार एवं जांच की सुविधा मिल रही है।

स्वास्थ्य शिविर में सफाई मित्रों एवं स्वच्छता दीदियों का रक्तचाप (बीपी), शुगर सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। सीएमओ ने कहा कि नगर पालिका द्वारा सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य संरक्षण और नियमित निगरानी के उद्देश्य से समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि किसी भी स्वास्थ्य समस्या का समय रहते पता लगाकर आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया जा सके।शिविर में उपस्थित डॉ. जी.एस. दीवान ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक हैं।

इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेंद्र भारद्वाज, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी नौशाद बक्श, सुपरवाइजर रमा महानंद, टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा, लैब टेक्नीशियन प्रमिला राणा, नर्स मनीषा साहू, स्लम स्वास्थ्य योजना के आशाराम निषाद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर में बच्चों को दिया गया बाल संस्कार शाला का प्रशिक्षण

फिगेश्वर/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन एवं युवा प्रकोष्ठ जिला गरियाबंद के मार्गदर्शन में गायत्री चेतना केंद्र फिंगेश्वर में पांच दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन सुबह योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।टोली नायक एवं वरिष्ठ प्रशिक्षक सुरेन्द्र गुप्ता ने संस्कारों का ज्ञान विज्ञान के बारे में विस्तार से बताया। सुश्री रोमा साहू ने गायत्री का महाविज्ञान के बारे में जानकारी दी। बाल संस्कार शाला संचालन के बारे में चेतना चौहान सावित्री गठेवाल ने बहुत ही रोचक ढंग से प्रशिक्षण दिए। शिविर को सफल बनाने में एच एल साहू जगदीश साहू परमानंद यादव गोविंद साहू घनाराम साहू रोशन देवांगन चेतन सिन्हा कोमल सिन्हा बिंदा सिन्हा कुलेश्वर प्रजापति संतोष कुमार साहू पूरन साहू मेषराम बलराम साहू उमेश साहू पूर्णिमा यादव टोपेश्वरी सिन्हा यश सिन्हा अर्जुन सिन्हा खुमीन सिन्हा विष्णु राम सिन्हा लक्ष्मी सिन्हा आस्था का विशेष योगदान रहा।

निर्माणाधीन मकान से 15 हजार की मल्टीवायर पार

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम पिरदा में निर्माणाधीन मकान से 15 हजार रुपए कीमत की मल्टीवायर चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिरदा निवासी शेष कुमार पटेल नया मकान बनवा रहे हैं। निर्माण कार्य के दौरान लाइट और मशीनों के संचालन के लिए उन्होंने करीब 160 मीटर लंबी 2 एमएम मल्टीवायर बिछाई थी। इसी बीच अज्ञात व्यक्ति ने वायर चोरी कर ली। काफी तलाश के बाद भी वायर का पता नहीं चलने पर पीड़ित ने बसना थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफभारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पत्नी से मारपीट करने वाला पति गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के दौरान पत्नी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम कुटेला निवासी मनीषा दास ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी शादी ग्राम रेमड़ा निवासी खिरोद दास के साथ सामाजिक रीति-रिवाज से हुई थी। 12 जून को आरोपी पति नशे की हालत में घर पहुंचा और घरेलू बातों को लेकर विवाद करने लगा।आरोप है कि पति ने गाली-गलौज करते हुए पत्नी को घर से निकल जाने की धमकी दी और उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद पीड़िता ने बसना थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2) और 296 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बुजुर्गों के बीच विवाद ने लिया हिंसक रूप सिंघोड़ा पुलिस ने दर्ज किया काउंटर मामला

महासमुंद/नवप्रदेश। सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हारपाली में दो बुजुर्गों के बीच हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने काउंटर मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार खम्हारपाली निवासी मुरली थनापति (69) ने शिकायत दर्ज कराई कि गांव के परशुराम साहू (62) ने उसके साथ गाली-गलौज की और कुल्हाड़ी लेकर मारने के लिए दौड़ाया। इस दौरान आरोपी ने पत्थर फेंककर हमला किया, जिससे उसके घुटने में चोट आई।वहीं दूसरे पक्ष के परशुराम साहू ने पुलिस को बताया कि वह तालाब से नहाकर घर लौट रहा था और रास्ते में मकरध्वज प्रधान से बातचीत कर रहा था। उसी दौरान मुरली थनापति उसे देखकर गाली-गलौज करने लगा। बाद में रास्ता रोककर अपनी मोपेड में रखी टंगिया से हमला कर दिया, जिससे उसके बाएं हाथ और कंधे के पास चोट आई। दोनों पक्षों की शिकायत पर सिंघोड़ा पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 115(2) और 351(2) के तहत काउंटर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सनकी आशिक ने सरेराह महिला को ईंट से कुचला

कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में दिनदहाड़े एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। शहर के सिविल लाइन इलाके में एक सिरफिरे युवक ने पुराने विवाद के चलते एक महिला के सिर और चेहरे पर ईंट से ताबड़तोड़ वार कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। हालांकि, बलौदाबाजार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात के महज कुछ ही घंटों के भीतर मुख्य आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा के सख्त निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने त्वरित एक्शन लेते हुए आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, नशा मुक्ति को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जनजागरुकता अभियान

‘नवा बिहान’ अभियान : महासमुंद पुलिस ने 500 से अधिक लोगों को किया जागरूक

महासमुंद/नवप्रदेश। बदलते समय के साथ सामने आ रहे नए-नए अपराधों के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से महासमुंद पुलिस द्वारा जिलेभर में ÷नवा बिहान÷ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों, कॉलेजों, हाट-बाजारों, बस स्टैंडों, बैंकों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर नागरिकों को साइबर अपराध, सोशल मीडिया सुरक्षा, ऑनलाइन ठगी, नशा मुक्ति और गौ-तस्करी रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया जा रहा है।

इस सप्ताह चौकी टूहलू क्षेत्र के ग्राम खैरटकला, थाना खल्लारी क्षेत्र के ग्राम बी.के. बाहरा तथा भंवरपुर के साप्ताहिक बाजारों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में ग्रामीणों को साइबर सुरक्षा, अभिव्यक्ति ऐप, महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, नशा मुक्ति तथा यातायात सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों के तरीके भी लगातार बदल रहे हैं। ऐसे में नागरिकों का सतर्क और जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। लोगों को सोशल मीडिया पर अज्ञात व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने तथा व्यक्तिगत और बैंकिंग संबंधी जानकारी साझा न करने की सलाह दी गई।

संवाद हेल्पलाइन बनी जनता की मददगार

महासमुंद पुलिस द्वारा संचालित शिकायत हेल्प डेस्क संवाद का व्हाट्सएप नंबर 94792-29939 नागरिकों के लिए उपयोगी साबित हो रहा है। इस हेल्पलाइन में गुप्त सूचना देने और सामान्य शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध है। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।अभियान के दौरान 500 से अधिक नागरिकों ने सहभागिता की। पुलिस ने लोगों से नशे से दूर रहने, साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने और सुरक्षित व अपराधमुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।

साइबर ठगी होने पर तुरंत करें शिकायत

पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि यदि वे किसी साइबर ठगी का शिकार होते हैं तो बिना देरी किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके अलावा निकटतम पुलिस थाना या साइबर सेल में भी सूचना दें।

‘डिजिटल अरेस्ट’ के नाम पर ठगी से रहें सावधान

अभियान के दौरान लोगों को डिजिटल अरेस्ट जैसी नई साइबर ठगी के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कोई भी सरकारी एजेंसी, पुलिस अधिकारी, सीबीआई या न्यायालय वीडियो कॉल के माध्यम से किसी व्यक्ति को डराकर पैसे की मांग नहीं करता। ऐसे मामलों में घबराने के बजाय तुरंत पुलिस को सूचना देने की सलाह दी गई।

गौ-तस्करी की सूचना तुरंत दें

पुलिस ने गौ-तस्करी और अवैध पशु परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए आम लोगों से सहयोग की अपील की। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर नजदीकी थाने अथवा संवाद हेल्पलाइन नंबर 94792-29939 पर सूचना देने का आग्रह किया गया।

आपात स्थिति में डायल-112 का करें उपयोग

नागरिकों को बताया गया कि दुर्घटना, विवाद अथवा किसी भी आपात स्थिति में डायल-112 पर संपर्क कर तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम कम समय में मौके पर पहुंचकर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराती है।

सब-रजिस्ट्रार कार्यालय का ताला तोड़कर घुसे बदमाश

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली स्थित उप पंजीयक कार्यालय में अज्ञात बदमाशों द्वारा तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उप पंजीयक कार्यालय के सब-रजिस्ट्रार आतिश देवांगन ने पुलिस को बताया कि 10 जून की शाम कार्यालयीन कार्य समाप्त होने के बाद कार्यालय बंद कर सभी कर्मचारी अपने घर चले गए थे। अगले दिन 11 जून की सुबह सूचना मिली कि कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार और उप पंजीयक कक्ष का ताला टूटा हुआ है।

जांच में पता चला कि अज्ञात व्यक्ति चोरी की नीयत से कार्यालय में घुसे थे। उन्होंने तीन आलमारियों के ताले तोड़ दिए और कार्यालय में रखी खाली कैश पेटी को छत पर फेंक दिया। हालांकि कार्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेजों और कंप्यूटर सिस्टम को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है।सरायपाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4) एवं 62 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एसबीआई एटीएम में फंसी 10,000 की राशि, बैंक प्रबंधन को सौंपा

कवर्धा/नवप्रदेश। लोहारा पुलिस द्वारा रात्रिकालीन गश्त के दौरान ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना लोहारा क्षेत्र में रात्रि गश्त के दौरान ग्राम बिड़ोंरा स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एटीएम का निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान एटीएम मशीन में 10,000 (दस हजार रुपये) की नकद राशि फंसी हुई दिखाई दी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए गश्ती दल में शामिल प्रधान आरक्षक क्रमांक 380 गोपाल राजपूत तथा उनके साथ मौजूद सीएएफ आरक्षक क्रमांक 648 एवं 354 द्वारा उक्त राशि को सुरक्षित अभिरक्षा में लिया गया और नियमानुसार थाना लोहारा लाकर जमा कराया गया।

इसके उपरांत पुलिस द्वारा संबंधित बैंक अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। अगले दिन ग्राम बिड़ोंरा स्थित एसबीआई शाखा पहुंचकर शाखा प्रबंधक स्नेहिल गोदेश्वर को 10,000 की संपूर्ण राशि विधिवत सुपुर्द की गई।थाना लोहारा पुलिस की इस सराहनीय कार्यवाही से पुलिस विभाग की ईमानदारी, पारदर्शिता एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय मिलता है। बैंक प्रबंधन द्वारा पुलिस की तत्परता एवं ईमानदार कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

प्रदेश पंचायत सचिव संघ ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ, जनपद पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा पंचायत सचिवों की लंबे समय से लंबित एक सूत्रीय मांग के निराकरण हेतु प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री टंक राम वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की मांग को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया गया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विधानसभा चुनाव 2023 के पूर्व जारी घोषणा पत्र में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का आश्वासन दिया गया था। साथ ही सरकार गठन के 100 दिनों के भीतर इस मांग को पूरा करने की बात कही गई थी। इसके पश्चात 7 जुलाई 2024 को पंचायत सचिव स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा पुनः समिति गठित कर एक माह के भीतर मांग पर निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया था, किंतु अब तक इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

पेयजल संकट:कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ पलसापली (अ), परगला और कलकसा गांवों में लंबे समय से बनी हुई है पानी की समस्या, ग्रामीणों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद

महासमुंद/नवप्रदेश। जनपद पंचायत बसना अंतर्गत ग्राम पलसापली (अ), परगला एवं कलकसा में व्याप्त गंभीर पेयजल एवं निस्तारी जल संकट को लेकर क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं सभापति प्रकाश सिन्हा ने जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मुलाकात कर ग्रामीणों की ओर से ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।

जानकारी के अनुसार, इन गांवों में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है, जिससे ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। स्थिति यह है कि महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों तथा पशुपालकों को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पूर्व में भी कई बार संबंधित विभागों और प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों से प्राप्त ज्ञापन के बाद सभापति प्रकाश सिन्हा ने तत्परता दिखाते हुए दूसरे ही दिन महासमुंद पहुंचकर कलेक्टर से मुलाकात की। उन्होंने क्षेत्र में व्याप्त जल संकट की गंभीरता से अवगत कराते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के अधिकारियों से चर्चा की और समस्या के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र का निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा गया। इस अवसर पर प्रकाश सिन्हा ने कहा कि क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे और आवश्यकतानुसार प्रशासन के समक्ष जनहित के मुद्दों को उठाते रहेंगे। कलेक्टर के सकारात्मक रुख और त्वरित निर्देशों के बाद ग्रामीणों में समस्या के समाधान की उम्मीद जगी है।

संरक्षण: पेड़ों के आसपास हटेगा कांक्रीट, बिजली के तार और विज्ञापन बोर्ड, सीएमओ ने जारी किए निर्देश

वृक्ष संरक्षण को लेकर नगर पालिका सख्त

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर की हरियाली और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर पालिका ने वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) सौरभ शर्मा ने बताया कि शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप नगर क्षेत्र में स्थित सभी वृक्षों के आसपास बनाए गए अवरोधों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि पेड़ों का प्राकृतिक विकास सुनिश्चित हो सके।सीएमओ श्री शर्मा ने बताया कि नगर क्षेत्र में अनेक स्थानों पर पेड़ों के चारों ओर कांक्रीट, पेवर ब्लॉक तथा अन्य स्थायी संरचनाएं बना दी गई हैं, जिससे वृक्षों की जड़ों तक पर्याप्त मात्रा में जल, वायु और आवश्यक पोषक तत्व नहीं पहुंच पाते। इसे देखते हुए नगर पालिका द्वारा सभी वृक्षों के चारों ओर एक मीटर के दायरे में निर्मित कांक्रीट, पेवर ब्लॉक एवं अन्य अवरोधक संरचनाओं को हटाया जाएगा।उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी वृक्ष के आसपास कांक्रीट निर्माण, रिपेयरिंग अथवा अन्य स्थायी निर्माण कार्य की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में संबंधित विभागों और एजेंसियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की अहम भूमिका

सीएमओ सौरभ शर्मा ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, वायु की गुणवत्ता सुधारने और शहर को हरित एवं स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पेड़ों से लिपटे बिजली और केबल तार हटाने के निर्देश

वृक्षों को होने वाली क्षति को रोकने के लिए नगर पालिका ने विद्युत विभाग को भी आवश्यक निर्देश दिए हैं। सीएमओ ने कहा कि कई स्थानों पर बिजली, केबल तथा अन्य प्रकार के वायर पेड़ों से लपेटकर या उनके सहारे खींचे गए हैं, जो वृक्षों के विकास में बाधा बनने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से भी उचित नहीं हैं। ऐसे सभी तारों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

विज्ञापन और साइन बोर्ड भी हटेंगे-नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पेड़ों पर लगाए गए साइन बोर्ड, विज्ञापन बोर्ड तथा एडवाइजरी बोर्ड भी हटाए जाएंगे। अधिकारियों का मानना है कि इन बोर्डों के कारण वृक्षों को शारीरिक क्षति पहुंचती है और उनकी प्राकृतिक वृद्धि प्रभावित होती है। इसलिए ऐसे सभी बोर्डों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।बढ़ते शहरीकरण के बीच वृक्षों का संरक्षण -समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा वृक्ष संरक्षण के प्रति विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवारों के साथ खड़ी हुई ग्राम विकास समिति

छुरिया/नवप्रदेश। आज के दौर में जहां लोग अपने-अपने कामों में व्यस्त रहते हैं, वहीं ग्राम विकास समिति गैंदाटोला ने यह साबित कर दिया कि समाज की असली ताकत एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहने में है। समिति ने हाल ही में अपने प्रियजनों को खो चुके परिवारों तक पहुंचकर न सिर्फ संवेदना व्यक्त की, बल्कि आर्थिक सहयोग देकर उनके दुख को साझा करने का प्रयास भी किया।

ग्राम विकास समिति द्वारा स्वर्गीय चंद्रशेखर चंद्रवंशी, पूर्व सरपंच स्वर्गीय मथुरा बाई चंद्रवंशी एवं स्वर्गीय लिखन साहू के शोकाकुल परिवारों को सहायता राशि प्रदान की गई। समिति के सदस्यों ने परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि गांव का पूरा समाज उनके साथ खड़ा है।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि दुख की घड़ी में दिया गया छोटा सा सहयोग भी परिवारों के लिए बड़ा संबल बन जाता है। यही सोच ग्राम विकास समिति को लगातार सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करती है। ग्रामीणों ने समिति की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में आपसी भाईचारे और एकजुटता को मजबूत करते हैं।

बेलरगांव में खाद का भंडारण: जैविक खाद बोरी में बैच नंबर और समर्थन मूल्य अंकित नहीं, संदेह गहराया

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खंड के खरीफसीजन की शुरुआत के साथ किसानों के लिए उर्वरकों की मांग बढ़ गई है। इसी बीच बेलरगांव अंचल में एक निजी पवार टेंडर्स एवं कृषि केंद्र व्यापारियों द्वारा बड़ी मात्रा में खाद का भंडारण किए जाने का मामला सामने दिन शुक्रवार को दिखाई दी। जिसमें वही जैविक खाद की कई बोरियों पर बैच नंबर एवं अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) अंकित नहीं होने से संदेह की स्थिति निर्मित हो गई है।

वही खाद को देखने से आशंका जताई है कि यदि बिना जांच के ऐसे उर्वरकों का वितरण किसानों को कर दिया गया और खाद की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं निकली, तो किसानों की मेहनत और फसल दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

कलेक्टर द्वारा किसानों को उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अन्य अनियमितताओं पर नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन धमतरी द्वारा नियंत्रण कक्ष सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर कार्यालय (खाद्य शाखा) के निर्देशानुसार उर्वरकों सहित आवश्यक वस्तुओं की नियमित निगरानी की जा रही है तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए गए हैं।

छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री, अन्य वस्तुओं की टैगिंग तथा गुणवत्ता संबंधी अनियमितताओं पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश हैं।

इसके बावजूद बेलरगांव क्षेत्र में खाद की कुछ बोरियों पर बैच नंबर और समर्थन मूल्य अंकित नहीं पाए जाने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं कुछ बोरियों में यह जानकारी हाथ से पेन द्वारा लिखी हुई दिखाई देने की भी चर्चा है, जिससे खाद की प्रामाणिकता को लेकर संदेह और गहरा गया है।

कुछ ग्रामीणों का कहना है कि कृषि कार्य पूरी तरह उर्वरकों की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। किसान अपनी मेहनत की कमाई से खाद खरीदकर खेतों में उपयोग करते हैं। यदि खाद मानक के अनुरूप नहीं हुई या उसका अपेक्षित परिणाम नहीं मिला, तो किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। ऐसे में संबंधित खाद के भंडारण, गुणवत्ता एवं वैधता की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

जिला प्रशासन और कृषि विभाग लगातार जांच करे ताकि खाद के भंडारण स्थल की जांच कर उर्वरकों की गुणवत्ता, बैच नंबर, मूल्य अंकन एवं वैध दस्तावेजों की पड़ताल की जाए, ताकि किसानों के हितों की रक्षा हो सके और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

इस संबंध में कृषि विस्तार अधिकारी नगरी लाकेश साहू ने बताया कि जानकारी मिलने पर पवार ट्रेडर्स एवं कृषि केंद्र बेलरगांव में उसके खाद गोदाम में ट्रक से आज खाद डम्प किया हुआ जिसमे मौके पर देखने से जैविक खाद की बोरी पर बैच नंबर एव समर्थन मूल्य अंकित नहीं है। जिसमें इस मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है तथा उनके निर्देशानुसार विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज गैलरी

एम्बुलेंस चालक से दुर्व्यवहार और लाखों की क्षति पहुंचाने वाले तीनों आरोपियों पर धमतरी पुलिस ने की सख्त कार्यवाही

कुरुद/नवप्रदेश। 08 जून 2026 की रात्रि ग्राम उमरदा गौठान के पास हुए सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाने की सूचना पर वंदे मातरम परिवार समिति की एम्बुलेंस क्रमांक सीजी 05 15001 के चालक राधेश्याम निर्मलकर घटना स्थल पहुंचे थे। घटनास्थल पर उपस्थित कुछ असामाजिक तत्वों ने एम्बुलेंस के विलंब से पहुंचने की बात को लेकर चालक के साथ विवाद करते हुए अश्लील गाली-गलौच, जान से मारने की धमकी तथा हाथ-मुक्कों से मारपीट की। आरोपियों ने एम्बुलेंस वाहन में भी जमकर तोड़फोड़ करते हुए सामने का कांच, बोनट, एंटीगेटर एवं अन्य हिस्सों को क्षतिग्रस्त कर लगभग 1 लाख रुपये की क्षति पहुंचाई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कुरूद में अपराध क्रमांक 177/2026 धारा 296(ख), 115(2), 351(2), 324(4), 3(5) बीएनएस एवं चिकित्सा सेवक तथा चिकित्सा सेवा संस्थान (हिंसा तथा संपत्ति की क्षति या हानि की रोकथाम) अधिनियम 2010 की धारा 3(2) के तहत तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के कथन, घटनास्थल का निरीक्षण, वीडियो फुटेज तथा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष कराई गई शिनाख्ती कार्यवाही के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई।

कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में बीसीए तृतीय वर्ष का परिणाम शत-प्रतिशत

भाटापारा/नवप्रदेश। कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट देवरी रोड भाटापरा (प. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) से संबंधित बीसीए तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। महाविद्यालय में अध्ययनरत बीसीए की छात्रा मधु साहू 72.7 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया एंव सेउक 68.3 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया । छात्रों के उत्कृष्ट परिणाम पर महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला , प्राचार्य डॉ वंदना चौहान ने अच्छे परिणाम के लिए उन्हें बधाई दी। महाविद्यालय कम्प्यूटर संकाय के सहायक प्राध्यापिका श्रीमती सुषमा दुबे व सहा. प्राध्यापक श्री वैभव गुप्ता एंव मयंक सिंह के मार्ग दर्शन में छात्रछात्राओं ने सफलता प्राप्त किए।

टेहका रोड उपकेंद्र में लगे ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ा ,उपभोक्ताओं में खुशी

भाटापारा/नवप्रदेश। विद्युत कटौती होने,लो वोल्टेज की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए ट्रांसमिशन कंपनी ने नगर के टेहका रोड उपकेंद्र में लगे 3.15 मेगावाट कैपेसिटी के ट्रांसफार्मर को बढ़आ कर 5 मेगावाट का ट्रांसफार्मर लगाया है, इसके लगने से हटरी बाजार एरिया और सूरजपुरा रोड एरिया के विद्युत उपभोक्ताओं को अब निर्बाध गति से विद्युत सप्लाई मिलेगी। भीषण गर्मी में विद्युत सप्लाई में आ रही परेशानी और कम वोल्टेज की शिकायत को ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों ने इस शिकायत को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना योजना के तहत टेहका रोड उपकेंद्र में लगे 3.15 मेगावाट कैपेसिटी के ट्रांसफार्मर के स्थान पर 5 मेगावाट का ट्रांसफार्मर लगा दिया है, इस नए ट्रांसफार्मर के लगने के बाद इस उपकेंद्र से मिलने वाली विद्युत की आपूर्ति आबाद गति से मिलने लगेगी,जिसका फायदा हटरी बाजार इलाके और सूरजपुरा रोड एरिया के विद्युत उपभोक्ताओं को मिलने लगेगा। उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर लगने से प्रभावित विद्युत उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए हुए उनका आभार जताया है।

संत कंवरराम वार्ड में सीसी रोड का शिवरतन शर्मा ने किया भूमिपूजन

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर में जनसुविधाओं के विस्तार और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए शनिवार को संत कंवरराम वार्ड में 07 लाख 60 हजार रुपये की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया। शिवरतन शर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित कर कहा की काफी समय से जर्जर मार्ग की समस्या से जूझ रहे संत कंवरराम वार्ड के निवासियों के लिए यह सीसी रोड किसी सौगात से कम नहीं है। बरसात के दिनों में कीचड़ और गड्ढों से होने वाली परेशानी अब खत्म होगी। इस सड़क के बन जाने से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की हमारा संकल्प है कि भाटापारा नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य हो । सड़क, नाली, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार हैं।

स्वास्थ्य: घोठिया रोड में 40 एकड़ भूमि पर बन रहा मेडिकल कॉलेज, 306.23 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण

स्थायी भवन निर्माणाधीन, इसलिए अटकी मान्यता की राह

- **50 सीटों की तैयारी के बीच कवर्धा मेडिकल कॉलेज पर टिकी निगाहें**

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के बहुप्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन स्थायी भवन पूरी तरह तैयार नहीं होने के कारण मान्यता प्रक्रिया अभी अंतिम चरण तक नहीं पहुंच सकी है। वहीं प्रशासन प्रारंभिक तौर पर 50 सीटों के साथ मेडिकल कॉलेज शुरू करने की तैयारी में जुटा है। जिलेवासियों को उम्मीद है कि यदि आगामी महीनों में आवश्यक मानकों की पूर्ति हो जाती है तो वर्षों पुराना मेडिकल कॉलेज का सपना जल्द साकार हो सकता है।

कवर्धा के घोठिया रोड में लगभग 40 एकड़ भूमि पर 306.23 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है। दिसंबर 2025 में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना का भूमिपूजन किया था। जिले की सबसे बड़ी स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक परियोजनाओं में शामिल यह मेडिकल कॉलेज भविष्य में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनने की उम्मीद जगाए हुए है। मेडिकल कॉलेज बनने से जिले के विद्यार्थियों को एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता भी बढ़ेगी।

फैक्ट फाइल

- परियोजना लागत - 306.23 करोड़ रुपये
- स्थान - घोठिया रोड, कवर्धा
- कुल भूमि - लगभग 40 एकड़
- प्रस्तावित प्रारंभिक सीटें - 50
- भूमिपूजन - दिसंबर 2025
- मान्यता एजेंसी -नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी)
- अस्थायी परिसर - आयुष पॉलीक्लिनिक, उद्योग एवं व्यापार केंद्र एवं रोजगार कार्यालय भवन।

अस्थायी परिसर में 50 सीटों से शुरुआत की तैयारी: स्थायी परिसर के निर्माण में समय लगने की संभावना को देखते हुए प्रारंभिक चरण में 50 सीटों के साथ मेडिकल कॉलेज शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए जिला अस्पताल से लगे शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक भवन, उद्योग एवं व्यापार केंद्र तथा रोजगार कार्यालय भवन को अस्थायी शैक्षणिक परिसर के रूप में विकसित किया जा रहा है। वर्तमान में इन भवनों में रंग-रोगन, मरम्मत और आवश्यक अधोसंरचनात्मक सुधार कार्य जारी हैं। उद्देश्य यह है कि मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकें।

मान्यता प्रक्रिया पर टिकी सबसे बड़ी चुनौती: निर्माण कार्य और तैयारियों के बीच सबसे बड़ा सवाल मेडिकल कॉलेज की मान्यता को लेकर बना हुआ है। आम लोगों के बीच चर्चा है कि जब भवन निर्माण और अन्य तैयारियां चल रही हैं तो मान्यता मिलने में देरी क्यों हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार मेडिकल कॉलेज का निर्माण और उसकी मान्यता दो अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं। केवल भवन निर्माण से कॉलेज शुरू नहीं किया जा सकता। इसके लिए निर्धारित सभी शैक्षणिक और तकनीकी मानकों की पूर्ति आवश्यक होती है।

उम्मीद बरकरार, समय अभी शेष: स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का मानना है कि प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने में अभी पर्याप्त समय है। इस दौरान निर्माण कार्य को गति देने और एनएमसी के सभी मानकों की पूर्ति करने का प्रयास किया जा रहा है। यदि आगामी महीनों में आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी हो जाती हैं और एनएमसी से स्वीकृति मिल जाती है, तो कबीरधाम जिले का वर्षों पुराना मेडिकल कॉलेज का सपना साकार हो सकता है। जिलेवासियों को उम्मीद है कि मेडिकल कॉलेज शुरू होने से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ेगा।

एनएमसी के मानकों पर खरा उतरना जरूरी

किसी भी मेडिकल कॉलेज को संचालन की अनुमति देने से पहले नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की क्षमता, फैकल्टी की उपलब्धता, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, छात्र सुविधाएं, उपकरण और अधोसंरचना सहित कई बिंदुओं की जांच की जाती है। यदि किसी भी स्तर पर आवश्यक मानकों की कमी पाई जाती है तो मान्यता प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। यही कारण है कि स्थायी भवन का निर्माणाधीन होना भी एक महत्वपूर्ण पहलू माना जा रहा है।

अजय की कुरूद को एक और सौगात

60 लाख की लागत से बनेंगे सर्वसुविधायुक्त भवन, दुकानों का होगा निर्माण

- **चर्रा और कोड़ेबोड़ में बनेंगे आधुनिक महतारी सदन, महिलाओं को मिलेगा रोजगार का नया केंद**

कुरुद/नवप्रदेश। कुरुद विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ी पहल करते हुए ग्राम पंचायत चर्रा और कोड़ेबोड़ में आधुनिक महतारी सदन निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है।

क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर की पहल पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने दोनों परियोजनाओं के लिए कुल 60 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत योजना के तहत दोनों ग्राम पंचायतों में 30-30 लाख रुपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त महतारी सदन का निर्माण कराया जाएगा। इन भवनों का उद्देश्य महिला स्व-सहायता समूहों और ग्रामीणमहिलाओं को रोजगार, प्रशिक्षण और आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि महतारी सदन केवल एक भवन नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आत्मविश्वास, स्वावलंबन और आर्थिक सशक्तिकरण का केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का समग्र विकास महिलाओं की भागीदारी के बिना संभव नहीं है।

ग्रामीणों और महिलाओं ने जताया आभार: महतारी सदन निर्माण की स्वीकृति मिलने पर ग्राम पंचायत चर्रा और कोड़बोड़ की महिलाओं सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विधायक अजय चंद्राकर एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि इस योजना से क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से आगे क बढ़ने का नया अवसर मिलेगा।

महिलाओं के स्वावलंबन का केंद्र बनेगा महतारी सदन : योजना की विशेषता यह है कि महतारी सदन परिसर में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की बिक्री के लिए पक्की दुकानों का निर्माण भी किया जाएगा। इससे महिलाओं को अपने दम पर कुछ नया करने का अवसर मिलेगा।उन्होंने कहा कि महतारी सदन महिलाओं को संगठित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगा।

विधायक अनुज ने ग्राम नेऊरडीह, बरबंदा, परसुलीडीह और टेकारी में किया जनसंवाद, मेधावी छात्रों का बढ़ाया हौसला

धरसीवाँ/ कूंरा/नवप्रदेश। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के गौरवमयी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'घर-घर चलो अभियान' चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज धरसींवा विधानसभा के बोहरहीधाम मण्डल के अंतर्गत ग्राम बरबंदा, परसुलीडीह और टेकारी में लोकप्रिय विधायक अनुज शर्मा ने सघन दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से घर-घर जाकर मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। इस अभियान के दौरान उन्होंने हाल ही में घोषित परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के घर जाकर उनका आत्मीय सम्मान किया

ग्रामीणों के बीच पहुंचे विधायक, जाना हालचाल: शनिवार को विधायक अनुज शर्मा बोहरहीधाम मण्डल के अंतर्गत आने वाले ग्राम नेऊरडीह, बरबंदा, परसुलीडीह और टेकारी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की। बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हुए और युवाओं से चर्चा करते हुए उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं और आवश्यकताओं को करीब से जाना। उन्होंने बताया कि कैसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और राज्य सरकार की नीतियां समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचा रही हैं। उन्होंने आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि और स्थानीय स्तर पर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति से ग्रामीणों को अवगत कराया। विधायक को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया और उन्होंने आत्मीय स्वागत किया।

बुजुर्गों का सम्मान

विधायक ने गांवों के वरिष्ठ व बुजुर्ग जनों के घर जाकर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने बड़े-बुजुर्गों को फूलमाला, शॉल ओढ़ाकर, फूलमाला पहनाकर उनका आदर-सत्कार किया।

धरसींवा में 15 जून को आयोजित होगा विकासखण्ड स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला

धरसींवा/कूंरा/नवप्रदेश। ग्रामीण और स्थानीय क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से विकास खण्ड धरसींवा में आगामी 15 जून सोमवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक नवीन प्राथमिक शाला परिसर धरसींवा में प्रथम विकास खण्ड स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा करना तथा विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों को नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा परामर्श प्रदान करना है। शिविर में उपस्थित डॉक्टरों द्वारा विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों जैसे आयुर्वेदिक, होम्योपैथी एवं यूनानी के माध्यम से मरीजों की जांच की जाएगी।

कांग्रेस महामंत्री लक्ष्मी पाण्डेय के नेतृत्व में यात्रियों को पिलाई गई छाछ

भाटापारा/नवप्रदेश। तेज गर्मी को देखते हुए आम जन व रेलयात्री को कुछ राहत पहुंचाने के उदेश्य से लक्ष्मी पाण्डेय महामंत्री जिला कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने ठंडी मसाला छाछ का वितरण किया द्य श्रीमती लक्ष्मी पाण्डेय ने बताया कि गर्मी के दिनों में रेल यात्री अपनी यात्रा के लिए स्टेशन पहुंचते है ऐसे में यात्रियों को गर्मी से कुछ राहत देने और उन्हें ठंडा पेय पदार्थ पिलाकर उन मे ताजगी भरने के उद्देश्य से यह कार्य कांग्रेस जन कर रहे है।इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष द्वय अय्यूब बाठिया , ओमप्रकाश यदु सीरीज जांगड़े , जहीर बांठिया , अशोक तिवाड़ी ,नरेश चौबे , सत्यनारायण जोशी ,गिरीश पारप्यानी , सुशील तनवानी ,हंसराज बंसल , गिरिराज चावड़ा , प्रमिला साहू , निर्मला कोसले , हेमीन ध्रुव , दीपक रात्रे , इत्यादि की भूमिका बहुत ही सराहनीय रही द्य लक्ष्मी पाण्डेय के द्वारा की गई इस जनहितैषी पहल की नगर वासियों ने भूरी भूरी प्रशंसा की है।

कार्यालय कलेक्टर, जिला बालोद (छ.ग.)

// सार्वजनिक सूचना //

क्रमांक /2611/कले./भू-अर्जन/भुक्रनी/2026 बालोद, दिनांक 21/04/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत् कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद के अंतर्गत अनुविभाग गुण्डरदेही जिला बालोद के अंतर्गत पैरी से फुलझर मार्ग निर्माण कार्य के लिये ग्राम-पैरी प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. सिकोसा, तहसील- गुण्डरदेही जिला- बालोद (छ.ग.) के निम्नानुसार भू-धारक की भूमि की आवश्यकता होने से कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

क्र.	भू-धारक का नाम	ख.नं.	कुल रकबा हे.	क्रय हेतु प्रस्तावित कुल रकबा (वर्ग मीटर)
1	2	3	4	5
1	टिकेश्वर, तमेश्वर, सरिता, हिना आ. कंवलसिंह, रूखमणि पति कंवलसिंह जाति तेली	1262/2	0.08	50.00
2	डोमारसिंह आ. चतुर जाति तेली	1262/3	0.05	40.00
3	पिताम्बर पिता कीर्तनलाल, रवि पिता पिताम्बर, ओमप्रकाश, प्रीति कुमारी, पिता कृष्णालाल, जयंतीदेवी पति कृष्णालाल, प्यारेलाल, देवलाल, मोहनलाल, मनोहरलाल, पिता सुकलाल, यशवंत पिता डोमार, चंपाबाई, पुष्पाबाई पिता सुकलाल,जाति तेली	1260/1	0.02	200.00
4	सुबेलाल, सुरेश, युगांत नाबालिक जामुनबाई, कुमारी बाई पिता रूपलाल	1260/2	0.03	300.00
5	सत्यजीत भाटिया आ. प्रताप भाटिया जाति भाटिया	1260/6	0.028	113.00
6	दामनी कोटेंग्ले पति सुरेश कुमार कोटेंग्ले जाति महार	1260/7	0.012	26.00
7	रामसेवक साहू आ. नोखलाल जाति तेली	1260/5	0.0164	25.00
8	बाबूलाल आ. राजमल जाति जैन	1259	0.39	840.00
9	राधाबाई पिपरिया पति भारतलाल पिपरिया जाति कुर्मी	1276	1.74	2736.00
10	भारत आ. विसर्जन, हिराबाई पति विसर्जन जाति सतनामी	1254/1	0.31	490.00
		1254/2	0.47	490.00
		1251	0.40	700.00
11	निरेश, तोमेश कुमार, उमेशकुमार, लिखेशकुमार, दिनेश कुमार, आ. भरतलाल, राधाबाई पति भरतलाल जाति कुर्मी	1252	0.45	560.00
12	उजियालिकराम उपेन्द्र कुमार, सेवकराम, किरण पिता पुहुपलाल, सांवली बाई पति पुहुप लाल जाति तेली	1250	0.30	490.00
		1249	0.16	224.00
13	मोहनलाल आ. उजियालिक जाति तेली	1275/1	4.43	856.00
14	मुन्नी बाई पति पुनीतराम जाति गोड़	1275/6	0.04	20.00
		1275/5	0.03	20.00
15	तुलाराम पिता धिराजी जाति तेली	1275/4	0.03	20.00
16	मधुलिका पति रमाकांत जाति ब्राम्हण	1275/3	0.03	20.00
17	शिशुपाल पिता धिराजी जाति तेली	1275/2	0.05	20.00
	योग	21	9.0664	8240.00

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो जारी दिनांक से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर
जिला-बालोद

जी- 262701394/1

राम कथा में पहुंचे कथा प्रवक्ता विष्णु अरोड़ा का विधायक चन्द्राकर ने किया स्वागत

कुरूद/नवप्रदेश। हर हर महादेव महिला मंडल कुरूद द्वारा आयोजित रामकथा उत्सव में बाल योगी विष्णु अरोरा ने कथा प्रवक्ता ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य के भीतर राम तत्व विराजित है और उसके दर्शन मन रूपी दर्पण से किए जा सकते हैं। श्रीराम चरित्र की कथा श्रीरामचरित्र मानस व्यक्ति को जीवन में ज्ञान की दृष्टि प्रदान करती हैं। बालयोगी अरोरा जी ने कहा कि भीतर के राम को मन के दर्पण से देख सकते हैं ।रामचरित्र मानस ग्रंथ मनुष्य जीवन की दृष्टि का दोष मिटाता हैं। और ज्ञान दृष्टि होने पर व्यक्ति को जीवन का आनंद आता हैं।

इसके बाद कथा प्रवक्ता विष्णु जी नेसीता-राम विवाह प्रसंग की शुरुआत राजा जनक की पुष्प वाटिका से की। उन्होंने सीता और राम के प्रथम भेंट के श्रृंगार रस से भरे भाव को दर्शकों और श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया, जब सीता अपनी सखियों के साथ पुष्प तोड़ने गई थीं। राजा जनक द्वारा सीता विवाह के लिए रखे गए स्वयंवर का वर्णन किया गया। ऋषि विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण वहां पहुंचे, और राम को धनुष तोड़ने का आशीर्वाद दिया गया। राम द्वारा धनुष तोड़ने के बाद, सीता और राम के विवाह का पारंपरिक शैली में संगीतमय गायन और झांकी प्रस्तुत की गई , जिसने श्रोताओं और दर्शकों को भक्तिमय कर दिया।

वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने कथा प्रवक्ता विष्णु जी को लाल साफा भेंट कर उनका सम्मान किया। कथा सुनने पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमति रामशिला साहू , डॉ दयाराम साहू दुर्ग, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ,भानु चंद्राकर, मूलचंद सिन्हा, जमाल रिजवी,रमेश केला , नवलकिशोर केला ,रामकिशोर केला,भीखम चंद केला,अरुण केला,ओमप्रकाश केला,भंवर लाल केला,ओमकार केला,गोविंद सदानी,सुरेश केला,गोपाल केला,नंदू केला , ओंकारदास राठी, श्याम चंडाक,मनोज केला,महेश केला,नर्सिंग केला, सुशील केला ,अशोक केला,सीताराम केला,विनोद राठी , आनंद राठी,शंभु राठी,विजय केला, संजय अजय केला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रामकथा का रसपान किया।

MUNICIPAL COUNCIL DANTEWADA (C.G.)

e-Procurement Tender Notice (5th Call)
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT No./492/Tech./N.P.P.D./2026-27 **Dantewada, date 12.06.2026**

Chief Municipal Officer, Municipal Council Dantewada invites online Tenders on Form "F" (Lump-Sum) From contractors registered in appropriate class in "unified Registration system e-Registration" PWD Chhattisgarh Govt. of C.G./Firms of repute for following work:-

S. No	System Tender No.	Name of work	Probable amount of contract (Rs. In Lakh)	Earnest Money (Rs. In Lakh)	last Date of Download and upload
1	193378	Balance works of PMAY Building, Construction of Multistorey Building including internal water supply Sanitary and internal electrification for 315 Nos. of DUs by conventional/Monolithic/ per-cast Technology with Infrastructure (Road, Drain, Water Supply, Sewerage etc.) Under HFA Scheme.	**796.00**	Rs. 5.00 Lakh	13.07.2026

Note:- 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal **https://eproc.cgstate.gov.in.**
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of e-Procurement System **Help Desk at Toll free no. 18002582502** or through Email ID- **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.**
3. For more details please download NIT details.

Chief Municipal Officer
Municipal Council Dantewada
Dist - Dantewada (C.G.)

स्कूलों में अब दिन की शुरुआत राष्ट्रगान से और छुट्टी राज्यगीत से होगी, शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

मुंगेली/नवप्रदेश। सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में 16 जून से पढाई शुरू हो जाएगी आदेश के मुताबिक, प्रदेश में 20 अप्रेल से 15 जून से भीष्मकालिन अवकाश घोषित कर दिया गया था छुट्टियां खत्म होने के बाद नया शैक्षणिक सत्र 2026-27 का नियमित संचालन 16 जून से शुरू किया जाएगा।

स्कूल खुलने के साथ ही प्रवेश उत्सव होगा जिसमें बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा और पात्र विद्यार्थीयों को निःशुल्क किताबे, गणवेश और सायकल बांटी जाएगी। इस बार शासन द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार, सुबह स्कूल लगने पर प्रार्थना के समय सबसे पहले राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का गायन होगा, जिसके बाद दीपमंत्र, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र और महापुरुषों की जीवनी का वाचन किया जाएगा। इसके बाद, मध्यान्ह भोजन के समय विद्यार्थियों द्वारा भोजन मंत्र का उच्चारण किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी स्कूलों के लिए एक नया और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किया है, नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रदेश के अंतर्गत संचालित समस्त स्कूलों में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं के बौद्धिक विकास और उन्हें अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से अवगत कराने के उद्देश्य से दैनिक गतिविधियों का एक निश्चित क्रम तय कर दिया गया है। महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय द्वारा जारी इस आधिकारिक आदेश के तहत अब स्कूलों में सुबह की प्रार्थना से लेकर दोपहर के भोजन और शाम को छुट्टी होने तक की सभी गतिविधियां अनिवार्य रूप से निर्धारित नियम के अनुसार संचालित होंगी। विभाग द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार, सुबह स्कूल लगने पर प्रार्थना के समय सबसे पहले राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का गायन होगा, जिसके बाद दीपमंत्र, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र और महापुरुषों की जीवनी का वाचन किया जाएगा। इसके बाद, मध्यान्ह भोजन के समय विद्यार्थियों द्वारा भोजन मंत्र का उच्चारण किया जाएगा। वहीं, शाम को स्कूल की छुट्टी होने के समय राज्यगीत (अरपा पैरी के धार), गायत्री मंत्र और अंत में शांति मंत्र का पाठ किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव रामेश्वर प्रसाद वर्मा द्वारा जारी इस आदेश में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे इन गतिविधियों का प्रतिदिन ऊपर वर्णित क्रमानुसार ही आयोजन सुनिश्चित कराएं।

न्यूज गैलरी

केंद्रीय जेल अंबिकापुर के 100 मीटर दायरे को घोषित किया गया रेड जोन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय जेल अंबिकापुर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा जेल परिसर में प्रतिबंधित सामग्री की संभावित आपूर्ति को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल अंबिकापुर तथा मुख्यालय जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, रायपुर से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में यह आदेश जारी किया गया है। केन्द्रीय जेल अंबिकापुर चारों ओर से आवासीय बस्तियों से घिरा हुआ है, जिससे असामाजिक तत्वों द्वारा ड्रोन अथवा अन्य हवाई माध्यमों से जेल परिसर में प्रतिबंधित सामग्री पहुंचाए जाने की आशंका बनी रहती है।जारी आदेश के अनुसार केन्द्रीय जेल अंबिकापुर की मुख्य दीवार के बाहर 100 मीटर की परिधि को रेड जोन एवं नो-फ्लाई जोन घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में ड्रोन, गुब्बारे तथा किसी भी प्रकार के विमानन उपकरणों के उड़ान संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।इसके अतिरिक्त जेल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ड्रोन, गुब्बारे अथवा अन्य हवाई उपकरणों के माध्यम से किसी भी प्रकार की हवाई फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अतिथि शिक्षकों की भर्ती

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम बंधवा स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अतिथि शिक्षकों की भर्ती हेतु 22 जून को वाक इन इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि शिक्षकों के रिक्त पदों तथा सत्र के दौरान कर्मचारी के लम्बे अवकाश पर जाने की संभावना वाले पदों हेतु अतिथि शिक्षकों का पैनल तैयार किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय के प्राचार्य से सम्पर्क किया जा सकता है।

खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नि:शुल्क प्रशिक्षण, आवास, भोजन की सुविधा

मुंगेली/नवप्रदेश। अनुसूचित जाति बालक खेल परिसर में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 22 एवं 23 जून 2026 को जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया जाएगा। खेल प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें उच्च स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह चयन प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि खेल परिसर में एथलेटिक्स, व्हॉलीबॉल, तीरंदाजी, बास्केटबॉल एवं बेसबॉल जैसी खेल विधाओं में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को अनुभवी प्रशिक्षकों एवं व्यायाम अनुदेशकों के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण मिलेगा। प्रवेश के लिए ऐसे अनुसूचित जाति वर्ग के बालक पात्र होंगे, जो माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत हैं तथा जिनका जन्म 01 जनवरी 2014 अथवा उसके बाद हुआ है। चयन प्रक्रिया में 50 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, पुश-अप, सिटअप, अपर बॉडी बेंडिंग, गतिशील स्फूर्ति परीक्षण, स्टैंडिंग जंप, उछाल परीक्षण एवं शटल रेस सहित विभिन्न शारीरिक दक्षता परीक्षाएं ली जाएंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 05 अंक तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भागीदारी करने वाले खिलाड़ियों को 10 अंक का बोनस भी दिया जाएगा। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक वर्ष अनुत्तीर्ण छात्र भी प्रवेश के लिए पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र के साथ पिछली कक्षा की अंकसूची, जाति प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र संलग्न कर 20 जून 2026 तक अनुसूचित बालक छात्रावास खेल परिसर, मुंगेली तथा जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में आवेदन जमा कर सकते हैं। चयनित विद्यार्थियों को खेल परिसर में निःशुल्क आवास, पौष्टिक भोजन, खेल सामग्री एवं प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा प्रतिवर्ष ट्रैक सूट, जूते, मोजे, टी-शर्ट, नेकर एवं शालेय गणवेश भी शासन द्वारा प्रदान किए जाएंगे। विद्यार्थी कक्षा 12वीं तक अध्ययन अवधि के दौरान खेल परिसर में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर रहेगा प्रतिबंध

मुंगेली/नवप्रदेश। वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस अवधि में प्रदेश के अधिकांश जल संसाधनों में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1972 की धारा 3 उपधारा 2 (दो) के तहत मछलियों की प्राकृतिक वंशवृद्धि एवं जैव विविधता का संरक्षण सुनिश्चित करने उक्त अवधि में मत्स्याखेट प्रतिबंधित किया गया है।

निधन

किशन लाल बउआ सोनी

मुंगेली/नवप्रदेश। सोनारपारा निवासी किशन लाल बउआ सोनी उम्र 70 वर्ष का 12 जून को दोपहर में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 जून को खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराने जिला प्रशासन सक्रिय

मुंगेली/नवप्रदेश। खरीफ मौसम 2026 की शुरुआत के साथ ही किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त खाद एवं बीज की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने जिला प्रशासन सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में खाद एवं बीज के भंडारण, वितरण और निगरानी की सतत व्यवस्था की गई है, जिससे किसानों को कृषि कार्यों के लिए आवश्यक सामग्री सहज रूप से उपलब्ध हो सके। इसी क्रम में जिले के विभिन्न उर्वरक विक्रय केंद्रों में किसानों को वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुरूप संतुलित उर्वरकों का वितरण कराया जा रहा है। उप संचालक कृषि श्रीमती वीणा ठाकुर ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न निजी कृषि केन्द्रों में यूरिया वितरण की व्यवस्था की गई।

जिले के किसानों की सुविधा के लिए इन केंद्रों में शुद्ध पेयजल, छाया एवं बैठने की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही कृषि आदानों की गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। विकासखंड लोरमी अंतर्गत अखरार, खुड़िया एवं दरवाजा में विभिन्न कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बीज भंडारण एवं वितरण में अनियमितताएं पाए जाने पर श्री राधे कृषि केंद्र अखरार, शरद कृषि केंद्र रामूनगर अखरार तथा कृष्णा कृषि केंद्र खुड़िया में बीज विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया। वहीं मां कल्याणी कृषि केंद्र को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त श्री राधे कृषि केंद्र अखरार एवं शरद कृषि केंद्र रामूनगर अखरार में उर्वरक भंडारण एवं वितरण संबंधी अनियमितताएं पाए जाने पर भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के दौरान, अनुविभागीय कृषि अधिकारी सुभाष सोनी, जिला उर्वरक निरीक्षक मनहरण कुर्रे तथा कृषि निरीक्षक हेमंत लाहौर एवं संजय सोनवानी उपस्थित रहे।

व्यापमं की प्री-बीएड और बीएससी नर्सिंग परीक्षा संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा आयोजित प्री. बी.एड. और बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2026 गुरुवार, 11 जून को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, हालांकि एक बड़ा तबका परीक्षा देने नहीं पहुंचा, जिला समन्वयक से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, दोनों परीक्षाओं को मिलाकर जिले में कुल 512 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

दोनों परीक्षाओं का आयोजन सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे की पाली में किया गया था। परीक्षाओं के लिए परीक्षार्थियों में काफी उत्साह देखा गया, हालांकि एक बड़ा तबका परीक्षा देने नहीं पहुंचा। प्री. बी.एड. प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में कुल 5 केंद्र बनाए गए थे, जहाँ कुल 1412 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 1068 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 344 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जे.पी. मिश्रा शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, केंद्र 3301 कुल 360 में से 249 उपस्थित, 111 अनुपस्थित, शासकीय एस.एन.जी. कॉलेज, केंद्र 3302 कुल 360 में से 281 उपस्थित, 79 अनुपस्थि बी.आर. साव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केंद्र 3303 कुल 360 में से 288 उपस्थित, 72 अनुपस्थित, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, करही, मुंगेली केंद्र 3304 कुल 240 में से 174 उपस्थित, 66 अनुपस्थित, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दाऊपारा केंद्र 3305 कुल 92 में से 76 उपस्थित, 16 अनुपस्थित। इसी प्रकार, बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में 4 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे। यहाँ कुल पंजीकृत 766 परीक्षार्थियों में से 598 उपस्थित दर्ज किए गए और 168 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

विधायक मोहले ने गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले ने दाऊपारा स्थित माता महामाया मंदिर एवं बाबा गुरु घासीदास की प्रतिमा स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा राष्ट्र की निरंतर उन्नति एवं समृद्धि की कामना किया गया।

इस अवसर पर विधायक मोहले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान गरीब, किसान, युवा, महिला एवं समाज के सभी वर्गों के कल्याण हेतु अनेक ऐतिहासिक एवं जनहितकारी योजनाएं संचालित की गई हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे देश के विकास को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है तथा आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। विधायक मोहले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 12 वर्षों की सफल, जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए उनके नेतृत्व में आगे बढ़ने का विश्वास व्यक्त किया।

मुंगेली के ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब कारोबार बेखौफ

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण अंचलों में अवैध रूप से शराब बेचने वाले कोचियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि शाम ढलते ही इनकी दुकानदारी शुरू हो जाती है, जो देर रात तक बेखौफ तरीके से संचालित होती रहती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ऊंची पहुंच और रसूख के चलते ये लोग प्रशासनिक कार्रवाई की परवाह किए बिना खुलेआम अपना कारोबार चला रहे हैं।

ज्ञात हो कि पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग द्वारा लगातार अवैध शराब के खिलाफ छापेमार कार्रवाई की जाती रही है। इसके बावजूद जिला मुख्यालय से लगे कई ग्रामीण क्षेत्रों में शराब दुकानों के बंद होने के बाद से लेकर अगले दिन दुकान खुलने तक अवैध शराब की बिक्री जारी रहती है। इन कोचियों द्वारा शराब प्रेमियों से निर्धारित मूल्य से कहीं अधिक रकम वसूली जाती है। जानकारों के अनुसार, एक बोतल पर 50 से 100 रुपये तक अतिरिक्त राशि लेकर शराब बेची जा रही है। देर रात शराब की तलाश में पहुंचने वाले लोगों को उनकी पसंद के लगभग सभी ब्रांड आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। जबकि दूसरी ओर सरकारी शराब दुकानों में अक्सर शराब की कमी और कई लोकप्रिय ब्रांड उपलब्ध नहीं होने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। स्थिति यह है कि शहर से महज चार से पांच किलोमीटर की दूरी तय करते ही मदिरा प्रेमियों को उनकी मनपसंद शराब आसानी से मिल जाती है। इससे यह सवाल भी उठने लगे हैं कि जब सरकारी दुकानों में कई बार शराब उपलब्ध नहीं रहती।

स्कूल बसों का सुरक्षा ऑडिट 10 वाहनों में मिलीं खामियां

मुंगेली/नवप्रदेश। शिक्षण सत्र के प्रारंभ होने से पूर्व जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से स्कूल बसों का व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में एसएनजी कॉलेज मैदान में आयोजित इस विशेष जांच अभियान के दौरान स्कूल बसों की तकनीकी एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप किए गए निरीक्षण में जिले की 29 स्कूल बसें जांच के लिए पहुंची। निरीक्षण के दौरान बच्चों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मानकों का परीक्षण किया गया। वहीं अनुपस्थित बसों के संचालकों को नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई।

स्कूलों में अतिरिक्त शिक्षकों की शीघ्र व्यवस्था करें: कलेक्टर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने शुक्रवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान जिले में शिक्षा व्यवस्था और शैक्षणिक उपलब्धियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनय कुमार अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा, सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में शैक्षणिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन और विद्यार्थियों के बेहतर शैक्षणिक परिणाम सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

इस दौरान भवनविहीन विद्यालयों, विद्युतविहीन विद्यालयों की जानकारी ली गई तथा सूची उपलब्ध कराने निर्देश दिए, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उन्होंने सभी स्कूलों में लगाए गए न्यूज डेस्क की जानकारी लेते हुए कहा कि विद्यार्थियों में न्यूजपेपर पढ़ने की आदत डलवाएं। उन्होंने जिले में पुस्तकों एवं गणवेश की उपलब्धता की जानकारी ली तथा पर्याप्त संख्या में उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान उन्होंने पूर्व शैक्षणिक सत्र में परीक्षा परिणाम की जानकारी ली। बैठक में परीक्षा परिणामों के आधार पर विद्यालयों के प्रदर्शन का आकलन किया गया। उन्होंने बेहतर परिणाम देने वाले विद्यालयों की सराहना की, वहीं अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यालयों में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने तथा आगामी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम की मॉनिटरिंग प्रत्यक्ष रूप से डीईओ स्तर पर की जाए।

पेज 1 का शेष...

स्कूलों में अब गूंजेंगे...

नैतिक मूल्यों, राष्ट्रीय चेतना और भारतीय संस्कृति से गहराई से जोड़ा जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 से प्रदेश की सभी शालाओं में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, राज्यगीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों के नियमित व अनिवार्य संचालन के कड़े निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय महानदी भवन (नवा रायपुर) से जारी इस आदेश के तहत सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में इस व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

16 जून से खुलेंगे स्कूल...

यूनिफॉर्म और साइकिल बांटी जाएगी। साथ ही ड्रॉपआउट बच्चों को वापस लाने स्पेशल प्लान तैयार किया गया है। बोर्ड और स्थानीय परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स का सम्मान किया जाएगा। वहीं प्राइवेट स्कूलों को तय शेड्यूल के अनुसार फ्री किताबें दी जाएगी। किताबों का वितरण 12 डिपो (6 स्थायी और 6 अस्थायी) के जरिए किया जाएगा।

समृद्ध, आत्मनिर्भर और...

कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 60 करोड़ से ज्यादा हेल्थ कार्ड बना है। पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत 58 करोड़ से ज्यादा लोगों को फायदा मिल रहा है। पीएम आवास योजना के तहत कई लोगों को इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ। छत्तीसगढ़ के लोगों को भी 10 लाख 60 हजार पीएम आवास योजना का लाभ मिला। पीएम उज्ज्वला योजना के तहत गैस का कनेक्शन दिया गया। जल जीवन मिशन के तहत 16 करोड़ से ज्यादा घरों में नल से पानी पहुंचा।

ममता के भतीजे अभिषेक...

है। रॉय का मोबाइल फोन आखिरी बार बनर्जी के कालीघाट आवास पर ट्रेस किया गया था, जिसके बाद पुलिस ने यहां छापा मारा। अभिषेक ने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी ताला तोड़कर घर में घुसे और हर कमरे की तलाशी ली। अभिषेक के घर छापेमारी ऐसे वक्त की गई जब फर्जी हस्ताक्षर मामले में उनके खिलाफ सीआईडी जांच जारी है।

एयरफोर्स का ट्रांसपोर्ट...

इंडियन एयरफोर्स ने बताया कि विमान रुटीन उड़ान पर था। साथ ही अपील कि शुरुआती नतीजे आने तक कोई अंदाजा न लगाएं। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए हैं।

कन्या विवाह योजना...

खरीद सके। इधर, शिकायत के बाद कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए हैं। दरअसल, रतनपुर के खड़गवां ब्लॉक के चनवारीडांड में 10 फरवरी 2026 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में 189 जोड़ों की शादी कराई गई थी। योजना के तहत दुल्हनों को मंगलसूत्र समेत कई उपहार दिए गए थे, लेकिन शादी के कुछ ही समय बाद कई दुल्हनों ने शिकायत की कि उनके मंगलसूत्र का रंग काला पड़ने लगा। इसके बाद जब उन्होंने मंगलसूत्र की जांच कराई गई तो दावा किया गया कि उनमें चांदी की जगह गिलट का इस्तेमाल किया गया है। मामला सामने आते ही प्रभावित महिलाओं ने मीडिया के सामने अपनी नाराजगी जाहिर की। उनका कहना है कि गरीब परिवारों की बेटियों के लिए चलाई जा रही इस योजना में ऐसी लापरवाही दुर्भाग्यपूर्ण है। महिलाओं ने जिम्मेदार अधिकारियों पर भी सवाल उठाए हैं।

नकली गहने बांटने का आरोप: नवविवाहिता संजना दयाल ने बताया कि उनकी शादी 10 फरवरी को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत हुई थी। शादी के दौरान उन्हें जो मंगलसूत्र दिया गया था, वह नकली निकला। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने मंगलसूत्र पहनना शुरू किया तो उसका रंग काला पड़ने लगा। इसके बाद उन्होंने इसकी जांच कराई, जिसमें पता चला कि यह असली चांदी का नहीं है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रभारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

देश के दुश्मन का अब...

इंटरसेप्ट कर (रोकर) तबाह कर देंगे, जिससे वह जमीन तक नहीं पहुंच पाएगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, परीक्षण की गई दो इंटरसेप्टर मिसाइलों को इंटरमीडिएट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल (आईआरबीएम) की श्रेणी में रखा गया है, जिनकी मारक क्षमता 2,000 से 5,000 किलोमीटर के बीच है। इनकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि ये 'एक्सो-एटमॉस्फेरिक' (वायुमंडल के बाहर) और 'एंडो-एटमॉस्फेरिक' (वायुमंडल के अंदर) दोनों स्थितियों में दुश्मन की मिसाइलों को मार गिराने में सक्षम हैं। इसके अलावा, भारत ने अपनी नौसेना के लिए एनएएसएम-एमआर (नेवल एंटी-शिप मिसाइल-मीडियम रेंज) का भी सफल परीक्षण किया है। भारत लगातार अपनी रक्षा क्षमताओं को आधुनिक बना रहा है। खबरों के मुताबिक, डीआरडीओ अब 'अग्नि-6' पर काम कर रहा है।

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज...

और व्यवस्थाओं को बेहतर तरीके से चलाने की जिम्मेदारी भी उनके पास होती है।

संयुक्त दीक्षांत परेड: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया निरीक्षण

हैदराबाद/ए.। हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी (एएफए) से स्नातक होने के बाद राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की महिलाओं के पहले बैच सहित कुल 231 फ्लाइट कैडेटों (194 पुरुष और 37 महिलाएं) ने 13 जून, 2026 को भारतीय वायु सेना (आईएएफ) में अधिकारी के रूप में कमीशन प्राप्त किया। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 217वें कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड की समीक्षा की और स्नातक कैडेटों को 'राष्ट्रपति कमीशन' प्रदान किया, जो भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के लिए कैडेटों के पूर्व-कमीशनिंग प्रशिक्षण की समाप्ति का प्रतीक है। श्री सिंह ने अधिकारियों से उभरती चुनौतियों के प्रति निरंतर सतर्क रहने और स्थिति के अनुसार अपनी प्रतिक्रियाओं को समायोजित करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भारतीय नौसेना के नौ (09) अधिकारियों, भारतीय तटरक्षक बल के तीन अधिकारियों और वियतनाम समाजवादी गणराज्य के दो अधिकारियों को 'विंग्स' से सम्मानित किया गया। नौवहन प्रशिक्षण पूरा करने पर तीन अधिकारियों को 'ब्रेवेट' प्रदान किए गए। रक्षा मंत्री ने स्नातक कैडेटों को बधाई देते हुए कहा कि वे एक ऐसी सेवा में शामिल हो रहे हैं जिसने राष्ट्र के लिए ढाल और तलवार दोनों की भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, ÷श्रीनगर एयरलिफ्ट के जरिए भारतीय वायु सेना ने 1947-48 के कश्मीर युद्ध का रुख बदल दिया और 1971 के युद्ध के दौरान निर्णायक हवाई हमलों से मात्र 13 दिनों में इतिहास रच दिया। 2025 के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी अदम्य भावना और अद्वितीय शौर्य का प्रदर्शन हुआ, जब उन्होंने आतंकी ठिकानों को स्पष्टता और सटीकता से नष्ट कर दिया। यह ऑपरेशन न केवल हमारे स्वदेशी विमानों द्वारा, बल्कि भारतीय वायु सेना के प्रशिक्षित, साहसी और अनुशासित अधिकारियों के कारण भी सफल रहा। मुझे विश्वास है कि यह भविष्य के अभियानों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।" रक्षा मंत्री ने कैडेटों को भविष्य की युद्ध प्रणालियों और रणनीतियों को समझने, अपनाने, आत्मसात करने और आवश्यकता पड़ने पर उनमें बदलाव करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी मोर्चों पर निर्णायक बढ़त हासिल करने के लिए नवाचार, क्रियान्वयन और प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, ÷प्रत्येक संघर्ष सीखने का अवसर प्रदान करता है। आपको कड़ी मेहनत को बुद्धिमत्ता और प्रतिभा के साथ जोड़ना होगा। वर्तमान युग में, बुद्धिमान राष्ट्र प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना रहे हैं। पहले यह माना जाता था कि प्रमुख शक्तियों को हर मोर्चे पर निर्णायक बढ़त प्राप्त है, लेकिन आज अपेक्षाकृत छोटी शक्तियां भी छोटे लेकिन घातक हथियारों और नवीन रणनीतियों का उपयोग करके बड़े प्लेटफार्मों पर भारी नुकसान पहुंचा सकती हैं।"

खैबर पख्तूनख्वा में बड़ी सैन्य कार्रवाई, 21 ढेर

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से बड़ी खबर सामने आ रही है। सुरक्षा बलों ने पिछले तीन दिनों में 21 आतंकवादियों को मार गिराया है। यह पूरी कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई है। सेना की मीडिया विंग ने शनिवार को इस बात की जानकारी दी है। यह मुठभेड़ उत्तरी वजीरिस्तान जिले में पिछले 72 घंटों से चल रही थी। मारे गए आतंकियों में चार बड़े रिंग लीडर यानी कमांडर भी शामिल हैं। ये कमांडर सुरक्षा बलों पर हमले और आम नागरिकों की हत्या के मामलों में वांछित थे। सरकार इन आतंकियों को 'फित्ना-अल-ख्वारिज' कहती है। यह असल में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का ही दूसरा नाम है।

इससे पहले मई के आखिरी हफ्ते में भी सेना ने दत्ता खेल इलाके में 11 आतंकियों को मार गिराया था। इसके बाद जून के पहले हफ्ते में मीरानशाह में एक आत्मघाती हमला नाकाम किया गया था। इस घटना के बाद वहां धारा 144 लागू कर दी गई थी। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में सुरक्षा स्थिति बिगड़ी है।

हथियार बरामद और सैन्य अभियान

सेना के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में कुल 48 आतंकवादी मारे गए हैं। सुरक्षा बलों ने मारे गए आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। इलाके में छिपे बाकी आतंकियों को ढूंढने के लिए सैनिटाइजेशन ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सेना और सुरक्षा एजेंसियां लगातार खोजी अभियान चला रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि आतंकवाद के खिलाफ यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर हुए हमले में भारतीय नाविक मौत मामला

ईरान ने ट्रंप पर किया पलटवार अमेरिका पर लगाए गंभीर आरोप

तेहरान/ए.। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच आरोप-प्रत्यारोप का नया दौर शुरू हो गया है। इस बार विवाद के केंद्र में भारतीय नाविकों की मौत और होर्मुज जलडमरूमध्य में हुए जहाजों पर हमले हैं। ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने भारतीय नाविकों को ले जा रहे जहाजों पर हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया था। ईरान ने इसे बेबुनियाद आरोप बताते हुए उल्टा अमेरिका पर ही भारतीय जहाजों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। इस घटनाक्रम ने क्षेत्रीय तनाव के साथ-साथ भारत से जुड़े मानवीय पहलू को भी चर्चा के केंद्र में ला दिया है। क्या है ट्रंप का दावा और ईरान का जवाब?

ईरान के भारत स्थित दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति का आरोप पूरी तरह निराधार है। दूतावास ने दावा किया कि एक सप्ताह से भी कम समय में अमेरिका ने तीन भारतीय जहाजों पर हमला किया, जिसमें तीन भारतीय नाविकों की जान चली गई। ईरान ने कहा कि ट्रंप का बयान असली मुद्दे से लोगों का ध्यान हटाने की कोशिश है। ईरानी पक्ष ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अमेरिका पर क्षेत्र में तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया। इस बयान के बाद दोनों देशों के बीच जुबानी जंग और तेज हो गई है।

भारतीय नाविकों की मौत पर ईरान ने क्या कहा?

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने भारतीय नाविकों की मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकों की जान जाना बेहद दुखद है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। बघाई ने अमेरिका की कार्रवाई को सशस्त्र लूट और राज्य प्रायोजित समुद्री डकैती करार दिया। उन्होंने भारतीय जनता और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की। ईरान का कहना है कि समुद्री मार्गों की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान सभी देशों की जिम्मेदारी है।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय से ईरान की क्या मांग है?

ईरान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अमेरिका की कथित कार्रवाई की जांच और जवाबदेही तय करने की मांग की है। बघाई ने कहा कि बार-बार होने वाली ऐसी घटनाएं वैश्विक शांति, समुद्री व्यापार और नौवहन की स्वतंत्रता के लिए खतरा हैं। उनका कहना है कि यदि ऐसे मामलों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। ईरान ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थाओं से भी इस मुद्दे पर ध्यान देने की अपील की है।

निपाह और शिगेला संक्रमण पर केरल सरकार सख्त

तिरुवनंतपुरम। केरल में निपाह वायरस को लेकर बढ़ी चिंताओं के बीच राज्य सरकार ने राहत भरी जानकारी दी है। स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने कहा है कि निपाह से संक्रमित मरीज की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है और उसके संपर्क में आए सभी लोगों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। राज्य में शिगेला संक्रमण के कुछ मामले भी सामने आए हैं, लेकिन सरकार का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है।

ऐसे में स्वास्थ्य विभाग लगातार निगरानी बनाए हुए है और लोगों से सतर्क रहने की अपील कर रहा है। मंत्री ने बताया कि मरीज के संपर्क में आए सभी लोगों के नमूने जांच के लिए भेजे गए थे। इन नमूनों की जांच पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) में की गई। जांच रिपोर्ट में किसी भी व्यक्ति में निपाह संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि यह सकारात्मक संकेत है, लेकिन वायरस की गंभीरता को देखते हुए सतर्कता में कोई कमी नहीं बरती जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि मई से सितंबर के बीच का समय निपाह संक्रमण के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है। उन्होंने लोगों से चमगादड़ों को छूने या उन्हें उकसाने से बचने की सलाह दी।

निकहत ने समाज की तोड़ी बेड़ियां दुबारा विश्व चैंपियन बन रचा इतिहास

नई दिल्ली/ए.। जब निकहत जरीन ने बॉक्सिंग की दुनिया में करियर बनाने की ठानी, तो सामने कई बड़ी चुनौतियां थीं। निकहत की मां तक नहीं चाहती थीं कि वह बॉक्सिंग की रिंग में उतरे। हालांकि, निकहत ने मजबूत इरादे और बुलंद हौसलों के दम पर न सिर्फ समाज की बेड़ियों को तोड़ा, बल्कि रिंग में उतरकर विश्व की कई दिग्गज बॉक्सरों को चारों खाने चित भी किया। निकहत का जन्म 14 जून, 1996 को तेलंगाना के निजामाबाद में हुआ। निकहत के चाचा खुद एक बॉक्सिंग कोच थे और वह निकहत के भाइयों को बॉक्सिंग की बारीकियां सिखाया करते थे। निकहत की भी रुचि इस खेल के प्रति बचपन से ही बढ़ने लगी। 13 साल की उम्र में उन्होंने बॉक्सिंग में करियर बनाने की ठान लीं। हालांकि, उनकी खुद की मां नहीं चाहती थीं कि बेटी बॉक्सिंग के रिंग में उतरे। पिता को छोड़कर परिवार के बाकी सदस्यों को भी निकहत के बॉक्सिंग रिंग में उतरने पर ऐतराज था।

लगान की स्क्रीनिंग में पहुंचे सेलेब्स आमिर ने निर्देशक को लगाया गले

मुंबई। निर्देशक आशुतोष गोवारिकर की फिल्म 'लगान' की रिलीज को 15 जून को 25 साल हो जाएंगे। इस खुशी में मुंबई में इस फिल्म की खास स्क्रीनिंग हुई। इसकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'लगान' की खास स्क्रीनिंग में मुख्य कलाकार आमिर खान पहुंचे हैं। उन्होंने निर्देशक और फिल्म के कलाकारों के साथ पोज दिए हैं।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY KHARAGPUR

विज्ञापन संख्या : R/03/2026 दिनांक 01 जून 2026

संस्थान भारतीय नागरिकों से **कुलसचिव** पद के लिए **स्तर 14** के वेतन मैट्रिक्स :- 144200-218200/- में प्रतिनियुक्ति अवधि/संविदा के आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

विस्तृत विवरण एवं अद्यतन जानकारी के लिए (http://www.iitkgp.ac.in> > Jobs >> Staff Opening) पर जाएं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : **30.06.2026**।

CBC **21255/11/0001/2627** **डीन (प्रशासन)** / Dean (Admin)

भारत वैश्विक झटकों से निपटने को तैयार, आर्थिक बुनियाद मजबूत

नई दिल्ली/ए.। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि भारत का बाहरी क्षेत्र अब काफी मजबूत हो गया है। देश की व्यापक आर्थिक बुनियाद वैश्विक झटकों का सामना करने के लिए बेहतर स्थिति में है। एक आयोजन के दौरान नागेश्वरन ने बताया कि बाहरी क्षेत्र के जोखिमों में काफी कमी आई है।

भारतीय रिजर्व बैंक को रुपये को संभालने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करने का दबाव भी कम है। उन्होंने कहा कि बाहरी मोर्चे पर सबसे कठिन दौर अब पीछे छूट चुका है। हाल के वैश्विक संकटों के दौरान विवेकपूर्ण आर्थिक प्रबंधन और समय पर नीतिगत हस्तक्षेपों से यह बेहतर स्थिति बनी है। नागेश्वरन ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के 6.6 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि अनुमान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की आर्थिक स्थिति नियंत्रण में है।

'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश को लंबे समय तक लगभग आठ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर बनाए रखनी होगी। नागेश्वरन ने यह बात कही। हालांकि, उन्होंने कुछ संभावित चुनौतियों का भी जिक्र किया। यदि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो आर्थिक वृद्धि पर असर पड़ सकता है। कच्चे तेल की कीमतें लगातार 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने पर भी विकास दर प्रभावित होगी। ऐसी स्थिति में वृद्धि दर घटकर करीब छह प्रतिशत तक आ सकती है।

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) दुर्ग (छ.ग.)
फैक्स नं. 0788-2323655, ई-मेल actwd.durg@gmail.com

क्रमांक /367/आ.जा.क./6/ प्रयास/न.क्र. 173/2026 — दुर्ग, दिनाँक 08/06/26

- "रूचि की अभिव्यक्ति" का आमंत्रण -

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में अध्यापन सह कोचिंग कार्य हेतु फैकल्टी की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं से "रूचि की अभिव्यक्ति" (वर्ष 2026-27)

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय योजना अन्तर्गत संचालित प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालय जिला दुर्ग, प्रयास अजा. बालक आवासीय विद्यालय पाटन जिला दुर्ग तथा प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालय पिनकापार जिला-बालोद में कक्षा 8वीं उत्तीर्ण चयनित विद्यार्थियों के लिए कक्षा 09वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में शालेय शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ अखिल भारतीय स्तर की इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की परीक्षाओं यथा एन.टी.एस.सी., विज्ञान पहेली, जेईई (मेंस/एडवांस), एम्स, नीट, पीईटी इत्यादि जैसी होने वाली प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराई जानी है।

इसी तरह कक्षा 10वीं उत्तीर्ण / चयनित विद्यार्थियों के लिए कक्षा 11वीं / 12वीं की स्कूली शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ अखिल भारतीय स्तर की इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की परीक्षाओं, जेईई (मेंस / एडवांस), एम्स, नीट, सी.ए../ सी.एस. / सी.एम.ए / क्लैट पीईटी इत्यादि जैसी होने वाली प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराई जानी है जिसके फलस्वरूप प्रयास आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थी अखिल भारतीय संस्थाओं में बेहतर प्रदर्शन करते हुए इन संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त कर सके. साथ ही ये विद्यार्थी कक्षा 10वीं एवं 12वीं स्तर पर होने वाली छ0ग0 माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर सकें। इसके लिए निम्नलिखित संस्थाओं के लिए रूचि की अभिव्यक्ति प्रस्ताव ऑनलाईन आमंत्रित किया जाता है-

क्र.	प्रयास विद्यालय का नाम	वर्ष	कक्षा	विद्यार्थियों की संख्या (प्रति कक्षा) (परिवर्तनीय)	संकाय (कक्षा 11वीं-12वीं हेतु)
1	2	3	4	5	6
1.	प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालय, दुर्ग जिला-दुर्ग	2026-27 2027-28 2028-29 2029-30	9वीं 10वीं 11वीं 12वीं	75 बालक + 50 कन्या	अ. बालक हेतु जीव विज्ञान संकाय (नीट / समकक्ष) ब. कन्या हेतु गणित संकाय (जेईई मेन्स, एडवांस एवं समकक्ष)
2.	प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालय, पिनकापार जिला बालोद (छ.ग.)	2026-27 2027-28 2028-29 2029-30	9वीं 10वीं 11वीं 12वीं	75 बालक + 50 कन्या	गणित एवं जीव विज्ञान संकाय (जेईई मेन्स, एडवांस, नीट एवं समकक्ष)
3.	अनुसूचित जाति प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, पाटन जिला-दुर्ग	2026-27 2027-28 2028-29 2029-30	9वीं 10वीं 11वीं 12वीं	125 बालक	बालक हेतु गणित एवं जीव विज्ञान संकाय (जेईई मेन्स, एडवांस, नीट एवं समकक्ष)

(i) रूचि की अभिव्यक्ति का ऑनलाईन प्रदर्शन की तिथि	10/06/2026 सायं 03.00 बजे से
(ii) रूचि की अभिव्यक्ति के संबंध में PreBid Meeting	17/06/2026, अपरान्ह 2.00 बजे
(i) निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव ऑनलाईन प्रेषित करने की अंतिम तिथि	09/07/2026 सायं 3.00 बजे
(iv) प्राप्त प्रस्ताव को समिति के समक्ष खोला जाना एवं तकनीकी मूल्यांकन	13/07/2026 सायं 03.00 बजे
(v) रूचि की अभिव्यक्ति संबंधी अन्य कार्यवाही / जानकारी की सूचना	पृथक से दी जायेगी।

अन्य कार्यवाही की सूचना संबंधित प्राधिकारी / चयन समिति द्वारा पृथक से दी जावेगी। विस्तृत जानकारी तथा नियमावली हेतु विभागीय वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in तथा ई-प्रोक्योरमेंट बेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
निविदा क्रमांक 192804, 192807, 192808

जी- 262701381/4 — कलेक्टर, जिला- दुर्ग

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 08.06.2026

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
(प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर दिनांक 30.06.2026 तक आमंत्रित की जाती हैः-

निविदा आमंत्रण सू.क्र./सि. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)
127/192844	उपसंभाग क्र. 03 दुर्ग के अंतर्गत जुनवानी सेक्शन में गैर आवासीय भवनों में वाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग कार्य (जोनल एजेन्सी)	13.26
128/192845	उपसंभाग पाटन के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में वाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग कार्य (जोनल एजेन्सी)	31.72
129/192846	उपसंभाग क्र. 01 दुर्ग के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में वाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग कार्य (जोनल एजेन्सी)	22.00
130/192848	उपसंभाग क्र. 03 दुर्ग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत एवं एम.ओ.डब्ल्यू, कार्य (जोनल एजेन्सी)	40.00
131/192849	उपसंभाग क्र. 02 दुर्ग के अंतर्गत में गैर आवासीय भवनों में वाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग कार्य (जोनल एजेन्सी)	29.57
132/192850	उपसंभाग क्र. 02 दुर्ग के अंतर्गत आवासीय भवनों में वाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग कार्य (जोनल एजेन्सी)	10.76
133/192851	उपसंभाग क्र. 02 दुर्ग के अंतर्गत आवासीय भवनों में वाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग कार्य (जोनल एजेन्सी)	16.67
134/192852	उपसंभाग क्र. 01 दुर्ग के अंतर्गत आवासीय भवनों में वाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग कार्य (जोनल एजेन्सी)	20.00
135/192853	उपसंभाग क्र. 03 दुर्ग एवं पाटन के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में इमल्शन सहित डब्ल्यू.एम.एम एवं पेंच रिपेयर कार्य (जोनल एजेन्सी)	25.00
136/192855	उपसंभाग क्र. 01 एवं 02 दुर्ग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में इमल्शन सहित डब्ल्यू.एम.एम एवं पेंच रिपेयर कार्य (जोनल एजेन्सी)	24.99
137/192856	कवर्धा संभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में इमल्शन सहित डब्ल्यू.एम.एम एवं पेंच रिपेयर कार्य (जोनल एजेन्सी)	49.97
138/192857	उपसंभाग क्र. 02 राजनांदगांव के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में एवं एम.ओ. डब्ल्यू, कार्य (जोनल एजेन्सी)	30.00

टीपः- 1. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

जी- 262701414/4 — अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग मण्डल दुर्ग

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

दिनांक 11.06.2026

निम्नांकित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा **"डी" एवं अधिक श्रेणी** के ठेकेदारों के लिये आमंत्रित की जाती है। जिसमें निविदा डाउलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 01.07.2026 तक हैं।

एन.आई.टी क्र./ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO. 94 Tender No. 193138	बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई कार्य।	रू. 42.50 लाख
NIT NO. 95 Tender No. 193139	बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य।	रू. 19.50 लाख
NIT NO. 96 Tender No. 193140	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई कार्य।	रू. 35.00 लाख
NIT NO. 97 Tender No. 193141	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का एम.ओ.डब्ल्यू कार्य।	रु. 32.50 लाख
NIT NO. 98 Tender No. 193142	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य।	रु. 20.00 लाख
NIT NO. 99 Tender No. 193143	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत कार्य।	रू. 20.00 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

जी -262701412/3 — अधीक्षण अभियंता, लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)
Credible Chhattisgarh
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

सुनने की संस्कृति को सुशासन का आधार बनाने वाला नेतृत्व... विष्णुदेव साय

सीएम हेल्पलाइनः जनता और मुख्यमंत्री के बीच भरोसे की सीधी डोर

देवेंद्र किशोर गुप्ता

रायपुर/नवप्रदेश। लोकतंत्र की असली ताकत चुनाव जीतने में नहीं, बल्कि चुनाव के बाद जनता की बात सुनने में होती है। सत्ता का सबसे कठिन क्षण वह नहीं होता जब विपक्ष सवाल पूछता है, बल्कि वह होता है जब आम आदमी सीधे सवाल पूछता है। छत्तीसगढ़ में शुरू हुई सीएम हेल्पलाइन 1076 इसी साहस, पारदर्शिता और जवाबदेही का प्रतीक बनकर उभरी है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का व्यक्तित्व समझे बिना इस पहल को पूरी तरह नहीं समझा जा सकता। वे उन नेताओं में से नहीं हैं जो हर दिन सुर्खियों में बने रहने के लिए बयान देते हों। उनका स्वभाव छत्तीसगढ़ के गांवों और आदिवासी अंचलों की मिट्टी की तरह सहज और सरल है। राजनीति में अक्सर तेज-तर्रार छवि को नेतृत्व का पैमाना मान लिया जाता है, लेकिन विष्णु देव साय ने यह साबित किया है कि शांत स्वभाव और संवेदनशील दृष्टिकोण भी प्रभावी शासन का आधार बन सकते हैं।

ढाई वर्षों के कार्यकाल में उनकी कार्यशैली का एक बड़ा पक्ष यह रहा है कि उन्होंने योजनाओं के प्रचार से अधिक उनके क्रियान्वयन पर जोर दिया। शायद यही कारण है कि जब जनता से सीधे संवाद करने और शिकायतें सुनने का अवसर आया, तो उन्होंने उससे दूरी बनाने के बजाय उसे और मजबूत करने का निर्णय लिया। सीएम हेल्पलाइन उसी सोच का विस्तार है।

इस हेल्पलाइन की सबसे बड़ी विशेषता केवल यह नहीं है कि शिकायत दर्ज होगी, बल्कि यह है कि हर शिकायत को एक यूनिक आईडी मिलेगी, उसकी निगरानी होगी, समयबद्ध निराकरण होगा और यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो पुनः समीक्षा का अवसर भी मिलेगा। यह व्यवस्था सरकार को जनता के प्रति अधिक जवाबदेह

बनाती है।

हाल ही में जब मुख्यमंत्री ने स्वयं हेल्पलाइन पर आने वाली कॉल रिसीव की और शिकायतकर्ता से सीधे बात की, तो यह केवल एक प्रतीकात्मक घटना नहीं थी। यह संदेश था कि सरकार फाइलों के पीछे नहीं छिपना चाहती, बल्कि नागरिक की आवाज सीधे सुनना चाहती है। एक मुख्यमंत्री का स्वयं फोन उठाना बताता है कि यह पहल केवल तकनीकी व्यवस्था नहीं, बल्कि संवेदनशील शासन का प्रयास है।

दरअसल, सीएम हेल्पलाइन सरकार के लिए भी एक आईना है। यह वह मंच है जहां जनता सरकार को बताती है कि व्यवस्था कहां सफल है और कहां सुधार की जरूरत है। जो सरकार जनता की शिकायतों से डरती है, वह ऐसे मंच बनाने से बचती है। लेकिन जो सरकार अपने काम पर भरोसा रखती है, वह जनता के सामने सीधे खड़ी होती है। छत्तीसगढ़ सरकार ने यही रास्ता चुना है।

आज जब शासन-प्रशासन में तकनीक का उपयोग बढ़ रहा है, तब उसका उद्देश्य केवल डिजिटलीकरण नहीं होना चाहिए, बल्कि नागरिक को सम्मान और सुविधा देना होना चाहिए। 24 घंटे सक्रिय सीएम हेल्पलाइन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहां गांव का किसान, शहर का मजदूर, छात्र, महिला या बुजुर्ग बिना किसी बिचौलिए के अपनी बात सरकार तक पहुंचा सकता है।

अंततः, सीएम हेल्पलाइन सिर्फ एक फोन नंबर नहीं है। यह उस विश्वास का नाम है जिसमें सरकार जनता से कह रही है ÷आप अपनी बात कहिए, हम सुनने के लिए तैयार हैं।÷ और शायद लोकतंत्र की सबसे सुंदर तस्वीर भी यही है कि सत्ता और जनता के बीच की दूरी कम हो, संवाद बढ़े और समस्याओं का समाधान केवल कागजों में नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में दिखाई दे।

छत्तीसगढ़ की राजनीति में यह पहल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बताती है कि सरलता कमजोरी नहीं होती। कभी-कभी सबसे शांत दिखने वाला नेतृत्व ही सबसे गहराई से जनता की आवाज सुन रहा होता है। और जब शासन सुनने लगता है, तभी सुशासन की शुरुआत होती है।

सीएम साय ने महक को दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शनिवार को राजनांदगांव जिले की प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटर सुश्री महक नरवासे ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह तथा सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने भारतीय महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम के आगामी श्रीलंका दौरे के लिए टी-20 एवं वनडे दोनों टीमों का उपकप्तान नियुक्त किए जाने पर महक नरवासे को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर महक का सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महक नरवासे की यह उपलब्धि केवल उनके परिवार या राजनांदगांव जिले की नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियां आज खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बना रही हैं। महक ने अपनी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो प्रदेश के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि महक आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ और देश का नाम गौरवान्वित करेंगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। महक नरवासे का भारतीय अंडर-19 महिला टीम की उपकप्तान के रूप में चयन प्रदेश में विकसित हो रहे खेल वातावरण और खिलाड़ियों को मिल रहे अवसरों का उत्कृष्ट उदाहरण है।

मुख्यमंत्री आज चंपा जिले के प्रवास पर रहेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को जांजगीर चांपा जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पोंड़ी (राछा) के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा जिले में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन करेंगे। इसके साथ ही साय सत्य निज नाम बोध संस्थान पोड़ी (राछा) में आयोजित सत्य निज नाम सत्संग सम्मलेन में भी शामिल होंगे। अध्यक्षता केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू करेंगे।

अटल विहार आवासीय परिसर : सैकड़ों परिवारों का सपना हुआ साकार

रायपुर/नवप्रदेश। घर केवल ईंट और सीमेंट से बना ढांचा नहीं होता, बल्कि वह परिवार की सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य की नींव होता है। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी अटल विहार योजना ने कोरबा जिले के सैकड़ों परिवारों के लिए इस सपने को साकार कर दिखाया है। अपने घर का सपना संजोए अनेक परिवार आज कोरबा नगरीय क्षेत्र के झगरहा में विकसित अटल विहार कॉलोनी में आत्मविश्वास और संतोष के साथ जीवन बिता रहे हैं। यह आवासीय परिसर आज इस बात का प्रमाण है कि सुनियोजित आवास केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य का आधार भी बनता है।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा 75 करोड़ 39 लाख रुपए की लागत से 19 एकड़ में यह आवासीय परियोजना विकसित की गई है। विभिन्न आय वर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यहां कुल 335 स्वतंत्र आवासों एवं फ्लैट भवनों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिसमें 50 एच.आई.जी., 18 सीनियर एम.आई.जी., 32 जूनियर एम.आई.जी., 75 एल.आई.जी. तथा 160 ई.डब्ल्यू.एस. आवासों सहित प्रकोष्ठ भवन का निर्माण शामिल है।

परियोजना के अंतर्गत अब तक 305 भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है और उनका चरणबद्ध हस्तांतरण किया जा रहा है। वर्तमान में 22 एच.आई.जी. तथा 5 सीनियर एम.आई.जी. भवनों का हस्तांतरण भी जारी है। यह उपलब्धि केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे जुड़े परिवारों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। अटल विहार कॉलोनी में अब तक 184 आवास हितग्राहियों को सौंपे जा चुके हैं, जहां परिवार पिछले तीन वर्षों से शांत, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण में निवास कर रहे हैं। पक्की सड़कें, बेहतर आधारभूत सुविधाएं, नियोजित आवासीय परिसर और सामुदायिक वातावरण ने यहां के निवासियों को एक नई जीवन शैली प्रदान की है।

सीएम की तारीफ का असर, वीडियो देख रायपुर से जीपीएम पहुंचे ग्राहक

खरीदा 50 किलो विष्णु भोग चावल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा छत्तीसगढ़ के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के प्रयासों का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के पारंपरिक विष्णु भोग चावल की तारीफ किए जाने के बाद इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। हालत यह है कि अब जिले के बाहर से भी लोग इस विशेष सुगंधित चावल को खरीदने के लिए उत्पादकों तक सीधे पहुंच रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो बना जरिया

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री साय ने मरवाही विकासखंड की ग्राम पंचायत निमधा में आयोजित जनचौपाल के दौरान स्थानीय किसानों और महिला समूहों द्वारा उपजाए गए विष्णु भोग चावल की विशेष सराहना की थी। मुख्यमंत्री के इस संबोधन का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। इसी वीडियो को देखकर रायपुर निवासी अजय कुमार इस पारंपरिक चावल की विशेषताओं और गुणवत्ता से इतने प्रभावित हुए कि वे अपने साथियों के साथ सीधे गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले पहुंच गए।

कलेक्टर की मौजूदगी में 7 हजार की सीधी खरीदी

जिले में पहुंचे इन ग्राहकों ने कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन की विशेष उपस्थिति में तिपान महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से सीधे 50 किलोग्राम विष्णु भोग चावल की खरीदी की। इस खरीदी की कुल कीमत 7 हजार रुपये रही। रायपुर से आए ग्राहकों ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा उत्पाद की तारीफकिए जाने के बाद ही उनकी रुचि इस चावल के प्रति जगी थी और वे खुद इसकी सुगंध और स्वाद का अनुभव करना चाहते थे। उन्होंने भविष्य में भी इस चावल की खरीदी जारी रखने की बात कही।

कृषि समृद्धि का नया प्रतीक बना विष्णु भोग

अपनी विशिष्ट सुगंध, बेहतरीन स्वाद और उच्च गुणवत्ता के लिए पहचाना जाने वाला विष्णु भोग चावल अब सिर्फ एक स्थानीय फसल नहीं, बल्कि जिले की कृषि समृद्धि और महिला उद्यमिता का एक सफल ब्रांड बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री की इस अनूठी पहल से किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीदें मजबूत हो गई हैं।

स्वच्छता अभियानः जनभागीदारी ही राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे दिन शनिवार को सुबह कलेक्ट्रेट स्थित बाबासाहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान में शिरकत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्री सिंह ने डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंह ने इस दौरान स्वच्छता मित्रों से भेंट कर उनके समर्पण, परिश्रम और स्वच्छ भारत अभियान में उनके अमूल्य योगदान के लिए उनका धन्यवाद एवं अभिनंदन किया तथा शाल-श्रीफल देकर सम्मान किया और मेडिकल किट प्रदान किया। श्री सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन ने देशभर में स्वच्छता के प्रति नई जागरुकता और जनआंदोलन का स्वरूप प्राप्त किया है। केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ऑक्सीजोन परिसर भी पहुँचे और एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधारोपण किया। इसके पश्चात ऑक्सीजोन में उपस्थित महिलाओं से चर्चा की। रायपुर लोकसभा से सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री अमित मैशेरी, गुंजन प्रजापति, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कृतिका जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

ग्रीष्मकालीन उड़द की खेती ने खोले संभावनाओं के नए द्वार

किसानों ने अपनाए आधुनिक तकनीक

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रीष्मकालीन उड़द एवं मूंग की खेती किसानों के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोल रही है। कृषि विभाग के मार्गदर्शन, उन्नत बीजों की उपलब्धता तथा वैज्ञानिक खेती की तकनीकों के कारण बेमेतरा जिले में इस वर्ष ग्रीष्मकालीन दलहन खेती का रकबा उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। जहां पिछले वर्ष केवल 285 हेक्टेयर क्षेत्र में उड़द-मूंग की खेती की गई थी, वहीं इस वर्ष यह बढ़कर 1191 हेक्टेयर तक पहुंच गई है। इसमें लगभग 1000 हेक्टेयर क्षेत्र में 1280 किसानों द्वारा

ग्रीष्मकालीन उड़द का प्रदर्शन किया गया, जिससे किसानों को नई तकनीकों को सीखने और अपनाने का अवसर मिला। इस सकारात्मक परिवर्तन की कहानी ग्राम गाड़ाभाठा के कृषक अमर सिंह साहू तथा ग्राम बिजागोंड के कृषक चंद्रकुमार कुंभकार जैसे प्रगतिशील किसानों से जुड़ी हुई है, जिन्होंने पहली बार ग्रीष्मकालीन उड़द की खेती कर उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त किए हैं।

बेमेतरा के विकासखंड साजा के ग्राम गाड़ाभाठा निवासी कृषक अमर सिंह साहू ने कृषि विभाग के मार्गदर्शन में लगभग 1.5 एकड़ भूमि में ग्रीष्मकालीन उड़द की खेती की। उन्हें विभाग द्वारा उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराए गए तथा कतार पद्धति से बुवाई, समय पर सिंचाई और समुचित पोषण प्रबंधन की जानकारी दी गई। 21 अप्रैल 2026 को की गई बुवाई के बाद फसल की बढ़वार अत्यंत संतोषजनक रही। वर्तमान में उनकी फसल अच्छी स्थिति में है तथा लगभग 7 से 8 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन प्राप्त होने की संभावना है। साहू ने बताया कि फसल की वर्तमान स्थिति देखकर उन्हें बेहतर आय की उम्मीद है। इसी प्रकार ग्राम बिजागोंड के कृषक चंद्रकुमार कुंभकार ने भी उड़द का प्रदर्शन लगाया।

अवैध रेत परिवहन में संलिप्त 9 वाहन जब्त, खनिज माफियाओं में हड़कंप

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा खनिज संपदा के अवैध दोहन को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मुरुम उत्खनन और रेत परिवहन में संलिप्त कुल 9 वाहनों को जब्त किया है। कलेक्टर डॉ. संतोष देवांगन के निर्देश पर जिला खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सिवनी और मरवाही क्षेत्र में अवैध रूप से मुरुम उत्खनन किए जाने की सूचना पर खनिज विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

सम्मानः अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति का परिचय देकर विषय परिस्थितियों में किया वीरता का प्रदर्शन

शौर्य चक्र से सम्मानित वीर जवानों से मिले उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों शौर्य चक्र से सम्मानित वीर पुलिस एवं सुरक्षा बल के जवानों से उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को अपने नवा रायपुर अटल नगर स्थित निवास कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर डीजीपी अरुण देव गौतम सहित जवानों के परिजन भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ और देश को ऐसे वीर सपूतों पर गर्व है, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति का परिचय देते हुए असाधारण परिस्थितियों में भी वीरता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इन जवानों की बहादुरी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। मुलाकात के दौरान शर्मा ने शौर्य चक्र से सम्मानित इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट, इंस्पेक्टर रामेश्वर प्रसाद देशमुख तथा राइफलमैन भोज राम साहू के साहसिक कार्यों की सराहना की और उनके परिजनों से भी मुलाकात की।

किया था क्सलियों का मुकाबला

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ पुलिस के इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट एवं इंस्पेक्टर रामेश्वर प्रसाद देशमुख को 16 अप्रैल 2024 को कांकेर क्षेत्र में नक्सलियों के विरुद्ध संचालित एक बड़े अभियान में अद्वितीय नेतृत्व, साहस और रणनीतिक कौशल का परिचय देने के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। उनके नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने कठिन परिस्थितियों में नक्सलियों का मुकाबला करते हुए महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की थी।

अदम्य साहस के साथ संभाला मोर्चा

इसी प्रकार 3 असम राइफल्स के राइफलमैन भोज राम साहू को भारत-म्यांमार सीमा क्षेत्र में घुसपैठ विरोधी अभियान के दौरान गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद अदम्य साहस के साथ मोर्चा संभालते हुए दुश्मनों को पीछे हटने के लिए मजबूर करने और अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है।

राशन दुकान में कीड़ेयुक्त चावल का वितरण नागरिक आक्रोशित, जांच-कार्रवाई की मांग

पाटन/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सेलूद की शासकीय उचित मूल्य दुकान से वितरित किये जा रहे चावल की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है। ग्रामीणों ने सरपंच खिलेश मारकंडे से शिकायत करते हुए बताया कि राशन दुकान से दिए जा रहे चावल की बोरियों में काले रंग के छोटे-छोटे कीड़े और इल्लियां मिल रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि एफसीआई से पुराने और खराब गुणवत्ता वाले चावल का वितरण किया जा रहा है। चावल की बोरियों में बड़ी संख्या में कीड़े रेंग रहे हैं। स्वास्थ्य के लिए खतरा बताते हुए ग्रामीणों ने कहा कि गरीब परिवारों को मिलने वाला राशन उपयोग के लायक नहीं है। सरपंच खिलेश मारकंडे ने इस मामले में कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि गरीब व जरूरतमंद परिवारों को मिलने वाले शासकीय राशन में कीड़े मिलना बेहद चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। वितरित हो रहा चावल न केवल घटिया गुणवत्ता का है, बल्कि उपभोग के लिए भी अनुपयुक्त प्रतीत हो रहा है।

सरपंच ने मांग की है कि कीड़ेयुक्त चावल के पूरे स्टॉक को तत्काल वापस लेकर उसकी जगह गुणवत्तापूर्ण चावल उपलब्ध कराया जाए। लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित सप्लायरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शीघ्र स्वच्छ व गुणवत्तापूर्ण चावल उपलब्ध न कराने पर आंदोलन किया जाएगा।

6 नाबालिगों ने मासूम बच्चे की लात-घूंसों से की पिटाई, पुलिस ने बाल संप्रेक्षण गृह भेजा

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के नेवई थाना क्षेत्र में कई नाबालिगों ने मिलकर 7 साल के बच्चे की बेरहमी से पिटाई की। बच्चे को नग्न कराने के बाद डांस कराया और अश्लील हरकतें कराई गई। मासूम बच्चे को लात-घूसों और डंडों से पीटा गया। एक नाबालिग ने बच्चे का गला दबाने की कोशिश की। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो 7 दिन पुराना है। इस मामले में पुलिस ने 6 नाबालिगों को हिरासत में लेकर बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार घटना का वीडियो आरोपी नाबालिगों ने ही बनाया और वायरल कर दिया। सभी नाबालिग बच्चे एक ही गांव में रहते हैं। सुनसान जगह पर खेल-खेल में नाबालिगों ने मासूम बच्चे के कपड़े उतरवाने के बाद डांस करने कहा। इस दौरान नाबालिगों ने बच्चे के साथ अश्लील हरकतें कराई। इसके बाद एक के बाद एक नाबालिग उसकी पिटाई करते रहे। मासूम बच्चा रोते हुए छोड़ने की मिन्नतें करता रहा, लेकिन नाबालिग उसे गालियां देते हुए पीटते रहे।

पुलिस के मुताबिक ऐसे मामलों में एफआईआर नहीं होती है। इस मामले में केवल काउंसिलिंग होगी। बच्चे को सामान्य चोट लगी है। इस मामले में बाल आयोग भी काउंसिलिंग करेगा।

एक जुलाई से स्कूल खुलने की खबर फर्जी

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर विराम लग गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य की सभी शासकीय व अशासकीय शालाओं का विधिवत संचालन 16 जून मंगलवार से प्रारंभ कर दिया जाएगा। भीषण गर्मी या अन्य कारणों से नया शैक्षणिक सत्र 1 जुलाई से शुरू होने की खबर का विभाग ने पूरी तरह खंडन करते हुए इसे असत्य, भ्रामक और फर्जी करार दिया है।

न्यूज गैलरी

8 दिवसीय धम्म शिविर का समापन आज

भिलाई। भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई सेक्टर 6 में भंते वेनरेबल शीलरत्न के सानिध्य में डा आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में आठ दिवसीय धम्म शिविर में ध्यान योग में 40 कर्म स्थान टेक्निक के विषय में जानकारी दी गई। कर्म स्थान के अनुप्रयोग से ही समाधि में जाकर अगर (परिपदा) आर्य मार्ग का ज्ञान हो तो कोई भी साधक निब्बाण को प्राप्त कर सकता है। भंते ने आर्य मार्ग क्या है, कैसे आगम आर्य मार्ग को प्राप्त किया जा सकता है और 9 सत्वों के वास स्थान के बारे में विस्तार से वर्णन किया। रविवार 14 जून को शिविर का समापन होगा। सभी उपासक-उपासिकाओं से समय पर समापन समारोह में उपस्थित होकर सहभागिता की अपील की गई है। आज शिविर में शामिल होने वाले उपासक, उपासिकाओं में डीपी भोयर, पुष्पलता भोयर, हरिकिशन भोवते, वत्सल्ला भोवते, आनंद रामटेके, वैभव, सृष्टि, भावेश, वीनु, सुमीत डाहाटे, माला डाहाटे, जीडी राउत, सीके खान्डेकर, आशाराम वाहने, पन्नालाल, पूरवी वाहने, अनन्त राम सहारे, अतुल घरडे, भीम राव पाटिल, जीडी जाम्बुलर, ईडी रंगारी, कान्ता रंगारी, संघमित्रा सोमकुंवर, प्रदीप सोमकुंवर, रामकेश, रामकेश, माधुरी बौद्ध, अशीष चौहान, रन्जू खोबरागडे, पितेश पाटिल, अशोक श्याम कुंवर, विरेंद्र, विजया ताई, रेखा मेश्राम, रानू सान्गोडे, रीना, सौर्य वासनिक, ममता वासनिक, मंदा भैसारे, लता जैसवाल, पीयान्शी, नागेश कुम्भकार, रेखा वासनिक, उषा गजभिये, उज्वला लवहाले, कुणाल लवहाले, शशांक, सुरेखा रामटेके, सोयम, प्रमिला बोरकर, मानस्विनी मेश्राम, सरला सहारे, धुरपता रामटेके, सुजाता रामटेके, श्रध्दा खान्डेकर, विनोद वासनिक, नंदा चौहान, महेन्द्र खोबरागडे, जेआर लाउतरे, पीआर काम्बले सहित सैकड़ों अनुयायी उपस्थित थे।

अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना : 65 दंपत्तियों को मिली 1.62 करोड़ की स्वीकृति

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा छुआछूत निवारणार्थ संचालित 'अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना' के तहत जिले के कुल 65 दंपत्तियों के लिए 1 करोड़ 62 लाख 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास से मिली जानकारी के अनुसार योजना के तहत प्रत्येक पात्र दंपत्ति को कुल 2.50 लाख की नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस राशि में से 1 लाख सीधे हितग्राही के खाते में हस्तांतरित (डीबीटी) किया जाता है। शेष 1.50 लाख की राशि को तीन वर्ष के लिए संयुक्त सावधि जमा (फिक्स्ड डिपॉजिट) के रूप में सुरक्षित रखा जाता है। दंपत्ति के तीन वर्ष का सफल वैवाहिक जीवन पूर्ण करने के बाद शेष राशि का भुगतान भी उन्हें कर दिया जाता है।

'योगा फॉर हेल्दी ऐजिंग' थीम के तहत आज विशेष ऑनलाइन योग सत्र

दुर्ग। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा योगा फॉर हेल्दी ऐजिंग थीम के अंतर्गत 14 जून को सुबह 6.15 बजे से 7.35 बजे तक विशेष ऑनलाईन योग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से एक साथ सर्वाधिक लोगों की ऑनलाइन योग सहभागिता का गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड सत्यापित करने का प्रयास किया जायेगा। छत्तीसगढ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार इस पहल में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी शासकीय व अशासकीय संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों, समाजिक संगठनों, योग साधकों और आम नागरिकों से बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की गई है। कार्यक्रम में सहभागिता हेतु इच्छुक व्यक्तियों को टोल फ्री नं. 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के बाद प्रतिभागियों को व्हाट्सएप के माध्यम से कार्यक्रम का लिंक प्राप्त होगा। गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड के लिए प्रत्येक प्रतिभागी का अपने व्यक्तिगत मोबाइल, लेपटॉप या डिजिटल उपकरण से अलग-अलग लॉगिन करना आवश्यक होगा। अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के तारतम्य में आयुष विभाग जिला दुर्ग के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन प्रारंभ हो चुका है। विभाग द्वारा कुल 78 बाह्य सत्र का लक्ष्य रखा गया है। 17 से 21 जून तक 5 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मिलेगा 125 दिनों का रोजगार

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले की सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) मुख्यमंत्री आवास योजना व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने, मजदूरी भुगतान से संबंधित समस्याओं के निराकरण व जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के अंतर्गत प्रत्येक पंजीकृत ग्रामीण परिवार को 125 दिनों का सुनिश्चित रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति, जीपीएस आधारित निगरानी और समयबद्ध मजदूरी भुगतान की व्यवस्था की गई है। मनरेगा के माध्यम से जिले की सभी 300 ग्राम पंचायतों में 64 हजार 49 से अधिक श्रमिकों को रोजगार मिलेगा।

बीएसपी और सीटीटीसी भुवनेश्वर के बीच एमओयू

■ उन्नत कौशल विकास को मिलेगा नया आयाम

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी ने उन्नत तकनीकी शिक्षा व भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के अंतर्गत कार्यरत स्वायत्तशासी संस्था सेंट्रल टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर (सीटीटीसी) भुवनेश्वर के साथ एक एमओयू किया है। एमओयू के तहत सेक्टर-5, भिलाई में अत्याधुनिक स्किल डेवलपमेंट एक्सटेंशन सेंटर की स्थापना की जाएगी। एमओयू हस्ताक्षर समारोह का आयोजन इस्पात भवन भिलाई में हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एम एंड यू) बिजय कुमार बेहेरा, मुख्य महाप्रबंधक इलेक्ट्रिकल टीके कृष्णकुमार, संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

एमओयू पर बीएसपी की ओर से महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन प्रशिक्षण एवं विकास) संजीव श्रीवास्तव और सीटीटीसी भुवनेश्वर की ओर से महाप्रबंधक एल राजशेखर ने हस्ताक्षर किए। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य एक उन्नत प्रशिक्षण व कौशल विकास केंद्र की स्थापना करना है, जिससे बीएसपी के कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, स्थानीय युवाओं और अन्य हितधारकों को उद्योगोन्मुख तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके।

केंद्र में ऑटोमेशन, सीएनसी मशीनिंग, एडवांस्ड हाइड्रोलिक व न्यूमैटिक सिस्टम, आधुनिक वेल्डिंग तकनीक, इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन, पॉवर सिस्टम, मोटर ड्राइव्स, मेकाट्रॉनिक्स, वाइब्रेशन एनालिसिस, कैड-कैम, डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), रोबोटिक्स व इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसे अत्याधुनिक विषयों पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

समझौते के अंतर्गत आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना, योग्य संकाय सदस्यों की उपलब्धता और उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि यह एमओयू भिलाई इस्पात संयंत्र की डिजिटल परिवर्तन, तकनीकी आधुनिकीकरण व मानव संसाधन क्षमता विकास की सतत यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

कलेक्ट्रेट परिसर के लोक सेवा केंद्र में चोरी

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले कलेक्टर परिसर स्थित लोक सेवा केंद्र में शुक्रवार को रात चोरी की घटना हो गई।

कलेक्टर और एसपी कार्यालय के ठीक पीछे स्थित लोक सेवा केंद्र से चोर करीब 6 से 7 हजार रुपए की चिल्लर लेकर फरार हो गए। केंद्र में रखे अन्य सामान पूरी तरह सुरक्षित है। चोर लोक सेवा केंद्र का ताला नहीं तोड़ पाए।

उन्होंने दरवाजे की कुंडी उखाड़कर अंदर घुसकर नगद रकम उड़ा ली। चोरी के दौरान केवल रुपए ही ले जाया गया, अन्य सामान को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया।

लोक सेवा केंद्र में चोरी की वारदात के बाद चोरों ने पास स्थित पेंशन शाखा को भी निशाना बनाने की कोशिश की। कलेक्टर परिसर स्थित पेंशन शाखा में ज्वाइंट डायरेक्टर के केबिन में घुसकर चोरी का प्रयास किया गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक पेंशन शाखा से किसी प्रकार की नकदी या अन्य सामान चोरी होने की पुष्टि नहीं हुई है।

आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

जिस परिसर में महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय संचालित हैं। यहां प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे ही नहीं लगे हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके।

16 तक दावा-आपत्ति

दुर्ग/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत जनपद पंचायत स्तर पर रिक्त संविदा पदों की भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण में जिला पंचायत दुर्ग द्वारा अभ्यर्थियों की प्रारंभिक पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है। विखं. परियोजना प्रबंधक और क्षेत्रीय समन्वयक के 3 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों के परीक्षण और जिला स्तरीय चयन समिति के अनुमोदन से सूची जारी की गई है। अभ्यर्थी को इस सूची पर कोई आपत्ति है तो वे 16 जून तक कार्यालयीन समय में जिपं की एनआरएलएम शाखा में दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

अहिवारा में नियमों को ताक पर रखकर अवैध मुरुम खनन

नंदिनी-अहिवारा/नवप्रदेश। अवैध मुरुम खनन की लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासनिक अधिकारी खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। नियमों को ताक पर रखकर धमधा-अहिवारा बेल्ट में अवैध खनन किया जा रहा है।

अहिवारा विधानसभा में मुरुम माफिया की मनमानी की शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से की गई है, लेकिन बिना अनुमति मुरुम की खोदाई का काम बेरोकटोक चल रहा है। धमधा ब्लॉक के मेडेसरा, बिरेभाठ, अहेरी, गिरहोला में मुरुम खनन किया जा रहा है। खनिज विभाग और राजस्व विभाग के अफसरों ने खनन माफिया के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया है। अवैध मुरुम खनन से राज्य सरकार को रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। रात भर मुरुम की ओवरलोड वाहनों के आवागमन से ग्रामीण इलाकों में सड़कें खराब हो रही हैं। बेतरतीबी से मुरुम खनन होने के कारण धूल-मिट्टी उडने से क्षेत्र में प्रदूषण भी बढ़ रहा है। धमधा ब्लाक के मेडेसरा गांव में अवैध रूप से मुरूम खनन व परिवहन की शिकायत की गई है। ग्राम अहेरी और बिरेभाठ में भी जोरशोर से उत्खनन किया जा रहा है। ग्राम अहेरी में पंचायत से प्रस्ताव पास कराते हुए मुरुम माफिया ने उत्खनन शुरू कर दिया। माइनिंग विभाग से परमिशन लिये बिना मुरुम खनन शुरू होने के बावजूद न तो ग्राम पंचायत ने खनन पर रोक लगाई है, न खनिज विभाग के अफसरों ने अभी तक खनन स्थल जाकर जांच पड़ताल की है।

धमधा ब्लॉक के गिरहोला, खपरी पंचायत में भी पंचायत से प्रस्ताव पास कर उत्खनन शुरू कर दिया गया। माइनिंग में सिर्फ रॉयल्टी के लिए आवेदन लगाया गया है। बारिश शुरू होने पर तालाब में पानी भर जाएगा। इस तालाब को स्थानीय ग्रामीण मौत का कुआं मान रहे हैं। यहां से अब तक हजारों घन मीटर मुरुम निकालकर बेचा जा चुका है।

शिकायत के बाद खपरी गांव में खनन स्थल पर नंदिनी अहिवारा के तहसीलदार राधेश्याम वर्मा ने मुरुम खनन स्थल का जायजा लिया। अभी तक यहां कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कार्रवाई न होने से सवाल किये जा रहे हैं कि क्या खनन माफिया को राजनेताओं का संरक्षण प्राप्त है। मुरुम माफिया रात के समय खनन कर अवैध कमाई कर रहे हैं।

जीवन में सदा आनंद का अनुभव करने के लिए हर बात में रहे फ्लैक्सिबल

■ बघेरा में प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर ईवी स्वामीनाथन का आध्यात्मिक व्याख्यान

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बघेरा स्थित आनंद सरोवर के कमला दीदी सभागार में प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर ईव्ही स्वामीनाथन का आध्यात्मिक व्याख्यान हुआ। स्वामीनाथन ने व्याख्यान में बताया कि जीवन के चुनौती पूर्ण रास्तों को सहज कैसे बनाएं। महाभारत के वृतांत के माध्यम से सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महाभारत का एक-एक पात्र हमें सकारात्मकता को अपनाने और नकारात्मकता से दूर रहने की प्रेरणा देता है। मन में आने वाले नकारात्मक और सकारात्मक विचारों में भी जिसका चित् स्थिर हो वही युधिष्ठिर है और अर्जुन अर्थात जिसने परमात्मा के द्वारा दिए गए ज्ञान को अर्जन कर यथार्थ मार्ग में चलने का संकल्प लिया। इन पात्रों में कौरव सेना के समस्त लोगों का नाम दुः से प्रारंभ होता है।

दुर्योधन अर्थात धन का दुरुपयोग करने वाला, दुःशासन अर्थात जिसने शासन का दुरुपयोग किया हो। भीष्म पितामह के विषय में बोलते हुए स्वामीनाथन ने कहा कि वे कौरव सेना की ओर से युद्ध में भाग ले रहे थे, लेकिन उनके मन में विजय का आशीर्वाद पांडवों के प्रति था। भीष्म को इच्छा मृत्यु का वरदान प्राप्त था, लेकिन भीष्म पितामह को शिखंडी ही मार सकता है, जो न स्त्री है, न पुरुष है। इसका आध्यात्मिक रहस्य है। सृष्टि पर रहने वाले सभी मनुष्यों के भीतर निराकार आत्मा है। जो न स्त्री है, न पुरुष है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी दुर्ग की संचालिका रीटा दीदी ने स्वामीनाथन के प्रति आभार व्यक्त किया। मंच संचालन व योग अनुभूति रूपाली दीदी ने कराया।

75 लाख से नाली, पुलिया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर के पटरीपार क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान करने महापौर अलका बाघमार ने चार वार्डों में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। वार्ड 14, 15, 16 और 44 में कुल 75 लाख रुपये से अधिक की लागत से निर्माण कार्य किये जाएंगे। भूमिपूजन के दौरान लोककर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। निगम अधिकारियों ने बताया कि वार्ड 44 गुरु घासीदास वार्ड में हिरामन साहू के घर से रानू के घर तक और पवन के घर से परऊ यादव के घर तक लगभग 19 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य किया जाएगा। वार्ड 14 सिकोला भाठा की गलियों में 18 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य होगा। वार्ड 15 सिकोला बस्ती में मानिकपुरी के घर तक और निर्मला के घर से प्रकाश के घर तक नाली व पुलिया निर्माण कार्य लगभग 18 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। वार्ड 16 सिकोला बस्ती कर्मचारी नगर में साहू भवन से मुख्य नाला तक 20 लाख की लागत से नाली व पुलिया निर्माण कार्य किया जाएगा।

विकास कार्यों से बदलेगी पटरीपार क्षेत्र की तस्वीर : महापौर अलका

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के सभी क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। बरसात के मौसम में जलभराव और आवागमन की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से इन कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद ललिता ठाकुर, युवराज कुंजाम, खिलावन मटियारा, रंजीता पाटिल, सावित्री दमाहे, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उप अभियंता सिद्धार्थ साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए नगर निगम और महापौर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

समस्या: दो दिन बाद खुलेंगे स्कूल, शिक्षा विभाग ने खस्ताहाल स्कूलों की सुध नहीं ली : वोरा

जर्जर स्कूलों में बच्चों को हादसे का डर, सरकार को नहीं दिख रही बदहाली

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश में 16 जून से स्कूल खुलने जा रहे हैं। शहर के कई स्कूल जर्जर हालत में हैं। न तो मरम्मत योग्य स्कूल भवन की रिपेयरिंग की जा रही है, न जर्जर भवन को ढहाया जा रहा है। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने आज दुर्ग शहर के कई शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था की हालत दिखाई।

वोरा ने कहा कि शिक्षकों की कमी और प्रशासनिक अव्यवस्था से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था जूझ रही है। जिले में लगभग 1100 सहायक शिक्षकों सहित 250 स्वामी आत्मानंद विद्यालयों से जुड़े शिक्षकीय पदों पर भर्ती नहीं की गई है। 340 स्कूलो में मरम्मत की आवश्यक स्वीकृति के संबंध में लंबे समय से प्रक्रिया लंबित है। जर्जर भवन, टपकती छतें, टूटते प्लास्टर, बदहाल शौचालय और सुरक्षा के नाम पर शून्य व्यवस्था से सरकारी स्कूलों के छात्र परेशान हैं। बच्चों के पालक शिक्षा व्यवस्था की बदहाली से परेशान हैं।

वोरा ने कहा कि कई क्षेत्रों में भवन निर्माण व मरम्मत कार्यों के लिए पर्याप्त राशि नहीं है। इस वजह से विद्यालयों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। उन्होंने शासन और शिक्षा विभाग से इन समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की। निरीक्षण के दौरान पोटिया, झुग्गीपारा और बोरसीभाठा के स्कूलों में गंभीर खामियां मिलीं। इन स्कूलों में सैकड़ों विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर खतरा है। पोटिया शासकीय विद्यालय में सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति है।

पिछले तीन साल से विद्यालय भवन को खतरनाक घोषित कर हटाने की मांग की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभागों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। बरसात के मौसम में स्कूल परिसर में तीन फीट तक पानी भर जाता है, जिससे करीब 250 विद्यार्थियों को हर साल भारी परेशानी होती है। झुग्गीपारा शासकीय विद्यालय में एक माह पहले आग लगने की घटना हुई थी, लेकिन आज तक क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत नहीं हुई। यहां 260 विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं। बोरसीभाठा विद्यालय की स्थिति भी किसी खंडहर से कम नहीं है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताते हुए कहा है कि समय रहते मरम्मत न होने पर बड़ा हादसा हो सकता है।

वोरा ने कहा कि बरसात का मौसम शुरू होने वाला है। बारिश के दौरान अनेक स्कूलों की छतों से पानी टपकता है। दीवारों में दरारें हैं। सरकार को सबसे पहले स्कूल भवनों की मरम्मत, सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। स्कूलों के निरीक्षण के बाद वोरा ने जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा से दूरभाष पर चर्चा कर तत्काल मरम्मत और वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। वोरा ने कहा कि स्कूलों की बदहाल स्थिति भाजपा सरकार की प्राथमिकताओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। स्कूल खुलने से पहले राज्य के जर्जर स्कूल भवनों का सर्वे कराना चाहिये और तत्काल मरम्मत या वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिये। निरीक्षण के दौरान भोजराम यादव, अनूप चंदानिया, संतोष चंदानिया, ज्ञानदास बंजारे, राकेश साहू, सुधीर चंदेल सहित अन्य कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

सत्ता के संघर्ष में मोहरा बना था गरीब का आवास!

एक समय छत्तीसगढ़ की सत्ता में दो सूरज चमक रहे थे। दोनों को लगता था कि असली रोशनी उन्हीं से है। एक तरफ कुर्सी की चर्चा थी, दूसरी तरफ कुर्सी के वादे की। इधर राजनीतिक समर्थक गणित लगा रहे थे, उधर गरीब अपने टूटे हुए मकान की छत पर तिरपाल बांध रहा था। प्रधानमंत्री आवास योजना की फाइलें भी शायद सोचती होंगी कि हमारा फैसला पहले होगा या नेताओं के अहंकार का!

फिर एक दिन ऐसा आया कि आवास का मुद्दा सत्ता के गलियारों से निकलकर जनता के आंगन तक पहुंच गया। मंत्रीजी बोले कि सहयोग नहीं मिल रहा है, सरकार बोली सब ठीक है। लेकिन सबसे सच्चा जवाब तो उस गरीब के पास था, जिसका घर अभी तक नहीं बना था। उसे न राजनीतिक समीकरण समझ में आ रहे थे, न शक्ति संतुलन। उसे तो बस अपने परिवार के लिए एक पक्की छत चाहिए थी। आखिरकार जनता ने भी अपना फैसला सुना दिया। नेताओं की लड़ाई में जो काम अटक गए थे, उनका हिसाब वोटिंग मशीन ने कर दिया। राजनीति का पुराना नियम है, जब नेता एक-दूसरे को हराने में ज्यादा व्यस्त हो जाते हैं, तब जनता उन्हें ही हरा देती है। और शायद यही कारण है कि विकास का सबसे बड़ा दुश्मन विपक्ष नहीं, बल्कि सत्ता के भीतर का अहंकार होता है। जब समन्वय खत्म होता है तो आवास रुकते हैं, योजनाएं अटकती हैं और अंततः सरकारें भी चली जाती हैं।

देर लगी आने में तुमको, शुक्र है कि आए तो...

दैनिक नव प्रदेश पिछले एक पखवाड़े से लगातार किसानों के मुद्दे को प्रमुखता से उठा रहा है। खाद और बीज की किल्लत से जूझते किसानों की गुहार सरकार तक पहुंचा रहा है। इन खबरों का सरकार पर असर भी पड़ा है, लेकिन यह खुशी की बात है कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस कुंभकर्णीय नींद से जागी और किसानों की समस्याओं को लेकर मैदान-ए-जंग में उतरी। बेशक देर लगी आने में उनको शुक्र है कि आए तो। खाद बीज की कमी और धान उठाव जैसे मुद्दे को लेकर कांग्रेसियों ने राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में जोरदार प्रदर्शन किया। भीषण गर्मी में एसी कमरों से बाहर निकलकर कांग्रेस नेताओं ने किसानों की समस्या को लेकर जिस तरह पसीना बहाया है उसे देखकर लोगों को पहली बार इस बात का एहसास हुआ है कि टाइगर की तरह छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अभी जिंदा है। अब देखना होगा कि कांग्रेस पार्टी किसानों की आवाज बनने के लिए इस आंदोलन को और आगे बढ़ाती है या एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करके ही अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। सत्ताधारी दल और विपक्ष यह बात ध्यान रखें कि छत्तीसगढ़ का किसान सिर्फ धान बोना नहीं जानता, वक्त आने पर धनिया भी बो देता है।

अजगर करे ना चाकरी पंछी करे न काम

सुशासन तिहार निपटने के बाद सरकार अब आला अफसरों को इधर से उधर कर उन्हें निपटाने की कवायद कर रही है। पुलिस महकमें में भी तबादला सूची बनने की भनक लगते ही संबंधित अधिकारी गुणा भाग करने में लग गए हैं और मनमाफिक कुर्सी पाने के लिए जुगाड़ बिठाने में व्यस्त हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस मुख्यालय में तैनात कुछ वरिष्ठ अफसर जिनका रिटायरमेंट करीब है... वे मस्त हैं। वे अपनी जगह से टस से मस होना ही नहीं चाहते, क्योंकि इस उम्र में आराम बहुत बड़ी चीज है। भाड़ में गई मलाई... वे छाछ से ही काम चला लेंगे। ऐसे अफसर दास मलूका के शैदाई बन गए हैं, जिनका कहना है कि अजगर करे न चाकरी पंछी करे न काम, दास मलूका कह गए सबके दाता राम...।

एडवांस कमीशन का नवाचार

वो दिन लद गए जब राजनीति भी मिशन होती थी, अब तो कमीशन का गोरखधंधा बनकर रह गई है। अब तो जन सेवा के नाम पर नेता मेवा उड़ाते हैं। हर काम का कमीशन वसूलना उनका जन्मसिद्ध अधिकार बन गया है। गनीमत है कि सरकारी दफ्तरों में रिश्वत और कमीशन की रेट लिस्ट अभी तक नहीं टांगी गई है। यदि यह गंदा धंधा इसी तरह परवान चढ़ता रहा तो वह दिन दूर नहीं दिखता जब कमीशन दर सार्वजनिक कर दी जाए और जगह-जगह ऐसे पोस्टर व होर्डिंग नजर आएं, जिसमें लिखा रहेगा - हर काम गारंटी के साथ किया जाता है। मुंह मांगा कमीशन दो, मनचाहा काम पाओ। पहले आओ, पहले पाओ। नोट - हमारी और कोई शाखा नहीं है। इन दिनों छत्तीसगढ़ में कमीशनखोरी का खेल पूरे शबाब पर है। राम नाम की लूट है... लूट सके तो लूट की तर्ज पर कुछ नेता और नौकरशाह लूटमार मचाए हैं और दोनों हाथों से कमीशन बटोर कर मोटा माल कमा रहे हैं। अब तो आलम यह है कि एक माननीय नेताजी तो एडवांस कमीशन लेने के नये नवाचार का सूत्रपात कर चुके हैं। पैसा काम होने के बाद देना वाली परंपरा को तोड़कर वे पहले फिक्स कमीशन लेते हैं, उसके बाद ही ठेकेदार को काम दिया जाता है। यही नहीं बल्कि अपने चहेते ठेकेदारों का एक सिंडिकेट बनाकर निर्माण कार्यों के ठेके की बंदरबांट की जा रही है। अंधा बांटे रेवड़ी घूम-घूम कर अपने को देय वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए वे दो नंबरी नेता कमीशनखोरी के खेल में दस नंबरियों को भी मात दे रहे हैं ।

नौकरशाहों के सामने नेताओं की बोलती बंद क्यों

हाल ही में दुर्ग जिले की एक जनपद पंचायत के सीईओ ने मंत्री का दर्जा प्राप्त एक विधायक के सामने ही एक भाजपा नेता की मिट्टी पलीत करके रख दी और विधायक महोदय मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे थे। वे अधिकारी को एक शब्द नहीं बोल पाए थे। हालांकि बाद में उस सीईओ को निलंबित कर दिया। इस घटना की स्याही अभी ढंग से सूख भी नहीं पाई थी कि दुर्ग जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में भी ऐसा ही गजब तमाशा हो गया। साजा के भाजपा विधायक ईश्वर साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अफसरों की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगाते हुए अपनी भड़ास निकाली तो ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के एक कार्यपालन अभियंता भड़क गए और हत्थे से उखड़ते हुए यह कह दिया कि जनप्रतिनिधि चाहें तो उनका तबादला करा दें या उनके खिलाफ निलंबन की कार्यवाही करा दें। साहब बहादूर की यह बात सुनते ही जनप्रतिनिधियों को जैसे सांप सुंघ गया और वे अपना सा मुंह लेकर बैठे रहे। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि पद के मद में चूर जो अफसर विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों की परवाह नहीं करते और जो मुंह में आए बोल देते हैं वे आम जनता के साथ कैसा सलूक करते होंगे। हैरानी की बात तो यह है कि अफसरों की बद्तमीजी के बावजूद जनप्रतिनिधि चुप्पी क्यों साधे रहते हैं? कहीं ऐसा तो नहीं कि इन जनप्रतिनिधियों की किसी दुखती रग से संबंधित अफसर वाकिफ हैं। जिस पर हाथ रखकर ये नौकरशाह नेताओं की बोलती बंद करा देते हैं।

बिन बिजली सब सून कब आओगे मानसून

बिजली के मामले में सरप्लस राज्य कहलाने वाले छत्तीसगढ़ के लिए दिया तले अंधेरा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। भीषण गर्मी के कारण बिजली की बढ़ती मांग के अनुरूप आपूर्ति न हो पाने की वजह से और पुराने जर्जर ट्रांसफार्मरों के दम तोड़ने के कारण शहरों से लेकर गांव कस्बों तक बिन बिजली सब सून वाली स्थिति निर्मित हो गई है। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में आज दिन आधी रात के बाद तक और कभी-कभी पूरी रात तक बिजली गुल रहने से लोगों को रतजगा करना पड़ रहा है। जिससे न सिर्फ उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है, बल्कि उनकी सेहत पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। लोग पानी पी-पीकर बिजली विभाग को कोसने के अलावा कुछ कर नहीं पाते। अब तो शिकायत कर करके थक चुके लोग बेसब्री से मानसून की बाट जोह रहे हैं, ताकि उन्हें बिजली विभाग की अकर्मण्यता के कारण गर्मी के मौसम में जो भारी दिक्कत हो रही है, उससे उन्हें छुटकारा मिले। एक ओर तो बिजली की दर बढ़ा दी गई है और दूसरी ओर जरूरत के समय में बिजली की घोषित और अघोषित मनमानी कटौती की जा रही है। इससे लोग इस कदर आक्रोशित हो गए हैं कि यदि आज चुनाव हो जाएं तो बिजली की किल्लत से त्रस्त लोग सरकार को निपटा दें।

न हींग लगे न फिटकरी, रंग भी चोखा होय...

नगरीय निकायों के अफसरों पर ये कहावत फिट बैठती है - न हींग लगे न फिटकरी, रंग भी चोखा होय...। दरअसल, नगरीय निकायों के अफसरों को बिना हींग और फिटकरी लगाए ही चोखा रंग मिलने जा रहा है। दरअसल, प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में वास्तविक मकानों, दुकानों व अन्य व्यवसायिक संस्थानों की पुख्ता जानकारी ही नहीं है। सभी निकायों में सैकड़ों मकानों और हजारों व्यवसायिक संस्थानों का कोई रिकॉर्ड ही नहीं है। कई बार हाईटेक सर्वे, डोर टू डोर मैपिंग वगैरह के दावे करने के बाद मामला टांय-टांय फिस्स होता रहा। लेकिन अब नगरीय प्रशासन विभाग की बांछे खिल गई हैं। जनगणना के आधार पर मकानों के सूचीकरण के बाद नगरीय प्रशासन विभाग के अफसरों ने सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं को जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाकर टैक्स की गणना करने और टैक्स वसूली शुरू करने कहा है। जनगणना के आंकड़ों से आवासों, व्यवसाय की जानकारी सभी निकायों को मिलने से करीब 30 फीसदी तक टैक्स बढ़ने की संभावना है।

नेताजी इसलिए फंस गए ...

छत्तीसगढ़ में सत्ता पक्ष के विधायकों को पता नहीं कौन से नक्षत्र घेर रहे हैं कि बार-बार झपटमारी, ठगी के मामले हो रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले ही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक धरमलाल कौशिक से मार्निंग वाक के दौरान मोबाइल की झपटमारी की गई। अब राजधानी के विधायक पुरंदर मिश्रा से दस हजार ठग लिये। ठग ने उड़िया भाषी पुरंदर मिश्रा से उड़िया भाषा में बातचीत के दौरान कहा कि वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के पीए हैं। जंगल में गाड़ी फंसी होने की जानकारी देकर ठग ने डीजल भरवाने के लिए ऑनलाइन रकम भेजने कहा। विधायकजी ने रकम की व्यवस्था कर दी। ठग ने जब दोबारा रकम की डिमांड की तब शक होने पर मामला फूटा। कांग्रेसी सवाल उठा रहे हैं कि जागरूक और तेजतर्रार विधायक ठगी का शिकार हो सकते हैं तो आम आदमी का क्या हाल होगा ? नेताजी के समर्थक सफाई दे रहे हैं - ठग ने सीधे राष्ट्रीय अध्यक्ष के पीए होने का झांसा दिया ... इसलिए नेता जी फंस गए ...

आबकारी विभाग की संवेदनशीलता ...

सुशासन तिहार के दौरान कई जगहों पर ओवर रेट शराब बिकने और मनपसंद शराब न मिलने की शिकायतें मिल रही हैं। शिकायतों को लेकर आबकारी विभाग ने जबर्दस्त रिस्पॉस दिया है। विभाग की मंत्रालय में हुई बैठक में तमाम अफसरों को स्पष्ट निर्देश दे दिये गए हैं कि ओवर रेट शराब नहीं बिकनी चाहिये। शराब दुकानों में पीने वालों की पसंद का भी ध्यान रखा जाए और पसंदीदा ब्रांड की शराब उपलब्ध कराई जाए। आबकारी विभाग की संवेदनशीलता जिस तत्परता से पियक्कड़ों के लिये फैसले ले रहा है, उससे तय है कि बिक्री के मामले में एक दिन हमारा राज्य नंबर 1 जरूर बनेगा।

तेज बारिश से सोन्ढूर-बाघ नदी उफान पर रिसगांव क्षेत्र का मुख्यालय से संपर्क टूटा

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के नगरी वनांचल क्षेत्र में कई गाँव लगातार तेज बारिश ने एक बार फिर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों की समस्याओं को उजागर कर दिया है। शुक्रवार तड़के लगभग 4 बजे शुरू हुई मूसलाधार बारिश के बाद सोन्ढूर और बाघ नदी उफान पर आ गईं, जिससे उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के रिसगांव क्षेत्र सहित कई गांवों का संपर्क ब्लॉक मुख्यालय नगरी और जिला मुख्यालय धमतरी से पूरी तरह टूट गया।

ग्रामीणों के अनुसार सुबह तीन से चार घंटे तक लगातार हुई झमाझम बारिश के चलते दोनों नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। नदी में करीब चार फीट तक बाढ़ आने के कारण आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इससे ग्रामीणों को आवश्यक कार्यों, इलाज, बाजार तथा शासकीय कार्यालयों तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश का मौसम शुरू होते ही हर वर्ष यही स्थिति निर्मित हो जाती है। पुल के अभाव में बाढ़ के दौरान कई गांव पूरी तरह अलग-थलग पड़ जाते हैं। मजबूरी में ग्रामीणों को लंबा रास्ता तय करते हुए गरियाबंद जिले के देवभोग और झरियाबाहरा मार्ग से होकर आना-जाना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक व्यय दोनों बढ़ जाते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि वे वर्षों से सोन्ढूर और बाघ नदी पर पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं। पिछले दो वर्षों से सुशासन तिहार सहित विभिन्न प्रशासनिक शिविरों और जनसुनवाई कार्यक्रमों में लगातार आवेदन दिए जा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित विभागों द्वारा केवल आश्वासन दिए जाते हैं, जबकि समस्या का स्थायी समाधान आज तक नहीं निकल पाया है।

गौरतलब है कि दो दिन पूर्व अभ्यारण संघर्ष समिति के नेतृत्व में कई गांवों के ग्रामीण अपनी मूलभूत सुविधाओं और विकास संबंधी मांगों को लेकर सांकरा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में पहुंचे थे। इस दौरान वन विभाग के कुछ अधिकारियों के रवैये से नाराज ग्रामीणों ने कार्यक्रम का बहिष्कार कर बीच में ही वापस लौटने का निर्णय लिया था। ग्रामीणों ने संबंधित रेंजर को हटाने की मांग भी उठाई थी।

लगातार हो रही बारिश और उफनती नदियों ने एक बार फिर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की कमी तथा विकास कार्यों की धीमी गति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वर्षों से लंबित पुल निर्माण की मांग पूरी नहीं होने का खामियाजा हर वर्ष वनांचल क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान के लिए कब तक ठोस कदम उठाए जाते हैं।

दुष्कर्म की जांच में लापरवाही करने पर एसआई लाइन अटैच

■ एएसपी रश्मित कौर चावला करेंगी मामले की जांच, एसएसपी को सौंपेगी जांच रिपोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में दो मासूम बहनों के साथ दुष्कर्म के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय पुलिस पीड़ित और आरोपी के बीच समझौते की कोशिश कर रही थी। पीड़िता के परिजनों की गंभीर आरोप के बाद एसएसपी रजनेश सिंह ने सिरगिट्टी थाना के एसआई शीतला प्रसाद त्रिपाठी को लाइन अटैच कर दिया है। इसके साथ ही पीड़िता की मां की शिकायत की जांच के लिए जांच अधिकारी नियुक्त कर दिया है। पीड़िता के परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते कहा है, आरोपी के खिलाफ शिकायत करने के बजाय सिरगिट्टी थाने के अधिकार समझौता करे दबाव बना रहे हैं।

पीड़ित बच्चियों की मां ने केंद्रीय गृह मंत्री को शिकायत पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि मामले में पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की, महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाने में लापरवाही बरती और परिवार पर समझौते का दबाव बना रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने एसआई को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

ऑयल फैक्ट्री में लगी आग, एक झुलसा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के उरला औद्योगिक क्षेत्र स्थित पोरवाल ऑयल फैक्ट्री में शुक्रवार सुबह भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। फैक्ट्री में टायरों से डामर बनाने का कार्य किया जाता है, जिसके कारण आग तेजी से फैल गई।

सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। समय रहते कार्रवाई होने से एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार आग फैक्ट्री परिसर में रखे छोटे मलबे से शुरू हुई और देखते ही देखते आसपास के ज्वलनशील पदार्थों तक फैल गई। फैक्ट्री में टायरों के उपयोग के कारण आग ने कुछ समय के लिए विकराल रूप ले लिया था। हालांकि दमकल कर्मियों की तत्परता से आग को फैलने से रोक लिया गया। घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है। वहीं फैक्ट्री के भीतर मौजूद अन्य कर्मचारियों और मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस और संबंधित विभाग के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

भवन निर्माण के नाम पर 36 लाख की धोखाधड़ी

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा पुलिस ने मैग्नेटो मॉल स्थित यूके कॉन्सेप्ट डिजाइनर के प्रोपराइटर मोहित सोलंकी समेत दो लोगों के खिलाफभवन निर्माण के नाम पर 36.15 लाख की ठगी के आरोप में जुर्म दर्ज किया है। 2022 के इस मामले में पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच-कार्रवाई शुरू की है। बोरियाखुर्द (शाश्वत नगर) के निवासी विमल शर्मा ने रिपोर्ट लिखाई कि पुराना धमतरी रोड स्थित गणेश वाटिका में उनका एक भूखंड है। वर्ष 2022 में उन्होंने भवन निर्माण के लिए मैग्नेटो मॉल (ऑफिस नंबर 441) स्थित यूके कॉन्सेप्ट डिजाइनर के प्रोपराइटर मोहित सोलंकी और उनके पिता गुलाब सिंह सोलंकी से मुलाकात की थी। आरोपियों ने खुद को निर्माण क्षेत्र का अनुभवी बताते हुए समय पर मकान बनाकर देने का भरोसा दिलाया। झांसे में आकर 10 दिसंबर 2022 को एक अनुबंध (एग्रीमेंट) करके डिजाइन शुल्क के रूप में 51,000 रुपये और भवन निर्माण के लिए अलग-अलग किस्तों में कुल 36,14,964 रुपये का भुगतान मोहित सोलंकी को किया गया। पैसे लेने के बाद काम रोका, दी धमकी पुलिस के मुताबिक 13 जुलाई 2024 तक पूरी राशि लेने के बाद भी आरोपियों ने मकान का काम अधूरा छोड़ दिया।



NALANDA

ENGLISH MEDIUM HIGHER SECONDARY SCHOOL, KURUD, BHILAI

WE ARE HIRING

Applications are invited from eligible candidates for the following posts in Nalanda Eng. Med. Hr. Sec. School, Kurud, Bhilai

Candidates who studied in English Medium can only apply.

S. No.	Post	Subject	No. of Post	Qualification	Experience
1	PGT	MATHEMATICS	1	M.Sc. (Maths) B.Ed	Min. 3 years of exp. in a CBSE School
2	PGT	CHEMISTRY	1	M.Sc. (Chemistry) B.Ed	Min. 3 years of exp. in a CBSE School
3	TGT	MATHEMATICS	1	B.Sc. / M.Sc (Maths), B.Ed	Min. 2 yrs of exp. in a CBSE School
4	TGT	SOCIAL SCIENCE	1	B.A./M.A(So.), B.Ed	Min. 2 years of exp. in a CBSE School
6	PRT	MATHEMATICS EVS, SO. SCIENCE, ENGLISH	3	B.Sc. / M.Sc./B.A./ M.A. B.Ed	Min. 2 years of exp. in a CBSE School
7	MOTHER TEACHER (Primary)	ALL SUBJECTS	1	BA / B.Sc./B.Com. B.Ed	Min. 2 yrs of exp. in a CBSE School
8	PRT	PTI	1	B.P.ED. / M.P.Ed.	Min. 2 years of exp. in a CBSE School

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com